CMYK

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, शनिवार, 4 अक्टूबर 2025 । वर्ष – 35 । अंक– 155 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु





जयराम ने कर्नाटक सरकार की उपलब्धियां गिनाईं — पृष्ठ 3

अभिमत
■ बाढ़ की समस्या का मुकाबला कैसे करें? — पृष्ठ 4

■ बाहरी दबाव से नहीं झुकेंगे पीएम मोदी
■ अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों की जांच करे यूनुस सरकार : भारत — पृष्ठ 9

मीराबाई चानू ने में जीता रजत पदक — पृष्ठ 10

# नकली कफ सिरप बनीं काल

## मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा में 9 व राजस्थान में 2 बच्चों की ली जान

**नई दिल्ली**, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश और राजस्थान में हाल ही में हुई बच्चों की मौतों को एक कफ सिरप से जोड़ा

### 11 मौतों के बाद राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र ने जांच की तेज

गया है। मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में मरने वालों की संख्या बढ़कर नौ हो गई, जबकि राजस्थान में 2 बच्चों की मौत दर्ज की गई। कुल 11 मौतों के बाद सरकार की नोडल एजेंसी राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र ने जांच तेज कर दी है। छिंदवाड़ा के परासिया क्षेत्र में वायरल फीवर से ग्रस्त बच्चों की हालत बिगड़ने का सिलसिला जारी है। जिले में 3 और बच्चों की मौत हो गई, जिससे मृतकों की 9 पहुंच





गई। इससे पहले 6 मौतें हो चुकी थीं। परासिया एसडीएम शुभम यादव ने बताया कि देर रात तक की स्थिति में 9 मौतें दर्ज हुई हैं। हमने प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है। हमारे पास 1420 बच्चों की लिस्ट है, जो सर्दी, बुखार और जुकाम से प्रभावित रहे। हमने प्रोटोकॉल बनाया है कि यदि कोई बच्चा दो दिन से अधिक बीमार रहता है, तो उसे सिविल अस्पताल में 6 घंटे निगरानी में रखा जाता है। तबीयत बिगड़ने पर जिला अस्पताल रेफर किया जाता है। ठीक होने पर घर भेजा जाता है और आशा कार्यकर्ताओं से उनकी मॉनिटरिंग करवाई जाती ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### स्वास्थ्य मंत्रालय ने जारी की एडवाइजरी

डायरेक्टर जनरल हेल्थ सर्विस डॉक्टर सुनीता शर्मा ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एडवाइजरी जारी की। बच्चों में होने वाली ज्यादातर खांसी की समस्या अपने आप ठीक हो जाती है और इसके लिए दवा की जरूरत नहीं पड़ती। 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को खांसी या जुकाम की सिरप बिल्कुल न दें। पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में भी इन दवाओं का उपयोग आम तौर पर ना करें। पांच वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों में सिरप तभी दें जब डॉक्टर सलाह दे। सही मात्रा और कम से कम दिनों के लिए दवा दी जाए और एक साथ कई दवाओं का उपयोग न किया जाए। आम जनता को भी बताया जाए कि वे डॉक्टर की ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### तमिलनाडु फार्मा यूनिट जांच के दायरे में

दिल्ली और चेन्नई के कई ड्रग कंट्रोल अधिकारियों ने तमिलनाडु के संगुवरचाट्रम में एक फार्मास्यूटिकल फैक्ट्री के उत्पादन संयंत्र की जांच की। मध्य प्रदेश में कथित तौर पर नकली कफ सिरप पीने से कम से कम नौ बच्चों की मौत हो गई थी। जांच मध्य प्रदेश के राज्य खाद्य और औषधि नियंत्रक दिनेश कुमार मौर्य के अनुरोध पर शुरू की गई। उन्होंने तमिलनाडु राज्य ड्रग कंट्रोल विभाग से कहा कि वे कांचीपुरम स्थित श्रीसान फार्मास्यूटिकल फैक्ट्री का निरीक्षण करें और कार्रवाई करें।

# प्रदेश के 7 जिलों में खुलेंगे नए केंद्रीय विद्यालय

**रायपुर**, 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश के 7 नए जिलों में केन्द्रीय विद्यालय खोले जाएंगे. ।लोक शिक्षण संचालनालय ने इन जिलों के कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी से केन्द्रीय विद्यालय खोलने के संबंध में अभिमत सहित प्रस्ताव शीघ्र भेजने कहा है ।वहीं प्रदेश के स्कूलों को मॉडल स्कूल के रूप में बदलने की भी कवायद शिक्षा विभाग ने शुरू कर दी है। सर्वप्रथम केन्द्रीय विद्यालय 7 नए जिलों बालोद, बलौदाबाजार, बलरामपुर, गरियाबंद, गौरेला–पेंड्रा–मरवाही, सारंगढ़–बिलाईगढ़ तथा मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी में खोले जाएंगे। लोक शिक्षण संचालनालय ने इन जिलों के कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखकर केन्द्रीय विद्यालय खोने जाने के संबंध में समस्त नियमों–निर्देशों के अनुसार पूर्ण प्रस्तार तैयार कर शीघ्र संचालनालय को भेजने कहा है।

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने पिछले दिनों विभाग की समीक्षा बैठक लेकर शिक्षा व्यवस्था एवं गुणवत्ता में व्यापक सुधार के निर्देश दिए थे ।साथ ही विभिन्न योजनाओं पर काम करने के संबंध में भी अधिकारियों को निर्देशित किया था। इसी कड़ी में शिक्षा मंत्री ने जिलों में केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालय खोलने की बात कही थी। शिक्षा मंत्री के निर्देश और पहल के बाद शिक्षा विभाग ने केन्द्रीय विद्यालय खोलने की तैयारी शुरू कर दी है। प्रस्ताव के आधार पर राज्य शासन द्वारा केन्द्रीय मानव संसाधन मंत्रालय से समन्वय स्थापित कर संबंधित जिलों में केन्द्रीय विद्यालय खोलने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। केन्द्रीय विद्यालय के अलावा कुछ जिलों में नवोदय विद्यालय खोलने पर भी विचार किया जा रहा है ताकि प्रदेश के बच्चों को बेहतर स्कूल शिक्षा प्राप्त हो सके।

**मॉडल स्कूल भी बनाए जाएंगे**

शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न जिलों के स्कूलों को 'मॉडल स्कूल' बनाया जाएगा. इसके तहत हर साल 1 हजार से 1500 स्कूलों को 'मॉडल स्कूल' के रूप में विकसित किया जाएगा। इन स्कूलों में भवनों को दुरुस्त करने, शिक्षकों की पर्याप्त व्यवस्था के साथ ही अन्य सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी। इसके लिए शीघ्र ही लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा कार्ययोजना तैयार की जाएगी। इन स्कूलों का संचालन सेजेस की तरह सोसायटी द्वारा न होकर विभाग के ही अधीन होगा। इसी तरह पीएमश्री, सेजेस, इग्नाइट स्कूल के अलावा 72 मुख्यमंत्री डीएवी स्कूलों को भी मॉडल स्कूल के रूप में विकसित करने योजना तैयार होगी।

### और खुलेंगे तीन नए सरकारी मेडिकल कॉलेज

**177 करोड़ की मिली स्वीकृति**

राज्य में चिकित्सा सुविधाओं का लगातार विस्तार हो रहा है ।राज्य में तीन नए चिकित्सा महाविद्यालयों के निर्माण के लिए वित्त मंत्री ओपी चौधरी के निर्देश पर चिकित्सा शिक्षा विभाग को 1077 करोड़ रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गयी है

राज्य सरकार ने जांजगीर–चांपा, कबीरधाम और मनेन्द्रगढ़ में नए शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों की स्थापना के लिए बड़ी घोषणा की है ।चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार जांजगीर–चांपा मेडिकल कॉलेज के लिए 357.25 करोड़ रूपए, कबीरधाम मेडिकल कालेज के लिए 357.25 करोड़ रूपए और मनेंद्रगढ़ मेडिकल कालेज के लिए 362.57 करोड़ रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गयी है। यह स्वीकृति मेडिकल कॉलेजों के निर्माण एवं विकास कार्यों के लिए प्रदान की गई है। इससे राज्य में चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार होगा तथा आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

## सार संक्षेप

### मद्रास हाईकोर्ट ने विजय को लगाई फटकार

**मदुरै**। मद्रास हाईकोर्ट ने करूर भगदड़ के मामले में टीवीके नेताओं को जमकर फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा कि पार्टी के मुखिया विजय भगदड़ के बाद मौके से फरार हो गए और पार्टी ने इस पर दुख तक जाहिर नहीं किया। इससे उनकी मानसिकता का पता चलता है। मद्रास हाईकोर्ट के मदुरै पीठ ने घटना की जांच के लिए आईपीएस अधिकारी असरा गर्ग की अगुआई में एक एसआईटी के गठन का आदेश दिया और टीवीके नेता बुस्सी आनंद और सीटीआर निर्मल कुमार द्वारा दायर अग्रिम जमानत याचिकाओं पर आदेश सुरक्षित रखा।

### कनाडा के उच्चायुक्त ने मुर्मू को सौंपा परिचय पत्र

**नई दिल्ली**। भारत और कनाडा संबंधों में एक साल बाद अब धीरे-धीरे नरमी आ रही है। इसी बीच शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कनाडा के नए उच्चायुक्त क्रिस्टोफर कूटर से उनकी राजनयिक नियुक्ति की औपचारिक मान्यता स्वीकार की। यह नियुक्ति ऐसे समय हुई है जब भारत और कनाडा के रिश्तों में एक साल बाद धीरे-धीरे सुधार की कोशिशें शुरू हुई हैं। बता दें कि पिछले साल अक्टूबर में खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या से जुड़े आरोपों के बाद भारत ने अपने उच्चायुक्त और पांच अन्य राजनयिकों को कनाडा से वापस बुला लिया था और जवाब में कनाडा के भी कई राजनयिकों को भारत से निकाल दिया गया था।

### जल्द ही अपना राजनीतिक काम शुरु करेंगे खरगे

**नई दिल्ली**। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे अब स्वस्थ हो गए हैं और जल्द ही पार्टी की गतिविधियों के काम में लग जाएंगे। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार खरगे अब बिल्कुल स्वस्थ हैं और वह पहले की तरह पार्टी के काम में सक्रिय हो जाएंगे। डॉक्टरों ने उनको गुरुवार शाम को अस्पताल से छुट्टी दे दी थी। वह बेंगलुरु में मंगलवार से गुरुवार तक डॉक्टरों की देख-देख में रहे। पार्टी ने उनके स्वस्थ होने को लेकर यहां एक बयान में शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है।

### युवा-केंद्रित पहलों का लोकार्पण करेंगे मोदी

**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राजधानी दिल्ली में शनिवार को 62` करोड़ रुपए से अधिक की युवा विकास पहलों का लोकार्पण करेंगे, जिससे देश भर में युवाओं को शिक्षा, कौशल और उद्यमिता की दिशा में बढ़ावा मिल सकेगा।

# गृहमंत्री अमित शाह पहुंचे रायपुर, आज जाएंगे बस्तर

■ मिनट टू मिनट कार्यक्रम जारी
■ बस्तर मेले के मुरिया दरबार में होंगे शामिल

**रायपुर**, 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ दौरे पर रायपुर एयरपोर्ट पहुंच चुके हैं। उनके विमान से उतरते ही सीएम साय ने उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया अमित शाह विश्व प्रसिद्ध बस्तर मेले के मुरिया दरबार में शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ पहुंचे हैं। वे एयरपोर्ट से सीधे नया रायपुर स्थित मे–फेयर लेक रिजॉर्ट के लिए रवाना होंगे जहां वे रात्रि विश्राम करेंगे।



विमानतल पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, कृषि मंत्री राम विचार नेताम ,पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल, महापौर मीनल चौबे, सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, मुख्य सचिव विकास शील, अपर मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ, पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम, आईजी अमरेश मिश्रा, संभागायुक्त महादेव कावरे, कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने भी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# बिहार चुनाव पर ईसीआई का सख्त पहरा

## मुख्य चुनाव आयुक्त ने केंद्रीय पर्यवेक्षकों की बैठक में दिए निर्देश

**रायपुर**, 3 अक्टूबर (देशबन्धु)।

बिहार में कुछ ही महीनों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इसे लेकर राजनीतिक दलों ने अपनी–अपनी तैयारी तेज कर दी है। इस बीच भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने बिहार विधानसभा चुनाव और उपचुनावों के लिए तैनात किए जाने वाले केंद्रीय पर्यवेक्षकों को जानकारी दी। चुनाव आयोग ने शुक्रवार को बिहार विधानसभा के आगामी आम चुनाव और कुछ राज्यों के उपचुनावों के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षकों के रूप में तैनात किए जाने वाले सामान्य, पुलिस और व्यय पर्यवेक्षकों के लिए एक ब्रीफिंग का आयोजन किया। बैठक में 287 आईएएस अधिकारी, 58 आईपीएस अधिकारी और आईआरएस, आईआरएएस, आईसीएएस तथा अन्य सेवाओं के 80 अधिकारियों सहित 425 अधिकारियों ने भाग लिया। यह ब्रीफिंग बैठक आईआईआईडीईएम, नई दिल्ली में आयोजित की गई थी। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुकुमार ने चुनाव आयुक्तों डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी के साथ केंद्रीय पर्यवेक्षकों को जानकारी दी। ज्ञानेश कुमार ने पर्यवेक्षकों को संबोधित करते हुए उन्हें लोकतंत्र का प्रकाश स्तंभ बताया। मुख्य चुनाव आयुक्त ने बैठक में पर्यवेक्षकों को मतदान और मतगणना की प्रक्रिया पर सख्त नजर रखने व किसी भी अनियमितता की तुरंत सूचना देने के निर्देश दिए। इसके साथ ही, सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी करने और मीडिया कर्मियों के लिए निर्धारित मानक के अनुसार प्रवेश देने की व्यवस्था की गई है। आयोग की आंख और कान के रूप में केंद्रीय पर्यवेक्षकों को सभी चुनाव कानूनों, नियमों और दिशानिर्देशों से परिचित होने, प्रत्यक्ष क्षेत्रीय जानकारी प्रदान करने और उनका कड़ाई से एवं निष्पक्ष अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कहा गया। पर्यवेक्षकों को निर्देश दिया गया कि वे राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों और मतदाताओं की शिकायतों के निवारण के लिए उनके लिए पूरी तरह से उपलब्ध रहें। पर्यवेक्षकों को मतदान केंद्रों का दौरा करने और मतदाताओं की सुविधा के लिए आयोग द्वारा हाल ही में की गई पहलों के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए।

### सीईसी दौरे के बाद चुनाव तारीखों का ऐलान

बैठक के बाद अब अगले दो दिन यानी 4 और 5 अक्टूबर को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में चुनाव आयोग की टीम बिहार दौरे पर जाएगी और वहां पर जाकर चुनावी प्रक्रिया की अंतिम दौर की तैयारी का जायजा लेगी। उम्मीद की जा रही है कि इसके बाद चुनाव की तारीखों का ऐलान किया जाएगा।

# तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराई

## राजिम के व्यवसायी और उसकी पत्नी की मौत

**राजिम**, 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। कवर्धा जिले में शुक्रवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। जिसमें राजिम के व्यवसायी और उसकी पत्नी की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि मऊ (मध्यप्रदेश) से राजिम जा रही एक कार अनियंत्रित होकर पुल के सुरक्षा घेरे से टकरा गई। इस दर्दनाक हादसे में पति–पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं कार में सवार अन्य तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना सुबह करीब 6 बजे पंडरिया थाना क्षेत्र के रहमान कांपा के पास हुई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार तेज रफ्तार में थी और चालक नियंत्रण खो बैठा। तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होते ही पुल के सुरक्षा घेरे से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सवार दो राजिम के व्यवसायी एवं शशि कंस्ट्रक्शन एंड इलेक्ट्रिकल्स के संचालक लोकनाथ साहू और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी साहू की मौत हो गई । बताया जा रहा है इस हादसे में तीन अन्य घायल भी हुए है। आसपास के ग्रामीणों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी और घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की।



सूचना मिलते ही पंडरिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं तीनों घायलों को गंभीर हालत में नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि कार मऊ (मध्यप्रदेश) से राजिम की ओर आ रही थी। फिलहाल पुलिस घटना की जांच कर रही है। सड़क दुर्घटना में लोकनाथ साहू और उनकी धर्मपत्नी लक्ष्मी साहू की मौत की खबर मिलते ही राजिम क्षेत्र में क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। स्थानीय नगरवासियों, जनप्रतिनिधियों एवं शुभचिंतकों में गहरा शोक व्याप्त हो गया। मृतकों का अंतिम संस्कार 3 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# चैतन्यानंद को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

■ बाबा की तीन महिला सहयोगी भी गिरफ्तार

**नई दिल्ली**, 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। छात्राओं के यौन शोषण का आरोपी स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थ सारथी को पटियाला हाउस कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है। चैतन्यानंद की पांच दिन की पुलिस हिरासत आज खत्म हो गई थी। जिसके बाद दिल्ली पुलिस उसे पटियाला हाउस कोर्ट लेकर पहुंची थी। वहीं, कोर्ट ने चैतन्यानंद ने 3 आवेदनों पर पुलिस से जवाब मांगा है। इसमें उसकी चीजों की सूची, केस की जानकारी, संन्यासी के खाने–पीने, कपड़े, दवाइयां और किताबें देने की बात शामिल है। इधर, दिल्ली पुलिस ने चैतन्यानंद की तीन करीबी महिला सहयोगियों को गिरफ्तार किया है।

**ऑपरेशन सिंदूर को लेकर वायुसेना प्रमुख का खुलासा**

# पाक के पांच फाइटर जेट किए तबाह

■ पाकिस्तान खुद युद्धविराम के लिए आया आगे

**नई दिल्ली**, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने शुक्रवार को ऑपरेशन सिंदूर को हाल के वर्षों की सबसे महत्वपूर्ण सैन्य कार्रवाई बताते हुए कहा कि इस ऑपरेशन ने भारत की मजबूत वायु रक्षा क्षमताओं और संयुक्त सेवा योजना को प्रदर्शित किया। वायुसेना प्रमुख ने दावा किया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने पाकिस्तान के पांच एफ–16 और जेफ–17 लड़ाकू विमानों को मार गिराया था। भारतीय सेना ने पाकिस्तान में 300 किमी अंदर घुसकर हमला किया। पहलगाम अटैक के बाद हमने तय किया ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤



"भारतीय सेना ने पाकिस्तान में 300 किमी अंदर घुसकर हमला किया : अमर प्रीत सिंह

### भारत अब संयम नहीं रखेगा : उपेंद्र द्विवेदी

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तान को आतंकवाद पर बहुत ही सख्त चेतावनी देते हुए कहा है कि इस बार भारत ऑपरेशन सिंदूर 1.0 की तरह संयम नहीं बरतेगा और पाकिस्तान तय कर ले कि उसे भूगोल में रहना है या नहीं रहना। उन्होंने भारतीय सेना को हर तरह से तैयार रहने को भी कह दिया है।

# जशपुर में 11 से 13 तक होगा राज्यस्तरीय ओपन चेस टूर्नामेंट

**रायपुर**, 3 अक्टूबर (देशबन्धु) ।जशपुर जिले में छत्तीसगढ़ स्टेट लेवल ओपन चेस टूर्नामेंट का आयोजन 11 से 13 अक्टूबर तक कराया जा रहा है। भारत में शतरंज का इतिहास अत्यंत गौरवशाली रहा है। यह खेल हमारी प्राचीन संस्कृति और ज्ञान की गहराई को दर्शाता है। शतरंज की शुरुआत भारत में ही चतुरंग नाम के खेल से हुई थी। कालांतर में यह पूरे विश्व में फैला। आधुनिक रूप में आने के बाद आज विश्वभर में इसे चेस के नाम से जाना जाता है। भारत के खिलाड़ियों ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का गौरव बढ़ाया हैं। विश्वनाथन आनंद ने पहली बार भारत को विश्व चौंपियन बनाकर शतरंज की दुनिया में एक नई पहचान दिलाई और वे पांच बार वर्ल्ड चौंपियन बने। उनके बाद कोनेरू हंपी, हरिका द्रोणावल्ली, अर्जुन एरिगैसी, आर. प्राज्ञनानंदा, डी. गुकेश जैसे युवा खिलाड़ी भारत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा रहे हैं।

यह टूर्नामेंट छत्तीसगढ़ राज्य शतरंज संघ के मार्गदर्शन और गाईडलाइन का पालन करते हुए कराया जा रहा है। जशपुर में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। जिला प्रशासन द्वारा सभी जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों को ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

**रिपोर्ट**

## एनसीआरबी का खुलासा-शादी के लिए अगवा की गईं 17 हजार लड़कियां

# देश में बाल-विवाह के मामले 6 गुना बढ़े

**नई दिल्ली, 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। बाल विवाह के दर्ज मामलों की संख्या 2023 में पिछले वर्ष की तुलना में छह गुना बढ़ी है। इसमें अकेले असम में कुल मामलों का लगभग 90 प्रतिशत दर्ज किया गया है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के हालिया आंकड़ों में यह जानकारी सामने आई है। इसके मुताबिक, साल 2023 में 16,737 लड़कियों और 129 लड़कों को जबरन शादी के लिए अगवा किया गया।**

*रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि 2023 में इस अधिनियम के तहत 6,038 मामले दर्ज किए गए, जो कि 2022 में 1,002 मामलों और 2021 में 1,050 मामलों की तुलना में काफी अधिक हैं। बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 में बना था जो 18 वर्ष से कम आयु की लड़कियों और 21 वर्ष से कम आयु के लड़कों के विवाह पर प्रतिबंध लगाता है तथा ऐसे विवाहों का आयोजन, संचालन या उसे सुगम बनाने वालों को अपराधी की श्रेणी में डालता है। भारत के नेतृत्व में दक्षिण एशिया ने बाल विवाह को कम करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है, पिछले दशक में इसमें 20 प्रतिशित की कमी आई है, लेकिन इस क्षेत्र में अभी भी बाल वधुओं की संख्या सबसे अधिक है। यह आंशिक रूप से भारत की विशाल जनसंख्या के कारण है, लेकिन साथ ही तेज आर्थिक विकास के बावजूद भारत में लगभग 5 में से 1 व्यक्ति अभी भी गरीबी में रहता है। लड़कियों के वयस्क जीवन के विकल्प अभी भी भेदभाव से प्रभावित होते हैं, जिसका अर्थ है शिक्षा और अन्य अवसरों तक असमान पहुंच, शादी करने और बच्चे पैदा करने का तीव्र सामाजिक दबाव, और ऐसे मानदंड और कानून जो किशोरों के बीच सहमति से यौन संबंधों को रोकते और अपराध मानते हैं। पिछले दशक में, बचपन में लड़कियों की शादी होने की संभावना लगभग आधी घटकर 46 प्रतिशत* ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### असम में सबसे ज्यादा मामले

*असम ने 5,267 मामले दर्ज किए, इसके चलते यह राज्य सबसे अधिक मामलों वाला राज्य बना। इस सूची में अन्य अधिक संख्या वाले राज्यों में तमिलनाडु (174), कर्नाटक (145) और पश्चिम बंगाल (118) शामिल हैं। कई राज्य और केंद्रीय राज्य जैसे छत्तीसगढ़, नगालैंड, लद्दाख और लक्षद्वीप में इस दौरान कोई मामला दर्ज नहीं किया गया।*

# मरवाही में मैंखल की उड़ान से फड़फड़ाए रंग-बिरंगे पंख

## तितलियों की 180 प्रजातियों तक पहुँचने की उम्मीद, तितली महोत्सव से मिलेगी जिले को नई पहचान, जनप्रतिनिधियों ने भी सराहा






**गौरेला-पेंड्रा- मरवाही** 03 सितम्बर (देशबन्धु)। मरवाही वन मंडल क्षेत्र में तितलियों की विभिन्न प्रजातियों को लेकर तीन दिवसीय शोध कार्यक्रम "मैंखल की उड़ान" का शुभारंभ कार्यक्रम का आयोजन पेंड्रा हाई स्कूल स्थित मल्टीपरपस असेंबली हॉल में किया गया। यह पहला अवसर है जब किसी वनमंडल स्तर पर तितलियों को लेकर महोत्सव एवं शोध कार्यक्रम का आयोजन हुआ है। देशभर से आए शोधार्थियों के चार दल जिले के विभिन्न हिस्सों में भ्रमण कर तितलियों की प्रजातियों और उनके संरक्षण का अध्ययन करेंगे।

जैव विविधता और विभिन्न जीव जंतु के नाम से जाना जाने वाला मरवाही वन मंडल में वर्तमान में मैंखल क्षेत्र में 145 प्रकार की तितलियों की मौजूदगी दर्ज की गई है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि इस शोध के बाद यह संख्या बढ़कर 180 प्रजातियों तक पहुँच सकती है। इतनी बड़ी संख्या में तितलियों का पाया जाना इस क्षेत्र के समृद्ध पर्यावरण और जलवायु संतुलन का स्पष्ट संकेत माना जा रहा है।

**दिल्ली के तितली संरक्षण शोध संस्थान के प्रमुख डॉ. सेन गुप्ता ने कहा-**

हमारा जिला गौरेला-पेंड्रा- मरवाही अमरकंटक बायोस्फियर रिज़र्व के बीच आता है और यह क्षेत्र अचानकमार, बांधवगढ़ और गुरु घासीदास टाइगर रिज़र्व के बीच का कॉरिडोर भी है। ऐसे इलाकों की जैव विविधता अद्वितीय होती है। तितलियाँ यहां इंडिकेटर की भूमिका निभाती हैं यानी यह बताती हैं कि किसी क्षेत्र का पर्यावरण और संवेदनशीलता कितनी बेहतर है। यह प्रकृति की नब्ज पर हाथ रखने जैसा है। यहां पाई जाने वाली प्रजातियाँ हमें यह समझने में मदद करती हैं कि हमारा जिला बाकी जिलों से पर्यावरण के मामले में किस प्रकार आगे है।

**पर्यावरणविद संजय प्यासी ने कहा-**

तितलियाँ केवल सुंदरता की प्रतीक नहीं, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन की जीवंत पहचान हैं। ऐसे शोध कार्यक्रम न केवल जागरूकता फैलाते हैं बल्कि स्थानीय जैव विविधता को सुरक्षित रखने की ठोस नींव रखते हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, मरवाही विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची ने कहा- यह जानकर प्रसन्नता हुई कि तितलियों का इस क्षेत्र में पाया जाना यहां की शुद्ध जलवायु और स्वस्थ्य वातावरण का प्रतीक है। निश्चित ही वन मंडल अधिकारी का यह प्रयास सार्थक रहेगा, जिससे जिले की पहचान जलवायु की दृष्टि से और अधिक प्रखर होगी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही जिला पंचायत अध्यक्ष सुश्री समीरा पैकरा ने कहा-हमारा जिला प्रारंभ से ही जैव विविधता से समृद्ध रहा है। यहां अनेक प्रकार की जड़ी-बूटियाँ और जीव-जंतु पाए जाते हैं। तितलियों को लेकर किया गया यह शोध निश्चित रूप से जिले के लिए एक नई पहल है। वन मंडल का यह प्रयास सराहनीय है कि वह इस दिशा में काम कर रहा है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजा उपेंद्र बहादुर सिंह ने कहा –बचपन से हम लोगों को तितलियों को लेकर अलग-अलग भ्रांतियां रही हैं और हम इन्हें सामान्य कीट-पतंगे ही समझते थे। लेकिन तितलियों की प्रजाति और उनकी संख्या को लेकर जो आंकड़े सामने आए हैं, वे चौंकाने वाले हैं। इसी तरह जिले के अन्य कई तथ्य हैं जो इसे ऐतिहासिक और विशिष्ट बनाते हैं।

नगर पालिका अध्यक्ष पेंड्रा, राकेश जालान ने कहा- हर क्षेत्र की अपनी विशेषता होती है। मरवाही वन मंडल सहित यह जिला कई संभावनाओं से भरा है। यदि अधिकारी और जनप्रतिनिधि अपने-अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करें और भ्रष्टाचार से दूर रहकर सरकारी बजट का सही उपयोग करें तो निश्चित ही जिले की विकास गति और तेज होगी।

**नगर पालिका अध्यक्ष गौरेला, मुकेश दुबे ने कहा**

जिले में जितने भी अधिकारी दूर-दराज़ से सेवा देने आए हैं, वे यहां के वातावरण से प्रभावित होकर यहां के हो गए हैं। यह क्षेत्र अपने प्राकृतिक आकर्षण से सबको बांध लेता है।

तितलियों के शोध कार्यक्रम को लेकर वन मंडल को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। तीन दिन तक चलने वाले इस अध्ययन से जिले की जैव विविधता को लेकर नई जानकारियाँ सामने आने की उम्मीद है।

रंग-बिरंगी तितलियों से सराबोर यह क्षेत्र न केवल शोधार्थियों बल्कि प्रकृति प्रेमियों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बन गया है। कार्यक्रम में बेंगलुरु हैदराबाद रायपुर बिलासपुर धमतरी भिलाई से शोधार्थी शामिल होने आए हैं जो जिले के चार अलग-अलग क्षेत्र में इस शोध कार्यक्रम को संपादित करेंगे। इसके अलावा कार्यक्रम में वन विभाग जिले के जनप्रतिनिधि गणमान नागरिक सहित पत्रकार मीडिया कर्मी उपस्थित रहे।

# दशहरे पर मुंगेली पुलिस ने की शस्त्र पूजा, जनता की सुरक्षा का लिया संकल्प



**मुंगेली**, 03 सितम्बर (देशबन्धु)। विजयादशमी पर्व के अवसर पर पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के नेतृत्व में रक्षित केंद्र मुंगेली में पारंपरिक शस्त्र पूजा का आयोजन किया गया। दशहरे पर पुलिस विभाग प्रतिवर्ष शस्त्रों एवं उपकरणों की पूजा कर सुरक्षा, शक्ति और विजय की कामना करता है। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक ने शस्त्र पूजा कर जनता की सुरक्षा का संकल्प दोहराया और कहा कि दशहरा असत्य पर सत्य तथा बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है। उन्होंने जिलेवासियों को विजयादशमी की शुभकामनाएं देते हुए शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में पर्व मनाने की अपील की। पारंपरिक विधि-विधान से पुलिस के हथियारों, उपकरणों और वाहनों की पूजा की गई। परंपरा अनुसार रक्षिया कद्दू काटने और हवाई फायरिंग की रस्म भी निभाई गई। इसके बाद वाहनों की पूजा कर उन्हें सेवा व सुरक्षा के लिए समर्पित किया गया। जिले के सभी थानों में भी इसी तरह शस्त्र पूजा संपन्न हुई। इस अवसर पर अति. पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर छाबड़ा, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी मुंगेली मयंक तिवारी, पथरिया अनुविभागीय अधिकारी नवनीत पाटिल, उप पुलिस अधीक्षक एस.आर. घृतलहरे, यातायात एवं नक्सल उप पुलिस अधीक्षक संजय साहू, रक्षित निरीक्षक नरगिस खिरस्त तिग्गा बघेल सहित जिले के थाना प्रभारी व अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# गांधी-शास्त्री जयंती पर कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि, गूँजे अमर रहें के नारे



**मुंगेली** 03 सितम्बर (देशबन्धु)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर नगर के पुराने बस स्टैंड स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर कांग्रेसजनों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान "महात्मा गांधी अमर रहें" और "लाल बहादुर शास्त्री अमर रहें" के नारे गूंज उठे। कार्यक्रम में कांग्रेसी नेताओं ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर देश को स्वतंत्रता दिलाई, वहीं लाल बहादुर शास्त्री ने 'जय जवान, जय किसान' के नारे से राष्ट्र को नई दिशा दी। दोनों महान विभूतियों के विचार आज भी समाज को जोड़ने और राष्ट्र निर्माण का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला, पूर्व अध्यक्ष कृषि उपज मंडी मुंगेली आत्मा सिंह क्षत्रिय, संजीत बनर्जी, स्वतंत्र मिश्रा, दिलीप बंजारा, अरविंद वैष्णव, साधु ठाकुर, संजय जायसवाल, अभिलाष सिंह, संजय चंदेल, श्रवण सोनकर, कुलदीप पाटले, राम तालरेजा सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि गांधी और शास्त्री जी के आदर्शों को अपनाकर वे सच्चे भारत के निर्माण में योगदान देंगे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**नकली कफ सिरप...**

है। 24 अगस्त को सामने आया था पहला मामला- पहला संदिग्ध मामला 24 अगस्त को सामने आया था। पहली मौत 7 सितम्बर को हुई थी। मध्य प्रदेश और राजस्थान में नकली कफ सिरप पीने से बच्चों की मौत के मामला सामने आया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, मामले की जांच जारी है। इस जांच की जिम्मेदारी राज्य औषधि प्राधिकरण को दी गई ह। एनसीडीसी की शुरुआती रिपोर्ट में बताया गया है कि जांच किए गए लगभग 500 लोगों की रक्त जांच में कोई संक्रामक रोग नहीं मिला है। जांच की प्रक्रिया अभी जारी है, और जो भी शुरुआती रिपोर्ट मिल रही हैं, उन्हें राज्य सरकार और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ साझा किया जा रहा है। मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के पीडियाट्रिक्स के एसोसिएट प्रोफेसर और प्रमुख डॉ. पवन नंदुरकर ने कहा कि बच्चों की किडनी की समस्याएं और मौतें कफ सिरप कोल्ड्रिफ के सेवन से जुड़ी हो सकती हैं। समस्याएं कुछ और भी हो सकती हैं, जो जांच के बाद पता चलेगा। डॉक्टर नंदुरकर ने कहा कि हाल ही में रिपोर्ट में बताया गया था कि हमारे सात बच्चों की मौत हुई है। अब संख्या नौ लग रही है। मौतें और किडनी की चोट कफ सिरप कोल्ड्रिफ से जुड़ी है, जिस पर सभी आरोप लगा रहे हैं। जांच अभी जारी है. संभव है कि किडनी की चोट किसी और चीज़ से हुई हो। उन्होंने आगे कहा कि कफ सिरप का सैंपल परीक्षण के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट अभी लंबित है। मौतों का कारण बनने वाले संदिग्ध सिरप के सैंपल भी इकट्ठा कर परीक्षण के लिए भेजे गए हैं। पूरी जिम्मेदारी रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगी। इससे पहले दिन में, कई बच्चों की मौतों से जुड़े कफ सिरप के सैंपल शुक्रवार को जबलपुर की एक फार्मास्यूटिकल यूनिट से लिए गए। उन्हें लैब परीक्षण के लिए भेजा गया। प्रभावित बच्चों के परिवारों के अनुसार, शुरू में बच्चों को सर्दी, खांसी और बुखार हुआ. इसके बाद उनकी किडनी प्रभावित हुई। उनकी स्थिति बिगड़ गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नरेश गुन्नाडे ने कहा कि किडनी फेल होने के कारणों की जांच के लिए केंद्र और राज्य के अधिकारी बुलाए गए हैं। उन्होंने सैंपल इकटठा किया। जांच के लिए भेजा गया। रिपोर्ट अभी आनी बाकी है।

**स्वास्थ्य मंत्रालय ने जारी की ...**

सलाह के बिना बच्चों को कोई सिरप न दें। डॉक्टर सिरप देने की बजाय सबसे पहले बिना दवा के राहत के उपाय के बारे में बच्चों को बताए। बच्चों को पर्याप्त पानी और तरल पदार्थ, आराम करने की सलाह और घरेलू और सहयोगी उपायों जैसे भाप लेना, गुनगुना पानी पीने की सलाह दें। डीजीएचएस ने स्वास्थ्य संस्थानों को निर्देश दिया की सभी सरकारी और निजी स्वास्थ्य संस्थान यह सुनिश्चित करें कि अच्छी गुणवत्ता वाली कंपनियों से ही दवाएं खरीदी जाएं। दवाओं में केवल फार्मास्यूटिकल ग्रेड सामग्री का उपयोग हो। डॉक्टरों और फार्मासिस्टों को सही परामर्श और दवा देने के नियमों के प्रति जागरूक किया जाए। इन निर्देशों को केंद्र से लेकर जिले स्तर के अस्पताल, स्वास्थ्य केंद्र और मेडिकल कॉलेज में पालन किया जाए।

**गृहमंत्री अमित शाह पहुंचे...**

का स्वागत किया। केंद्रीय गृहमंत्री शाह कल 4 अक्टूबर को सुबह 11 बजे होटल से रवाना होकर विशेष विमान से जगदलपुर जाएंगे। जगदलपुर स्थित मॉ दंतेश्वरी मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे, फिर मुरिया दरबार कार्यक्रम में शामिल होंगे। यह कार्यक्रम सिरहासार भवन सिविल लाईन में आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम के बाद केंद्रीय गृहमंत्री शाह लालबाग पहुंचेंगे, जहां एक मंचीय कार्यक्रम में शामिल होंगे दोपहर भोजन के बाद करीब 3 बजे दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

**तेज रफ्तार कार डिवाइडर...**

उनके पैतृक ग्राम बम्हनी (लाफिन), जिला महासमुंद में किया जाएगा। राजिम विधायक रोहित साहू ने किया शोक व्यक्त, कहा मेरे घनिष्ठ सहयोगी एवं कठिन समय के साथी रहे। राजिम विधायक रोहित साहू ने शोक व्यक्त करते हुए कहा, ''लोकनाथ साहू वर्षों से मेरे घनिष्ठ सहयोगी एवं कठिन समय के साथी रहे हैं। दोनों का निधन मेरे निजी जीवन के लिए एक अपूरणीय क्षति है। ईश्वर दोनों दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें एवं उनके परिजनों को दु:ख सहने की शक्ति प्रदान करें।'' सामाजिक संगठनों, व्यापारिक समुदायों एवं विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने भी दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु प्रार्थना करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है।

**पाक के पांच फाइटर जेट...**

कि उन्हें इसकी कीमत चुकानी ही होगी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की तरफ से भारत के जेट गिराने के दावे सिर्फ मनोहर कहानियां जैसे हैं। अगर उनके पास कोई सबूत हैं तो दिखाएं। उन्होंने आगे कहा कि सेना को खुली छूट दी गई थी। वायुसेना प्रमुख ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर तीनों सेनाओं के तालमेल का प्रतिबिंब था। इसके साथ ही वायुसेना प्रमुख ने बताया कि तीनों सेनाओं ने सुदर्शन चक्र वायु रक्षा प्रणाली पर काम करना शुरू कर दिया है। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने कहा कि सेना को खुली छूट दी गई थी। हमने सटीकता से हमला किया। बाद में पाकिस्तान खुद युद्धविराम के लिए आगे आया। यह दूसरी बार है, जब एयरफोर्स चीफ ने पाकिस्तान के हुए नुकसान की जानकारी दी। इससे पहले 9 अगस्त को उन्होंने बताया था कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के 5 लड़ाकू विमान गिराए गए थे। इसके अलावा एक सर्विलांस एयरक्राफ्ट को लगभग 300 किलोमीटर की दूरी से मार गिराया। यह सतह से हवा में टारगेट हिटिंग का अभी तक का रिकॉर्ड है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान को हुए नुकसान को लेकर एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा कि जहां तक पाकिस्तान के नुकसान का सवाल है...हमने बड़ी संख्या में उनके हवाई अड्डों और प्रतिष्ठानों पर हमले किए। इन हमलों के कारण पाकिस्तान के कम से कम चार जगहों पर रडार, दो जगहों पर कमांड और कंट्रोल सेंटर, दो जगहों पर रनवे क्षतिग्रस्त हुए। इसके अलावा तीन अलग-अलग स्टेशनों में उनके तीन हैंगर क्षतिग्रस्त हुए। भारत की ओर से किए गए इन हमलों में पाकिस्तान के कम से कम 4 से 5 लड़ाकू विमान, संभवत: एफ-16 तबाह हुए हैं। इसके साथ ही एक एसएएम प्रणाली को भी नष्ट किया गया। वायुसेना प्रमुख ने कहा कि हमारी मजबूत हवाई रक्षा प्रणाली ने स्थिति को पूरी तरह पलट दिया। यह पूछे जाने पर कि क्या वायुसेना और अधिक एस-400 एयर डिफेंस मिसाइलें खरीदने पर विचार कर रही है। इसका वायुसेना प्रमुख ने कोई सीधा जवाब नहीं दिया, लेकिन कहा कि यह प्रणाली अच्छी साबित हुई है। वायुसेना प्रमुख ने कहा कि हम उनके क्षेत्र में अंदर तक देख सकते थे। यह इतिहास में दर्ज होगा कि हमने पाकिस्तान में सैंकड़ों किलोमीटर भीतर तक मार की और हमारी कार्रवाई के बाद उनकी गतिविधियों पर गंभीर रूप से रोक लगी है।

**जशपुर में 11 से 13 तक ...**

जशपुर में आयोजित होने जा रहे इस टूर्नामेंट में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने और जशपुर की प्राकृतिक वादियों का आनंद लेने के लिए आमंत्रित किया है। पुरस्कार के रूप में विभिन्न श्रेणियों में कुल दो लाख इक्यावन हजार रुपए की नकद राशि और ट्रॉफी, 38 विजेता प्रतिभागियों को प्रदान की जाएगी, साथ ही उन्हें सर्टिफिकेट भी दिए जाएंगे। जिला प्रशासन के द्वारा सर्वप्रथम पंजीयन करने वाले 50 पुरुष और 30 महिला खिलाड़ियों को डॉरमेट्री आधारित नि:शुल्क आवास उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही खिलाड़ियों को रियायती दरों पर लॉज, होटल तथा टूर्नामेंट स्थल पर रियायती दर पर भोजन उपलब्ध कराया जाएगा।

**देश में बाल-विवाह के...**

से 26 प्रतिशत हो गई है। यह प्रगति काफी हद तक भारत के कारण है, लेकिन बांग्लादेश, मालदीव और पाकिस्तान जैसे अन्य देशों में भी बाल विवाह में उल्लेखनीय गिरावट देखी गई है। अन्य सभी क्षेत्रों में तथा विश्व स्तर पर 1997 से 2022 के बीच सबसे गरीब परिवारों की लड़कियों के लिए प्रचलन बढ़ा है या स्थिर हो गया है। यदि विश्व स्तर पर प्रगति उतनी ही तेज होती जितनी कि दक्षिण एशिया के सबसे अमीर पंचमांश में हुई है, तो आज केवल 9 प्रतिशत लड़कियां ही बाल वधु होतीं, जबकि वर्तमान में यह 19 प्रतिशत है।

# भारी बारिश के बीच हुआ रावण दहन



**मुंगेली** 03 सितम्बर (देशबन्धु)। शहर का बहुप्रतीक्षित पर्व दशहरा इस बार भी उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। श्री राम दशहरा उत्सव समिति दाऊपारा द्वारा आयोजित रावण दहन कार्यक्रम ने एक बार फिर साबित कर दिया कि मात्र आठ सदस्यों की टीम भी शहर में यादगार आयोजन कर सकती है। इस वर्ष समिति ने अपने 9 वर्ष पूरे किए। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि शाम को हुई तेज बारिश के बावजूद आयोजकों ने रावण को बचाने के पुख्ता इंतजाम किए थे। जैसे ही भगवान श्रीराम ने रावण पर बाण छोड़ा, हजारों की भीड़ ने तालियों और जयघोष से मैदान को गूंजा दिया। रावण दहन के साथ-साथ हुई लाजवाब आतिशबाजी ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समिति के सदस्यों राजेश छैदईया, प्रीतेश अज्जू आर्य, अभिलाष सिंह, रोमी अग्रवाल, बंशी भटवानी, राहुल रूपवानी, वैभव ताम्रकार और यश ठाकुर ने लगातार मेहनत कर इस आयोजन को सफल बनाया।कार्यक्रम में बतौर अतिथि शामिल हुए नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं प्रेस क्लब अध्यक्ष अनिल सोनी, पूर्व अध्यक्ष कृषि उपज मंडी आत्मा सिंह क्षत्रिय, नगर पालिका उपाध्यक्ष जय प्रकाश मिश्रा, पूर्व पार्षद लक्ष्मी छैदईया, मनोहर रूपवानी, प्रेस क्लब सचिव योगेश शर्मा, पार्षद जित्तू दावड़ा, नारद देवांगन, विजय बंजारा, श्रवण सोनकर, दिलीप सोनी और रमेश कुलमित्र। इसके अलावा एसडीओपी मयंक तिवारी और नगर पालिका परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी होरी सिंह भी उपस्थित रहे।विशेष रूप से पार्षद दिलीप सोनी और रमेश कुलमित्र द्वारा सजे हुए रथ में राम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान की झांकी लाई गई। समिति के सदस्यों ने आरती कर विधिवत पूजा अर्चना की और उसके बाद रावण दहन संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंत में जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मीकांत भास्कर ने सभी अतिथियों, प्रशासन और जनता का आभार व्यक्त किया। यह रावण दहन अब सिर्फ परंपरा नहीं बल्कि शहर की पहचान बन चुका है, जो हर वर्ष भव्य आतिशबाजी और उमंग भरे माहौल के लिए याद किया जाता है।

## निधन

### बुधवारा बाई रजक



**तखतपुर।** ग्राम कठमुंडा निवासी बुधवारा बाई रजक 65 वर्ष का 2 अक्टूबर को निधन हो गया। वे बिसाहू रजक, विशाल रजक के माता थे और सूरज रजक, सुरेंद्र रजक के दादी थी। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम कठमुंडा में किया गया।

**NECC**

| 04.10.2025 | अंडा | मुर्गी काकरेल |
|---|---|---|
| फार्म | 520 | 85 190 |
| चिल्हर | 6.50 | 120 205 |
| डिलीवरी | 535 सैकड़ा | |

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.

CSPFA

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी श्री प्राची एग्रीकल्चर एण्ड प्रापर्टिज लिमिटेड की ओर से आम मुख्तियार संदीप जैन उम्र 47 वर्ष पिता श्री विजय जैन निवासी अशोका नगर रत्न खम्हारडीह शंकर नगर रायपुर, थाना रायपुर, तहसील रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.) के द्वारा भूमि खसरा नम्बर 918/1 रकबा 3.40 एकड़ ग्राम कण्डरा प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. एवं तहसील बलौदा को मेरे आसामी कन्हैया लाल उम्र 41 वर्ष पिता श्री लालाराम कश्यप जाति कुर्मी, निवासी-कण्डरा तहसील बलौदा, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) वाले के पास उचित प्रतिफल में विक्रय करने का पक्का सौदा तय कर लिया गया है उक्त भूमि की रजिस्ट्री पंजीयन कार्यालय के समक्ष निकट भविष्य में होना निश्चित है। यदि उक्त वर्णित खसरा, रकबा की भूमि के विक्रय के संबंध में किसी बैंक, निकाय, वित्तीय संस्था शासकीय, अर्ध-शासकीय अथवा व्यक्ति को किसी प्रकार की उजर, आपत्ति या दावा हो तो वे इस सूचना प्रकाशन के 07 (सात) दिवस के भीतर अपने पक्ष की सबूतों के दस्तावेज प्रस्तुत कर अपने दावा, आपत्ति का निराकरण करा लेवें, अन्यथा समय बाद की गई आपत्ति झूठा व अमान्य माना जावेगा।

"सो सूचित हो"
जांजगीर
दिनांक 03.10.2025

भवदीय
दिनेश राठौर
अधिवक्ता, जांजगीर
9302717730

**राजस्व मण्डल छत्तीसगढ़, बिलासपुर**

**नोटिस**

पुनरीक्षण प्रकरण क्रमांक आर.डब्लू/ 02/ आर./ अ-06/ 05/ 2025
पेशी दिनांक 06/11/2025
छ.ग.शासन – पुनर्विलोकनकर्ता
**विरूद्ध**
त्यागी प्रेमदास वगैरह – अनावेदकगण

प्रति,
मोहम्मद लतीफ पिता स्व. जान मोहम्मद निवासी चुचुहियापारा बिलासपुर (छ.ग.)

आयुक्त बिलासपुर संभाग बिलासपुर के पुनर्विलोकन प्रकरण क्रमांक 201901099010000 9/अ-06/2019-20, पक्षकार त्यागी प्रेमदास वि. मोहम्मद लतीफ में तत्कालीन आयुक्त बिलासपुर संभाग बिलासपुर द्वारा अपील प्रकरण क्रमांक 166/अ06/ 2017-18 में पारित आदेश दिनांक 24.09.2019 का पुनर्विलोकन किये जाने हेतु पुनर्विलोकन की अनुमति हेतु उपरोक्त मूल प्रकरण इस न्यायालय को प्रेषित किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 06/11/2025 को दिन के 11.00 बजे इस न्यायालय में नियत है। अत: इस नोटिस के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आप स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता, जो मामले की पूर्ण जानकारी रखते हों, के माध्यम से पेशी तारीख 06/11/2025 दिन के 11.00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते हैं, अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में प्रकरण में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यदि उक्त दिनांक को अवकाश घोषित होता है, तो अगले कार्य दिवस पर इस न्यायालय में उपस्थित होवें।

दिनांक – 26/09/2025
(माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा आदेशित)

सील
अवर सचिव
राजस्व मण्डल छत्तीसगढ़
बिलासपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)**
**अल्पकालीन निविदा विज्ञप्ति**

क्र.6/न.पा.नि./स्टोर/2025-26 बिलासपुर दिनांक 26/09/2025

नगर पालिक निगम बिलासपुर द्वारा कार्यालय हेतु बूंदी के लड्डू को प्रदायकर्ता से मैनुअल निविदा फार्म ''एबीसी'' में आमंत्रित की जाती है। निविदा पंजीकृत डाक से स्वीकार की जावेगी।

01 निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 10/10/2025 सायंकाल 4.00 बजे तक
02 निविदा खोलने की तिथि 10/10/2025 सायंकाल 5.00 बजे तक

| क्र. | विवरण | अनुमानित लागत राशि | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिक निगम बिलासपुर हेतु बूंदी की लड्डू प्रति पाव की दर से एवं 4 लड्डू बड़ी साईज में पेकिंग सहित। | 5.00 | 15000.00 | 750.00 |

उपरोक्त कार्य की शर्तें, तथा विस्तृत जानकारी स्टोर विभाग नगर पालिक निगम बिलासपुर के विकास भवन से प्राप्त की जा सकती है।

अपर आयुक्त
न.पा.नि., बिलासपुर (छ.ग.)

वृक्षारोपण कार्य महान, एक वृक्ष सौ पुत्र समान

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)**
**मुख्य कार्यालय - साकेत भवन, आई.टी.आई.चौक, कोरबा (छ.ग.)**
**सर्वमंगला नगर जोन**

फा.क्र./887 एवं 888/निर्माण(सर्वमंगला नगर जोन)/2025/ कोरबा, दिनांक 05.09.2025

**निविदा आमंत्रण की सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु मैनुअल निविदा दिनांक 16.10.2025 को सायं 3.00 बजे तक स्पीड पोस्ट से आमंत्रित की जाती है :-

1. निर्धारित प्रारूप में निविदा प्रपत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि – 16.10.2025 सायंकाल 3:00बजे तक
2. निविदा खुलने की तिथि से– 16.10.2025 सायंकाल 4:30 बजे से

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि में |
|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 63 अंतर्गत सार्वजनिक भवन का संधारण एवं भवन में नई सुविधाओं की व्यवस्था कार्य। (पार्षद मद 2025-26) | 7,00,000/- |
| 2 | वार्ड क्र. 54 अंतर्गत डूमरमुड़ा बस्ती में ठाकुर देव स्थल के पास शेड निर्माण कार्य।(विधायक/ प्रभारी मंत्री मद 2025-26) | 3,00,000/- |

नगर निगम के विभागीय वेबसाइट Website: www.korbamunicipal.in एवं www.uad.cg.gov.in से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

// स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें //

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)

**न्यायालय नजूल अधिकारी**
**बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा०प्र०क्र० /अ-6/2024-25

पक्षकार - श्रीमती दीपाली गुप्ता पति पीयूष गुप्ता वगैरह ----- आवेदिकागण
बनाम दीपेश यादव पिता संतोष यादव ----- अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिकागण श्रीमती दीपाली गुप्ता पति पीयूष गुप्ता वगैरह निवासी मामा भांजा तालाब के पास टिकरापारा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. ने अधिवक्ता के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला घाटापारा नजूल शीट नं. 02 प्लाट नं. 60/38 रकबा 654 व.फु. भूमि स्थित है। उक्त भूमि नजूल अभिलेख में अनावेदक दीपेश यादव पिता संतोष यादव के नाम पर दर्ज है। आवेदिकागण के व्दारा उक्त भूमि को अनावेदक से पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से क्रय कर नामांतरण किये जाने बाबत आवेदन पत्र छ०ग० भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109,110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनांक 13/10/2025 को न्यायालयीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति / दावा विचारणीय नहीं होगा।

आज दिनांक 25/9/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
नजूल बिलासपुर (छ०ग०)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, NISHU MITTAL W/O ASHISH MITTAL resident of 2/1, MAIN ROAD, BAZAR PARA, KUNKURI KALAN, BATOULI, SARGUJA, (C.G.) , 497101 have changed my old name NISHU MITTAL W/O ASHISH MITTAL so in future I should be recognized by my new name that is SUNITA MITTAL W/O ASHISH MITTAL in all Government and other documents.

SUNITA MITTAL
2/1, MAIN ROAD, BAZAR PARA, KUNKURI KALAN, BATOULI, SARGUJA, (C.G.) , 497101

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डभरा, जिला सक्ती (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

ग्राम कुसुमझर प.ह.नं. 25 तहसील-डभरा, जिला सक्ती (छ.ग.)

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि ग्राम कुसुमझर प.ह.नं. 25 तहसील डभरा जिला सक्ती (छ.ग.) की नीचे अनुसूचित में उल्लेखित भूमि स्वामी आवेदक श्री मनीष अग्रवाल पिता रामकिशन अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी डभरा तहसील डभरा जिला सक्ती (छ.ग.)के द्वारा ग्राम कुसुमझर प.ह.नं. 25 तहसील डभरा में उनके नाम पर स्थित भूमि खसरा नंबर 322/1 रकबा 0.589 हे. भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि का व्यवसायिक प्रयोजन, व्यपवर्तन किये जाने पर, जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति लिखित रूप से ईश्तहार के प्रकाशन दिनांक 16.10.2025 के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वतः या किसी अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 26.09.2025 को जारी किया गया।

सील
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
डभरा, जिला- सक्ती (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डभरा, जिला सक्ती (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

ग्राम कुसुमझर प.ह.नं. 25 तहसील-डभरा, जिला सक्ती (छ.ग.)

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि ग्राम कुसुमझर प.ह.नं. 25 तहसील डभरा जिला सक्ती (छ.ग.) की नीचे अनुसूचित में उल्लेखित भूमि स्वामी आवेदिका श्रीमती विनीता अग्रवाल पति प्रीतम अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी डभरा तहसील डभरा जिला सक्ती (छ.ग.)के द्वारा ग्राम कुसुमझर प.ह.नं. 25 तहसील डभरा में उनके नाम पर स्थित भूमि खसरा नंबर 322/2 रकबा 0.063 हे. भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि का व्यवसायिक प्रयोजन, व्यपवर्तन किये जाने पर, जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति लिखित रूप से ईश्तहार के प्रकाशन दिनांक 16.10.2025 के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वतः या किसी अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 26.09.2025 को जारी किया गया।

सील
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
डभरा, जिला- सक्ती (छ.ग.)

**न्यायालय सक्षम प्राधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मालखरौदा, जिला सक्ती (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. / – / अ–2/ 2024–25

ग्राम छोटे कोट, तहसील-मालखरौदा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रूपलाल भटपहरे पिता श्री सुखरू जाति-सतनामी निवासी ग्राम – छोटे कोट तहसील मालखरौदा, जिला- सक्ती (छ.ग.) के द्वारा अपने हक स्वामित्व की ग्राम –छोटे कोट, तहसील-मालखरौदा में स्थित भूमि खसरा नं. 2/1 व 2/6 रकबा क्रमश: 0.020 हे. व 0.057 हे. को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराये जाने के लिए खसरा नक्शा बी-1, रजिस्ट्री पेपर, मिसल एवं अधिकार अभिलेख की छायाप्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया है।

अत: उक्त आवेदित भूमि का व्यवसायिक प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण किये जाने पर जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 17/10/2025 तक स्वयं या अधिवक्ता के जरिये उपस्थित होकर विधि अनुसार लिखित रूप से आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक 03/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील एवं पदमुद्रा लगाकर जारी किया गया।

सील
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मालखरौदा
जिला सक्ती (छ.ग.)

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पुराना नाम अजीत कुकरेजा पति भुपेंद्र कुकरेजा अपना पुराना नाम को बदलकर नया नाम अजीत कौर कुकरेजा पति भुपेंद्र कुकरेजा निवास बी-504, रियल हेवेंस अपार्टमेंट, मंगला चौक, बायपास रोड लकमे सलून के सामने, बिलासपुर छ.ग. 495001 रख ली हूं। अत: अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम अजीत कौर कुकरेजा पति भुपेंद्र कुकरेजा नाम से जाना एवं पहचाना जाये।

अजीत कौर कुकरेजा
बी-504, रियल हेवेंस अपार्टमेंट, मंगला चौक,
बायपास रोड लकमे सलून के सामने, बिलासपुर छ.ग.
495001

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं चंद किशोर केशरवानी, पिता श्री कन्हैया लाल केशरवानी, निवासी श्री रामदेव राइस मिल कंपाउंड, मुंगेली रोड, हनुमान मंदिर के पास, वार्ड नं. 1, बिलासपुर (छत्तीसगढ़), यह शपथ करता हूँ कि मैंने अपना पुराना नाम चंद किशोर केशरवानी को त्याग कर नया नाम चंद्र किशोर केशरवानी रख लिया है। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम चंद्र किशोर केशरवानी पिता श्री कन्हैया लाल केशरवानी से ही जाना एवं पहचाना जाये।

चंद्र किशोर केशरवानी
पिता श्री कन्हैया लाल केशरवानी
श्री रामदेव राइस मिल कंपाउंड, मुंगेली रोड, हनुमान मंदिर के पास, वार्ड नं. 1, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)

# देश

उवाच

‘भाजपा सरकार में बहुत अत्याचार और अन्याय बढ़ गया है। विपक्ष के साथ-साथ अपनी पार्टी के लोगों की आवाज को दबा रखा है। किसानों के साथ अन्याय और धोखाधड़ी की गई और खराब जीएसटी से देश को तबाह कर दिया, ‘राहुल गांधी के दबाव के कारण केंद्र सरकार ने जीएसटी में सुधार किया: **उदित राज, कांग्रेस नेता**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 34` | 27` |
| मुंबई | 3` | 25` |
| कोलकाता | 29` | 25` |
| चेन्नई | 34` | 27` |

## जयराम ने कर्नाटक सरकार की उपलब्धियां गिनाईं, बोले

# सरकारी योजनाओं से मिली मजबूती

### ‘गृह ज्योति’ योजना का रिकॉर्ड भी, ‘200 यूनिट मुफ्त बिजली की मिल रही सौगात

**नई दिल्ली/बेंगलुरु,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस ने कर्नाटक सरकार के पिछले दो साल के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाई हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने बताया कि चार प्रतिष्ठित शोध और शैक्षणिक संस्थानों ने एक अध्ययन किया है। उन्होंने कहा कि सरकार की पांच गारंटी योजनाओं ने राज्य में प्रभावशाली और सार्थक बदलाव किए हैं।

**गृह लक्ष्मी योजना के अंतर्गत महिलाओं को हर महीने मिल रहे दो हजार रुपए**

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक बयान जारी करते हुए कहा, ‘शक्ति योजना के तहत मुफ्त बस यात्रा मिलने से 19 प्रतिशत महिलाओं को रोजगार या बेहतर नौकरी मिलने में मदद मिली है, जबकि बेंगलुरु के शहरी जिले में यह आंकड़ा 34 प्रतिशत तक पहुंच गया है। साथ ही, 80 प्रतिशत लाभार्थियों ने स्वास्थ्य सेवाओं तक बेहतर पहुंच की बात कही है। 72 प्रतिशत महिलाओं ने इस योजना से अपने आत्मविश्वास और सशक्तिकरण में वृद्धि का अनुभव किया है। उन्होंने आगे बताया कि गृह लक्ष्मी योजना के अंतर्गत हर महीने दो हजार रुपए हासिल करने वाली 94 प्रतिशत



**शक्ति योजना के तहत मुफ्त बस यात्रा मिलने से 19 प्रतिशत महिलाओं को रोजगार या बेहतर नौकरी मिलने में मदद मिली है, जबकि बेंगलुरु के शहरी जिले में यह आंकड़ा 34 प्रतिशत तक पहुंच गया है: जयराम रमेश**

महिलाओं ने आहार और पोषण सुधारने में पैसे का उपयोग किया, जबकि 90 प्रतिशत ने इसे स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च किया है। लगभग आधी महिलाओं ने अपने बच्चों की शिक्षा पर भी इस राशि का निवेश किया है।

जयराम रमेश ने कहा कि यह स्पष्ट है कि यह पैसा अपने परिवार की दीर्घकालिक भलाई में निवेश किया गया है। कांग्रेस नेता ने ‘अन्न भाग्य’ योजना के लाभार्थियों के भी आंकड़े बताए। उन्होंने कहा, ‘94 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि उन्हें इस योजना का लाभ मिला। 91 प्रतिशत लाभार्थी परिवार अब अतिरिक्त पोषण जैसे सब्जियां और दूध पर खर्च कर रहे हैं, क्योंकि उन्नत अन्न भाग्य योजना उनकी अनाज की जरूरतों को पूरा कर रही है।’

जयराम रमेश ने ‘गृह ज्योति’ योजना का रिकॉर्ड भी रखा। उन्होंने कहा, ‘200 यूनिट मुफ्त बिजली मिलने से 72 प्रतिशत महिलाओं ने बताया कि अब उनके परिवार बिजली का अधिक उपयोग कर रहे हैं।

## राजस्थान में मुफ्त दवा के नाम पर मौत बांट रही भाजपा सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी की सरकार दवा कंपनियों के साथ साथ सांठ गांठ कर काले धंधे का खेल कर आम लोगों तथा मासूमों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रही है। कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में एक अखबार में छपी खबर का हवाला देते हुए कहा कि सरकार ऐसी दवाओं का वितरण कर रही है जिनके सैंपल एक बार नहीं, 40 बार फेल हुये हैं लेकिन सरकार के साथ मिलीभगत से इन दवाओं का वितरण किय ा जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने एक खबर भी पोस्ट की है जिसमें लिखा है ‘जिस कंपनी के 40 सैंपल फेल हुये, राजस्थान सरकार ले रही उससे दवा, नतीजा दो बच्चों की मौत।’ उन्होंने कहा कि जिस कंपनी की दवा के सैंपल फेल हो रहे हैं लेकिन उसी दवा कंपनी को राजस्थान की भाजपा सरकार ने प्रदेश भर में दवा आपूर्ति का ठेका दे रखा था। इस दवा कंपनी के सिरप पीने से सीकर में दो बच्चों की मौत हो गयी है और इसके तीन दर्जन से ज्यादा बार सैंपल फेल हुए हैं।



**सरकार ऐसी दवाओं का वितरण कर रही है जिनके सैंपल एक बार नहीं, 40 बार फेल हुए हैं लेकिन सरकार के साथ मिलीभगत से इन दवाओं का वितरण किया जा रहा है। नतीजा बच्चों की मौत’ : रणदीप सिंह सुरजेवाला**

## समाज के भीतर सेवा, दान की परंपरा उसकी सबसे बड़ी शक्ति : बिरला

**जयपुर,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि समाज के भीतर सेवा और दान की परंपरा उसकी सबसे बड़ी शक्ति है और यही भविष्य को नई दिशा देती है। श्री बिरला ने शुक्रवार को राष्ट्रीय नाई महासभा द्वारा आयोजित प्रतिभा एवं भामाशाह सम्मान समारोह में कहा कि सेन समाज ने हमेशा सेवा, श्रम और समर्पण को सर्वोच्च धर्म मानते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान दिया है। यह समाज शिक्षा, कौशल और संस्कारों के माध्यम से आज भी नई पीढ़ी को प्रेरणा दे रहा है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान केवल व्यक्तियों का नहीं, बल्कि पूरी संस्कृति और सामूहिक मूल्यों का सम्मान है। समाज के भीतर सेवा और दान की परंपरा उसकी सबसे बड़ी शक्ति है और यही भविष्य को नई दिशा देती है।

उन्होंने कहा कि सेनजी महाराज ने अपने जीवन से यह संदेश दिया कि श्रम ही सर्वोच्च पूजा है और सेवा ही सबसे बड़ा धर्म। वहीं, नारायणी माता आस्था और विश्वास की आधारशिला हैं, जिनके आशीर्वाद से समाज ने अपनी परंपराओं और संस्कारों को सदियों से जीवित रखा है। यही कारण है कि यह समाज हर दौर में चुनौतियों का सामना करते हुए राष्ट्र की सेवा में आगे रहा है।



**राष्ट्रीय नाई महासभा द्वारा आयोजित प्रतिभा एवं भामाशाह सम्मान समारोह संगठन पूरे देश में रक्तदान शिविर, चिकित्सा सेवाएं, नशा मुक्ति अभियान और शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। छात्रवृत्ति, कोचिंग और करियर मार्गदर्शन जैसी योजनाएं युवाओं को नई राह दे रही हैं : ओम बिरला, लोकसभा अध्यक्ष**

लोकसभा अध्यक्ष ने राष्ट्रीय नाई महासभा की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि संगठन पूरे देश में रक्तदान शिविर, चिकित्सा सेवाएँ, नशा मुक्ति अभियान और शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। छात्रवृत्ति, कोचिंग और करियर मार्गदर्शन जैसी योजनाएँ युवाओं को नई राह दे रही हैं। उन्होंने कहा कि जब प्रतिभाएं मंच पर सम्मानित होती हैं तो उनमें नई ऊर्जा और आत्मविश्वास जागता है, जो समाज को नई ऊँचाइयों तक ले जाता है।

उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे सेनजी महाराज के आदर्शों और नारायणी माता की शिक्षाओं को जीवन का हिस्सा बनाएं। शिक्षा, कौशल और तकनीक को अपनाकर आत्मनिर्भर बनें और सेवा की परंपरा को आगे बढ़ाएँ। उन्होंने कहा कि जब समाज का हर युवा सक्षम और आत्मनिर्भर होगा, तभी सशक्त और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण संभव होगा।

## सार संक्षेप

### बिहार चुनाव सह-प्रभारी बनने के बाद पहली बार पटना पहुंचे केशव प्रसाद मौर्य

**पटना।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य बिहार विधानसभा चुनाव के सह-प्रभारी बनने के बाद शुक्रवार को पहली बार पटना पहुंचे। एयरपोर्ट पर भाजपा नेताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस बीच, केशव प्रसाद मौर्य ने बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक जीत का दावा करते हुए कहा कि जनता हर सवाल का जवाब वोट के जरिए देगी। पटना एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करते हुए उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने एआईएमआईएम के सुप्रीमो असदुद्दीन ओवैसी के आरोपों पर जवाब दिया। ‘आई लव मोहम्मद’ पर ओवैसी के सवालों को लेकर केशव प्रसाद मौर्य ने कहा, ‘बिहार की जनता हर सवाल का जवाब विधानसभा चुनाव में देगी।

### राहुल विदेश में देश की छवि खराब करने का कर रहे हैं काम : भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर एक बार फिर विदेश में जाकर देश की छवि खराब करने का आरोप लगाया। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए यह आरोप लगाया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि श्री गांधी का नेता प्रतिपक्ष होना भारत के लिए शूल है। श्री त्रिवेदी ने कहा कि देश में पिछले 36 घंटे में दो प्रकार के दृश्य देखने को मिले हैं, पहला 1` वर्षों से देश के लिए निरंतर समर्पित विश्व के सबसे बड़े सांस्कृतिक संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष का देशभर में समारोह होना। इस शताब्दी वर्ष के अवसर पर इतिहास में पहली बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मां भारती के अंकित चित्रों वाला 1` रुपये का स्मारक सिक्का जारी किया।

### रिजर्व बैंक ने अमेरिकन एक्सप्रेस बैंक पर लगाया 31.8 लाख का जुर्माना

**मुंबई।** रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अमेरिकन एक्सप्रेस बैंक पर निर्देशों का पालन न करने के कारण 31 लाख 8 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। केंद्रीय बैंक ने शुक्रवार को बताया कि उसने अमेरिकन एक्सप्रेस बैंकिंग कॉर्पोरेशन को क्रेडिट कार्डधारकों को रिफंड और विफल या रिवर्स ट्रांजेक्शन से प्राप्त बैलेंस उनके खाते में न देने का दोषी पाया है। यह मामला पिछले साल नियमित जांच में सामने आया था। इसके बाद बैंक को कारण बताओ नोटिस जारी कर पूछा गया था कि निर्देश का पालन न करने के लिए क्यों न उस पर जुर्माना लगाया जाये। नोटिस पर बैंक के जवाब और व्यक्तिगत स्तर पर सुनवाई के दौरान दिये गये मौखिक तर्कों के संतोषजनक नहीं पाये जाने के बाद आरबीआई ने बैंक पर जुर्माना लगाने का आदेश दिया है।

## मोदी आज करेंगे 62 हजार करोड़ की युवा-केंद्रित योजनाओं की शुरुआत



**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को यहां युवा विकास की एक ऐतिहासिक पहल के अंतर्गत 62,000 करोड़ रुपए से अधिक की विभिन्न युवा-केंद्रित योजनाओं की शुरूआत करेंगे जिसके माध्यम से देश भर में शिक्षा, कौशल और उद्यमिता को एक निर्णायक बढ़ावा मिलेगा।

प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री 60,000 करोड़ रुपये के निवेश के साथ केंद्र प्रायोजित योजना पीएम-सेतु (अपग्रेडेड आईटीआई के माध्यम से प्रधानमंत्री कौशल और रोजगार परिवर्तन) का शुभारंभ करेंगे। इस योजना में देश भर में एक हजार सरकारी आईटीआई का हब-एंड-स्पोक मॉडल में उन्नयन करने की परिकल्पना की गई है, जिसमें 200 हब आईटीआई और 800 स्पोक आईटीआई शामिल हैं। प्रत्येक हब औसतन चार स्पोक से जुड़ा होगा, जिससे उन्नत बुनियादी ढांचे, आधुनिक ट्रेडों, डिजिटल शिक्षण प्रणाली और इनक्यूबेशन सुविधाओं से युक्त समूह तैयार किए जाएंगे। उद्योग जगत के प्रमुख साझेदार बाजार की मांग के अनुरूप परिणाम-आधारित कौशल विकास को सुनिश्चित करते हुए इन समूहों का प्रबंधन करेंगे। योजना के कार्यान्वयन के प्रथम चरण में पटना और दरभंगा के आईटीआई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## हमने नागरिकों या सैन्य प्रतिष्ठानों को नहीं, आतंकवाद को निशाना बनाया : राजनाथ

**रक्षा मंत्री ने जैन इंटरनेशनल ट्रेड कम्युनिटी (जेआईटीओ) द्वारा आयोजित कार्यक्रम को किया संबोधित**

**हैदराबाद,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को हैदराबाद में जैन इंटरनेशनल ट्रेड कम्युनिटी (जेआईटीओ) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक, 2019 के बालाकोट एयर स्ट्राइक और 2025 में ‘ऑपरेशन सिंदूर’ को अपने नागरिकों और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए भारत के अटूट संकल्प का सशक्त प्रदर्शन बताया।

उन्होंने कहा, ‘जब भी भारत का गौरव और सम्मान दांव पर लगा, हमने कभी कोई समझौता नहीं किया। जब हमने पहलगाम आतंकी हमले का जवाब दिया, तो हमने आतंकवादियों का धर्म नहीं पूछा, हमने आतंकवाद को निशाना बनाया, न कि नागरिकों या सैन्य प्रतिष्ठानों को।’ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत की बढ़ती सैन्य और आर्थिक शक्ति का उद्देश्य दूसरों पर प्रभुत्व स्थापित करना नहीं है, बल्कि अपने सांस्कृतिक मूल्यों, आध्यात्मिक परंपराओं और भगवान महावीर द्वारा सिखाए गए मानवीय आदर्शों की रक्षा करना है। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत का रक्षा निर्यात जो 2014 में लगभग 600 करोड़ रुपए था, आज बढ़कर 24,000 करोड़ रुपए से अधिक हो गया है। 2029 तक रक्षा निर्यात 50,000 करोड़ रुपए को पार कर जाएगा। उन्होंने कहा, ‘तेजस लड़ाकू विमानों से लेकर आकाश मिसाइलों और अर्जुन टैंकों तक, हमारे सशस्त्र बलों को तेजी से भारत में निर्मित प्लेटफार्मों से सुसज्जित किया जा रहा है।’



**‘जब भी भारत का गौरव और सम्मान दांव पर लगा, हमने कभी कोई समझौता नहीं किया। जब हमने पहलगाम आतंकी हमले का जवाब दिया, तो हमने आतंकवादियों का धर्म नहीं पूछा, हमने आतंकवाद को निशाना बनाया, न कि नागरिकों या सैन्य प्रतिष्ठानों को: राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

रक्षा मंत्री ने इसे ‘आत्मनिर्भरता की ओर भारत की यात्रा’ का प्रमाण बताते हुए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड से 97 हल्के लड़ाकू विमानों की खरीद के लिए हुए हालिया समझौते का उल्लेख किया, जिसमें 64 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री है।

## हम अपनी सेना का सम्मान करते हैं : राशिद अल्वी

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। एयर चीफ मार्शल ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर ऑपरेशन सिंदूर के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हमने ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के चार से पांच एफ16 प्लेन मार गिराए थे। इस पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राशिद अल्वी ने कहा कि हम अपनी सेना का सम्मान करते हैं। पाकिस्तान की सेना का हमारी सेना से कोई मुकाबला ही नहीं है। लेकिन, तीन से चार महीने बाद बयान क्यों आते हैं? मुझे लगता है कि एक ही बार में प्रेस कॉन्फ्रेंस करके हमें यह बता देना चाहिए कि युद्ध में हमने किस-किस तरह से पाकिस्तान को नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि प्रेसवार्ता में सबकुछ बता देना चाहिए कि हमने पाकिस्तान को किस-किस मोर्चे पर नुकसान पहुंचाया, उसकी कितनी सेना को मार गिराया, या उसके कितने जहाज मार गिराए, ताकि पूरी वस्तु स्थिति साफ हो सके।



**हम अपनी सेना का सम्मान करते हैं। पाकिस्तान की सेना का हमारी सेना से कोई मुकाबला ही नहीं है। मुझे लगता है कि एक ही बार में प्रेस कॉन्फ्रेंस करके हमें यह बता देना चाहिए कि युद्ध में हमने किस-किस तरह से पाकिस्तान को नुकसान पहुंचाया है: राशिद अल्वी, कांग्रेस नेता**

उन्होंने आगे कहा कि आज की तारीख में पूरी दुनिया यह सवाल कर रही है कि क्या हमारे राफेल पाकिस्तान में गिराए गए थे या नहीं? सबसे पहले सरकार को इस पर अपना जवाब स्पष्ट करना चाहिए। अगर राफेल नहीं गिराया गया है, तो जवाब आना चाहिए। सरकार को देश के सामने यह स्पष्टीकरण देना चाहिए।

## बिहार सरकार ने राज्यकर्मियों व पेंशनभोगियों को दिया तोहफा, डीए 58 प्रतिशत हुआ

**पटना,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। केंद्र के बाद बिहार सरकार ने राज्यकर्मियों और पेंशनभोगियों को बड़ा तोहफा दिया है। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को बताया कि राज्य सरकार ने अपने कर्मचारियों, पेंशनभोगियों और पारिवारिक पेंशनभोगियों को दीपावली और छठ से पहले आर्थिक सौगात दी है। राज्य सरकार के फैसले से सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को दीपावली का तोहफा मिला है। इससे पहले केंद्र सरकार ने भी केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में बढ़ोत्तरी की थी। उन्होंने कहा कि सरकार ने महंगाई भत्ता/राहत दर 55% से बढ़ाकर 58 प्रतिशत करने को स्वीकृति प्रदान की है। यह संशोधित दर 1 जुलाई 2025 से प्रभावी होगी। उन्होंने कहा कि पहले 1 जनवरी 2025 से 55% महंगाई भत्ता दिया जा रहा था और अब केंद्र सरकार द्वारा 1 जुलाई 2025 से 58% दर स्वीकृत किए जाने के बाद बिहार सरकार ने भी अपने कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को उसी तिथि से बढ़ा हुआ भत्ता देने का निर्णय लिया है।



डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि लाखों कर्मचारियों और पेंशनभोगियों की जीवनयापन महंगाई से प्रभावित न हो, इसलिए सरकार उन्हें समय पर राहत देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस फैसले से वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 917.78 करोड़ रुपए का अतिरिक्त व्यय भार आएगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार अपने कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है, ताकि उन्हें जीवनयापन की बढ़ती महंगाई और आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद सम्मानजनक कार्य और जीवनयापन सुनिश्चित हो सके। इसी प्रयास के तहत राज्य सरकार ने केंद्र सरकार के अनुरूप महंगाई भत्ता/राहत की दर 55% से बढ़ाकर 58% करने का निर्णय लिया है।

## पक्षपात के चश्मे से नहीं ‘पीड़ा भरी आंख’ से भी देखा जाना चाहिए : अखिलेश



**लखनऊ,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की ‘क्राइम इन इंडिया 2023’ रिपोर्ट में उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था के स्थिति की तारीफ की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, 2023 में यूपी में सांप्रदायिक और धार्मिक दंगों की संख्या शून्य रही। ऐसे में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में दलित उत्पीड़न की बढ़ती घटनाओं को लेकर सरकार पर तीखा हमला बोला है। उनका कहना है कि भाजपा सरकार के कामकाज को सिर्फ़ पक्षपात के चश्मे से नहीं, बल्कि ‘पीड़ा भरी आंख’ से भी देखा जाना चाहिए। शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि एक आंकड़ा ये भी है।

## मुख्यमंत्री स्टालिन ने रामनाथपुरम को दी 738 करोड़ रुपए की सौगात

**रामनाथपुरम,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने शुक्रवार को रामनाथपुरम जिले में पिछले साढ़े चार वर्षों में हुए विकास कार्यों की समीक्षा की और 738 करोड़ रुपये की नई परियोजनाओं का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि जिले में 3,250 करोड़ रुपए की लागत वाली 46,270 परियोजनाएं वर्तमान में चल रही हैं। द्रमुक सरकार जिले के लोगों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और कई लाभकारी योजनाएं लागू की गई हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि रामनाथपुरम में 2.36 लाख महिलाओं को महिला अधिकार भत्ता, 8 लाख से अधिक किसानों को सहायता, 83,483 बच्चों को रोजाना पौष्टिक नाश्ता, 1.85 लाख मछुआरों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ, 55,000 छात्रों को नान मुथलवन योजना के तहत प्रशिक्षण, 24,722 मुफ्त आवास पट्टे, 6,000 लोगों के लिए कलाई उदयार योजना के तहत घर और 78,000 आदि द्रविड़ समुदाय के लोगों को सामाजिक कल्याण योजनाओं का लाभ मिला है। शुक्रवार को रामनाथपुरम रेलवे स्टेशन, थंगाचिमदम सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन और परमकुडी में सामाजिक न्याय छात्रावास का उद्घाटन किया गया।



**जिले में 3,250 करोड़ रुपए की लागत वाली 46,270 परियोजनाएं वर्तमान में चल रही हैं: एम.के. स्टालिन**

स्टालिन ने कहा, ‘मैं जितना भी कहूं, नई घोषणाओं के बिना रुक नहीं सकता। मंत्रियों और विधायकों के सुझावों पर मैं रामनाथपुरम के लिए 9 नए विकास कार्यों की घोषणा कर रहा हूं।’

सराहनीय | कश्मीर में रेल ने रचा एक और नया इतिहास

# पहली आटो मालगाड़ी से 116 मारुति कारें कश्मीर पहुंचीं

**जम्मू, 3 अक्तूबर (देशबन्धु)। जम्मू और कश्मीर के लाजिस्टिक्स और परिवहन बुनियादी ढांचे के लिए एक ऐतिहासिक विकास में, आटोमोबाइल ले जाने वाले पहले रेक को आज रेलवे के नव संचालित अनंतनाग गुड्स शेड में सफलतापूर्वक उतार दिया गया। माल ढुलाई संपर्क को बढ़ावा देते हुए, उत्तर रेलवे ने शुक्रवार को कश्मीर घाटी के लिए अपनी पहली आटोमोबाइल रेक भेजी, जिसमें हरियाणा के मानेसर से अनंतनाग जिले तक 116 मारुति सुजुकी वाहन भेजे गए।**

इस नई सेवा को कश्मीर को देश के आटोमोबाइल और माल ढुलाई नेटवर्क से और भी नज़दीकी से जोड़ने और वाहनों के परिवहन के लिए एक तेज और सुरक्षित माध्यम प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया जा रहा है।

अधिकारियों के अनुसार, यह विशेष रेक मारुति सुजुकी के मानेसर स्थित गति शक्ति टर्मिनल से रवाना हुई और लगभग 45 घंटे में लगभग 850 किमी की दूरी तय करके नए चालू अनंतनाग माल शेड पहुंची। इस पहली खेप में ब्रेजा, डिजायर, वैगनआर और एस-प्रेसो जैसी कारें शामिल थीं। रेलवे अधिकारियों ने कहा कि यह सेवा श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर भीड़भाड़ कम करने और यह सुनिश्चित करने में मदद करेगी कि वाहन घाटी में अपनी मूल स्थिति में पहुंचें।



- इस कदम से ड्राइवरों द्वारा जम्मू से नई कारें लाने की परंपरा खत्म
- 45 घंटे में लगभग 850 किमी की दूरी तय करके नए चालू अनंतनाग माल शेड पहुंची

उन्होंने बताया कि यह विकास, घाटी में नई कारों के आगमन के तरीके में एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतीक है। अब तक, कश्मीर में कार डीलर कई ड्राइवरों को नियुक्त करते थे जो जम्मू से नई ब्रांडेड गाड़ियां सड़क मार्ग से लाते थे। इस प्रथा का मतलब था कि ग्राहकों तक पहुंचने से पहले वाहनों को सैकड़ों किमी तक चलाया जाता था, जिससे खरीदार अपनी नई खरीदी गई कार को सबसे पहले चलाने के विशेषाधिकार से वंचित रह जाते थे। नई रेल सेवा इस प्रथा को समाप्त कर देती है, यह सुनिश्चित करती है कि अब कारें ड्राइवरों द्वारा बिना छुए और अपनी मूल फैक्टरी स्थिति में पहुंचें।

एक कार डीलर ने बताया कि यह न केवल सुविधा के बारे में है, बल्कि ग्राहक संतुष्टि के बारे में भी है। जब कोई कार निर्माता से रेल द्वारा पहुंचाई जाती है, तो खरीदार आश्वस्त हो सकता है कि उसे जम्मू से श्रीनगर तक पहले किसी और ने नहीं चलाया है। यह ग्राहकों और डीलरों, दोनों के लिए फायदेमंद है। जानकारी के लिए अनंतनाग माल गोदाम, जिसने 9 अगस्त को पंजाब के रूपनगर से सीमेंट की पहली खेप प्राप्त की, हाल के हफ्तों में काफी सक्रिय रहा है। मालगाड़ियों ने पहले ही सीमेंट, सेना के शीतकालीन स्टाक, फलों की खेप और अन्य सामान कश्मीर में पहुंचा दिया है, जिससे आपूर्ति लाइनें मजबूत हुई हैं जो पहले केवल सड़क परिवहन पर निर्भर थीं।

# अभिमत

**हम सब जानते हैं हमारे जंगल बहुत कम हो गए हैं। इससे भूस्खलन व भूक्षरण ज्यादा हो रहा है। पानी को स्पंज की तरह अपने में समाने वाले जंगल कट गए हैं। जंगलों के कटान के बाद झाड़ियां और चारे जलावन के लिये काट ली जाती हैं। जंगल और पेड़ बारिश के पानी को रोकते हैं। वह पानी को बहुत देर तो नहीं थाम सकते लेकिन पानी के वेग को कम करते हैं।**

## बाढ़ की समस्या का मुकाबला कैसे करें?

नवाचार

■ बाबा मायाराम

पिछले दिनों देश के कई कोनों से लगातार बाढ़ से तबाही की खबरें आई हैं। अब यह समस्या स्थायी सी हो गई है। हर साल बाढ़ आती है, तबाही की खबरें आती हैं, लेकिन उसके बारे में पूर्व तैयारी नहीं होती। एक समग्र सोच का अभाव सभी जगह दिखाई देता है। आज बाढ़ पर थोड़ी चर्चा करना उचित होगा, जिससे इसे समग्रता में देख सकें। इसके समाधानों के बारे में सोच सकें।

हम बचपन से देखते आ रहे हैं कि पहले भी बाढ़ आती थी लेकिन वह इतने व्यापक कहर नहीं ढाती थी। इसके लिए पूरी तरह लोग व गांव तैयार रहते थे। बल्कि इसका उन्हें इंतजार रहता था। खेतों को बाढ़ के साथ आई नई मिट्टी मिलती थी, भरपूर पानी लाती थी जिससे प्यासे खेत तर हो जाते थे। पीने के लिये पानी मिल जाता था, भूजल ऊपर आ जाता था, नदी नाले, ताल-तलैया भर जाते थे। समृद्धि आती थी। बाढ़ आती थी, मेहमान की तरह जल्दी ही चली जाती थी। पर यह बाढ़ तबाही मचाती है।

हम सब जानते हैं हमारे जंगल बहुत कम हो गए हैं। इससे भूस्खलन व भूक्षरण ज्यादा हो रहा है। पानी को स्पंज की तरह अपने में समाने वाले जंगल कट गए हैं। जंगलों के कटान के बाद झाड़ियां और चारे जलावन के लिये काट ली जाती हैं। जंगल और पेड़ बारिश के पानी को रोकते हैं। वह पानी को बहुत देर तो नहीं थाम सकते लेकिन पानी के वेग को कम करते हैं। वे स्पीड ब्रेकर का काम करते हैं। लेकिन पेड़ नहीं रहेंगे तो बहुत गति से पानी नदियों में आएगा और इधर-उधर बह जाएगा, और बर्बादी करेगा। और यही हो रहा है।

यह भी देखा जा रहा है कि पहले नदियों के आस-पास बहुत पड़ती जमीन होती थी, नदी-नाले होते थे, लम्बे-लम्बे चारागाह होते थे, दूब और घास होती थी, उनमें पानी थम जाता था। बड़ी नदियों का ज्यादा पानी छोटे- नदी नालों में भर जाता था। लेकिन अब उस जगह पर भी या तो खेती होने लगी है या वह जमीन का उपयोग किसी और कामों के लिए होने लगा है। यानी इसमें कमी आ गई है।

एक और कारण है- लगातार बढ़ता शहरीकरण और विकास कार्य भी इस समस्या को बढ़ा रहे हैं। बहुमंजिला इमारतें, सड़कों राजमार्गों का जाल बन गया है। नदियों के प्राकृतिक प्रवाह अवरुद्ध हो गए हैं। जहां पानी निकलने का रास्ता नहीं रहता है, वहां दलदलीकरण की समस्या हो जाती है। इससे न केवल फसलों को नुकसान होता है बल्कि बीमारियां भी फैलती हैं। जो तटबंध बने हैं, वे टूट-फूट जाते हैं जिससे लोगों को बाढ़ से बाहर निकलने का समय भी नहीं मिलता। इससे जान-माल की हानि होती है।

इसी प्रकार वेटलैंड (जलभूमि) की जमीन पर भी अन्य गतिविधियां होने लगी हैं। इससे पर्यावरणीय और जैव विविधता को खतरा उत्पन्न हो गया है। शहरों में तो यह समस्या बड़ी है। पानी निकलने का रास्ता ही नहीं है। सब जगह पक्के कांक्रीट के मकान, हाईवे और सड़कें हैं। जैसे कुछ सालों पहले मुंबई की बाढ़ का किस्सा सामने आया था। वहां मीठी नदी ही गायब हो गई, और जब पानी आया तो शहर जलमग्न हो गया। ऐसी हालत ज्यादातर शहरों की हो जाती है।

लेकिन बाढ़ के कारण और भी हैं। जैसे बड़े पैमाने पर रेत खनन। रेत पानी को स्पंज की तरह जज्ब करके रखती है। रेत खनन किया जा रहा है। रेत ही नहीं रहेगी तो पानी कैसे रुकेगा, नदी कैसे बहेगी, कैसे बचेगी। अगर रेत रहेगी तो नदी रहेगी। लेकिन जैसे ही बारिश ज्यादा होती है, वेग से पानी बहता है, उसे ठहरने की कोई जगह नहीं रहती।

कई बांध व बड़े जलाशयों में नदियों को मोड़ दिया जाता है, उससे नदी ही मर जाती है। नदियां बांध दी जाती हैं। लोग समझते हैं कि यहां नदी तो है नहीं, क्यों न यहां खेती या इस खाली पड़ी जमीन का कोई और उपयोग किया जाए, तभी जब बारिश ज्यादा होती है तो पानी को निकलने का रास्ता नहीं मिलता। और यही पानी बाढ़ का रूप धारण कर लेती है इससे बर्बादी होती है।

**कई बांध व बड़े जलाशयों में नदियों को मोड़ दिया जाता है, उससे नदी ही मर जाती है। नदियां बांध दी जाती हैं। लोग समझते हैं कि यहां नदी तो है नहीं, क्यों न यहां खेती या इस खाली पड़ी जमीन का कोई और उपयोग किया जाए, तभी जब बारिश ज्यादा होती है तो पानी को निकलने का रास्ता नहीं मिलता। और यही पानी बाढ़ का रूप धारण कर लेती है इससे बर्बादी होती है। मौसम बदलाव भी एक कारण है।**

मौसम बदलाव भी एक कारण है। पहले सावन-भादो में लंबे समय तक झड़ी लगी रहती थी। यह पानी फसलों के लिये और भूजल पुनर्भरण के लिये बहुत उपयोगी होता था। फसलें भी अच्छी होती थी और धरती का पेट भी भरता था। पर अब बड़ी-बड़ी बूंदों वाला पानी बरसता है, जिससे कुछ ही समय में बाढ़ आ जाती है। वर्षा के दिन भी कम हो गए हैं।

बीज बचाओ आंदोलन व चिपको आंदोलन के कार्यकर्ता रहे विजय जडधारी बताते हैं कि आजकल उत्तराखंड की पहचान अतिवृष्टि और तबाही से बन रही है लेकिन यदि 50-100 साल पहले की बात करें तो यहां इससे भी ज्यादा बारिश होती थी, सावन के महीने को अंधियारा महीना कहते थे, तब सावन के महीना दिन में सूरज के दर्शन नहीं होते थे। न रात में तारे दिखते थे, चौमासा यानी चार महीने बारिश के लिए थे। लेकिन तब कहीं प्राकृतिक आपदाएं नहीं होती थी। बादल फटना शब्द कहीं नहीं था। न भू स्खलन होता था। उच्च हिमालय से इक्का-दुक्का घटनाएं हुई हैं। लेकिन आज चारों ओर तबाही ही तबाही हो रही है और प्रकृति को दोष दे रहे हैं।

उन्होंने बताया कि हिमालय दुनिया की छत है। हिमालय पर हो रही आपदाएं प्राकृतिक नहीं है, यह मानव निर्मित है। हिमालय कोई सामान्य पहाड़ नहीं है, हिमालय और गंगा हमारी सभ्यता व संस्कृति का आधार है इसीलिए हमारे ऋषि मुनियों ने उत्तराखंड हिमालय को देवभूमि कहा है।

इसके अलावा पानी के परम्परागत ढांचों की भी भारी उपेक्षा हुई है। ताल, तलैया, तालाब, खेतों में मेड़ बंधान आदि से भी पानी रुकता है। हर गांव में तालाब थे। आज भी छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में तालाब की पानीदार परंपराएं हैं, जिनसे काफी कुछ सीखा जा सकता है। यह तालाब गांव के लोगों ने बनाए और बचाए हैं।

कुछ समय पहले मैं राजस्थान गया था। और वहां कुछ जिलों में घूमा, और देखा कि वहां सैकड़ों साल पुराने तालाब हैं। आज भी स्थानीय लोग उनका पानी पीते हैं। उन्होंने उनकी सार-संभाल की है। और आज भी कर रहे हैं।

लेकिन आज हम इन पर ध्यान न देकर भूजल के इस्तेमाल पर जोर दिया जाता है। हमारी बरसों पुरानी परम्पराओं में ही आज की बाढ़ जैसी समस्या के समाधान के सूत्र छिपे हैं। अगर ऐसे समन्वित विकल्पों पर काम किया जाए तो न केवल बाढ़ जैसी बड़ी समस्या से निजात पा सकते हैं। पर्यावरण, जैव-विविधता और बारिश के पानी का संरक्षण कर सकेंगे। लेकिन क्या हम इस दिशा में आगे बढ़ना चाहेंगे?

### बीता सप्ताह

**27 सितम्बर**

- वायुसेना से लड़ाकू विमान मिग-21 को विदाई दी गई।
- डोनाल्ड ट्रंप ने ब्रांडेड दवाओं पर लगाया 100 प्रतिशत टैरिफ।
- शेनचोड-20 अंतरिक्ष यात्री दल ने अपनी चौथी बाध्यान गतिविधि को सफलतापूर्वक अंजाम दिया।
- लद्दाख में पर्यावरण विद और सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वायचुंग की गिरफ्तारी के बाद हालत नाजुक।

**28 सितम्बर**

- तमिलनाडु के करूर में एक्टर विजय की रैली में भगदड़ होने से 40 लोगों की मौत हो गई।
- वरिष्ठ पत्रकार और द स्टेटसमैन के पूर्व संपादक एम एल कोटरू का निधन हो गया।
- बब्बर खालसा इंटरनेशनल के आतंकवादी परमिंदर सिंह पिंडी को यूएई से भारत लाया गया।
- कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और विपक्ष के नेता राहुल गांधी दक्षिण अमेरिका के चार देशों की यात्रा पर रवाना हुए।

**29 सितम्बर**

- विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र में सुरक्षा परिषद की सदस्यता की दावेदारी की।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार हर नौ मिनट में रेबीज से एक इंसान की मौत होती है।
- इरान पर संयुक्त राष्ट्र के 6 प्रतिबंध फिर से लागू हो गए। जो ईरान के परमाणु संवर्धन पर प्रतिबंध है।
- एलओसी पर घुसपैठ की नाकाम कोशिश करने वाले जम्मू कश्मीर के कूपवाड़ा में दो आंतकी मारे गए।

**30 सितम्बर**

- जनसुराज पार्टी के प्रमुख प्रशांत किशोर ने कहा कि बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी 6 लोगों की हत्या का आरोपी है।
- केरल विधानसभा में एसआईआर के खिलाफ प्रस्ताव पास हुआ।
- केन्द्र सरकार ने शिरीष चंद मुर्मू को तन साल के लिए भारतीय रिजर्व बैंक का डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया।
- गुयाना में भारतीय उच्चायोग ने विकसित भारत दौड़ आयोजित कर वैश्विक शांति का दिया संदेश।

**1 अक्टूबर**

- आरबीआई ने नए दिशा निर्देश जारी कर कहा कि स्मॉल बिजनेस को कर्ज नियमों में छूट दी जाएगी।
- पाकिस्तान के क्वेरा में बम धमाके से दस लोगों की मौत हो गई।
- जम्मू कश्मीर में कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस ने केन्द्र सरकार से बातचीत पर इंकार कर दिया।
- राहुल गांधी ने कहा कि पीएम मोदी ने लद्दाख के लोगों को धोखा दिया है।

**2 अक्टूबर**

- केन्द्र सरकार ने गेहूं सहित 6 फसलों की एमएसपी में बढ़ोतरी किया।
- एम-3 एम हुरून इंडिया रिच लिस्ट 2025 के अनुसार भारत में तेजी से बढ़ रही है अरबपतियों की संख्या। 1687 कारोबारियों में 1000 करोड़ से अधिक संपत्ति।
- भारत-रूस की अहम बैठक अफगानिस्तान और पाकिस्तान मुद्दे पर वार्ता हुई।
- आरबीआई का रेपोरेट पूर्व की भांति 5.50 प्रतिशत पर स्थिर रहा।

## समाचार मीडिया और गांधी

■ राजेश बहुगुणा

समाचार पत्रों के माध्यम से ही गांधी सफल जन नेता के रूप में उभरे थे। दक्षिण अफ्रीका में समाचार पत्रों में प्रवासी भारतीयों के पक्ष में आवाज उठाने की कार्यवाही गांधी निरन्तर करते थे। समाचार पत्रों में पत्र लिखने के दौरान ही गांधी को भारतीयों की आवाज रखने के लिए अपने समाचार पत्र की जरूरत महसूस हुई जिसका परिणाम 'इंडियन ओपिनियन' समाचार पत्र था। दक्षिण अफ्रीका के आन्दोलन में इंडियन ओपिनियन समाचार पत्र की इतनी महत्वपूर्ण भूमिका थी कि महात्मा गांधी ने अपनी आत्मकथा और अपनी दूसरी पुस्तक 'दक्षिण अफ्रीका में सत्याग्रह का इतिहास' दोनों ही में इंडियन ओपिनियन पर एक अध्याय लिखा। उन्होंने स्वीकार किया है कि इस अखबार के द्वारा मुझे मनुष्य के रंग-बिरंगे स्वभाव का बहुत ज्ञान मिला। संपादक और ग्राहकके बीच निकट का और स्वच्छ सम्बन्ध स्थापित करने की ही धारणा होने से मेरे पास हृदय खोलकर रख देने वाले पत्रों का ढेर लग जाता था। उसमें तीखे, कड़वे, मीठे यों भांति-भांति के पत्र मेरे नाम आते थे। उन्हें पढ़ना, उन पर विचार करना, उनमें से विचारों का सार लेकर उत्तर देना यह सब मेरे लिए शिक्षा का उत्तम साधन बन गया था। मुझे ऐसा अनुभव हुआ मानो इसके द्वारा मैं समाज में चल रही चर्चाओं और विचारों को सुन रहा होऊं। मैं संपादक के दायित्व को भली-भांति समझने लगा और मुझे समाज के लोगों पर जो प्रभुत्व प्राप्त हुआ, उसके कारण भविष्य में होने वाली लड़ाई संभव हो सकी, वह सुशोभित हुई और उसे शक्ति प्राप्त हुई।

दक्षिण अफ्रीका में अल्पसंख्यक भारतीयों के हितों के लिए दक्षिण अफ्रीका की उपनिवेशी रंगभेदी सरकार के खिलाफ गांधी ब्रिटिश सरकार के न्याय पर भरोसा कर रहे थे। भारत में इसी ब्रिटिश सरकार के विरूद्ध गांधी की सीधी लड़ाई थी। प्रेस पर नियंत्रण का अनुभव गांधी को दक्षिण अफ्रीका में नहीं हुआ था। भारत में दक्षिण अफ्रीका की तुलना में अधिक शिक्षित एवं जागरूक भारतीयों को ध्यान में रखते हुये प्रेस पर नियंत्रण 18वीं सदी के अंत में ही प्रारम्भ हो गये थे किन्तु 1835 में मेटकॉफ ने भारतीय प्रेस को सरकारी नियंत्रण से मुक्त कर दिया लेकिन 1857 के विद्रोह के बाद प्रेस पर सरकारी नियंत्रण भारतीय समाज के राजनैतिक जागरण के साथ बढ़ता ही गया। वायसराय कर्जन के बंगाल के विभाजन के निर्णय के खिलाफ व्यापक राष्ट्रीय आंदोलन की परिस्थितियों में ब्रिटिश सरकार ने भारत में प्रेस पर नियंत्रण के कानूनों को कठोरता से लागू किया था।

**गांधी पाठकों से प्राप्त होने वाले पत्रों को न केवल समाचार पत्र में स्थान देते वरन पाठकों के पत्रों के आधार पर समाचार पत्र में अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करने के लिए आलेख भी लिखते थे। गांधी ने समाचार पत्र के सामाजिक क्लब बनाने का सुझाव दिया जिसमें एक समाचार पत्र से ही समाज के अनेक लोगों को समाचार पढ़ने में कोई आर्थिक बोझ नहीं हो सकता था। इसी तरह पढ़े-लिखे पाठकों को भी गांधी सामाजिक रूप से जिम्मेदार बनाते हुए यह सुझाव भी देते हैं कि वे निरक्षर लोगों को समाचार पढ़कर सुनायें और उन्हें जागरूक करें। आजादी की लड़ाई के दौरान जब कुछ अखबार साम्प्रदायिक तनाव बिगाड़ने की कोशिश कर रहे थे, उस समय गांधी पाठकों को यह भी चेतावनी देते हैं कि हिन्दू और मुसलमानों के खिलाफ जो कुछ लोग कहें उसे बिना जांचें हरगिज न माने।**

भारत आने पर कुछ वर्षों तक गांधी ब्रिटिश सरकार से न्यायोचित व्यवहार की ही आशा कर रहे थे, लेकिन पंजाब में रॉलेट एक्ट और जलियांवाला बाग हत्याकांड ने ब्रिटिश सरकार के प्रति गांधी का दृष्टिकोण पूरी तरह बदल दिया। जनता को जागरूक करने में समाचार पत्रों की भूमिका दक्षिण अफ्रीका में ही अनुभव करते हुये गांधी ने भारत आने के कुछ वर्षों के भीतर ही 'नवजीवन' और 'यंग इंडिया' समाचार पत्र निकालना प्रारंभ किया कुलीन वर्ग में सीमित कांग्रेस के दरवाजे उन्होंने आम जनता के लिये खोल दिये। इसी भारतीय जनता को जागरूक करने में गांधी के सम्पूर्ण भारत में दौरे एवं भाषणों का असर तो था ही, लेकिन 'यंग इंडिया' एवं 'नवजीवन' ने भी बड़ी भूमिका निभायी थी।

अपने जीवन में चार समाचार पत्रों 'इंडियन ओपीनियन' यंग इण्डिया नवजीवन और हरिजन के संचालन एवं सम्पादन के दौरान गांधी ने सैकड़ों आलेख लिखे हैं। समाचार पत्रों के साथ उनके पचास वर्ष से भी अधिक के संबंध के दौरान लिखे गये इन आलेखों के माध्यम से गांधी ने मीडिया के प्रत्येक पक्ष पर न केवल अपने विचार रखे हैं, वरन इन वर्षों में समाचार पत्र के स्वामी, सम्पादक या पत्रकार के रूप में सत्ता एवं जनता के साथ उनके कार्य व्यवहार से समाचार मीडिया पर उनकी दृष्टि भी पाठकों को स्पष्ट हो जाती है।

गांधी के लिए समाचार पत्र सदैव आम जनता को शिक्षित करने और आम जनता अथवा पत्र के पाठकों के हित व दृष्टिकोण को सत्ता और सत्ता से जुड़े अन्य संस्थान के सामने रखना रहा। इसलिये गांधी जनता को सामाजिक, राजनीतिक एवं शैक्षणिक सभी स्तरों पर बेहतर एवं जागरूक करने के लिए निरन्तर प्रयत्नशील दिखते हैं। गांधी की यह स्पष्ट राय है कि अखबारों के माध्यम से ही शासन को जनता के अभिमत का पता चलता है और यदि समाचार पत्रों पर सेंसरशिप लागू की जाती है तो फिर शासन केवल अपने अधीनस्थों की सूचना पर ही निर्भर रह जाएगा और वास्तविक जानकारी से अपरिचित रहेगा जो स्वयं शासन के लिए ही हितकर नहीं है। समाचार पत्रों की विश्वसनीयता के लिए गांधी स्पष्ट थे कि समाचार पत्र में सच्ची और विश्वसनीय खबरों को ही स्थान मिलना चाहिए। एक जगह उन्होंने यह भी कहा कि यदि खबर जिसे समाचार पत्र आवश्यकता पड़ने पर स्वयं सिद्ध नहीं कर सकते लेकिन उनके अखबार में छपती है तो वह वास्तव में अपराध ही करते हैं। समाचार पत्र अपनी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तब ही बनाये रख सकता है जबकि किसी अन्य संस्था से प्राप्त होने वाली राशि पर आर्थिक रूप से निर्भर नहीं हो इसलिए गांधी अखबारों को चलाने के लिए आय के स्त्रोत के रूप में विज्ञापनों का सहारा लेना उचित नहीं मानते। गांधी के अनुसार समाचार पत्र अपने पाठकों के नियमित ग्राहक शुल्क पर ही चलाया जाना चाहिए और यह समाचार पत्र के पाठकों की जिम्मेदारी है कि यदि वे अपने समाचार पत्र को पसंद करते हैं तो उसे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर रखने के लिए नियमित रूप से ग्राहक शुल्क प्रदान करें।

गांधी को समाचार पत्रों पर सरकार की ओर से नियंत्रण का अनुभव भारत आकर ही हुआ था। भारत में समाचार पत्रों की स्वतंत्रता के लिए मुम्बई में आयोजित एक विशाल सार्वजनिक सभा में गांधी ने प्रगतिशील राज्य के लिए स्वतंत्र सार्वजनिक पत्र की आवश्यकता स्पष्ट करते हुए अपने भाषण में कहा कि-

'एक स्वस्थ और प्रगतिशील राज्य के लिए स्वतंत्र सार्वजनिक पत्रों का होना पहली आवश्यक शर्त है और यह बात सभ्य लोगों के उचित राजनीतिक और नैतिक विकास के लिए जरूरी है; एवं सार्वजनिक जीवन के समस्त क्षेत्रों में स्वतन्त्रता का प्रवेश और उसका कायम रखा जाना लोगों के उत्थान, और सन्तोष तथा सरकार और लोगों के पारस्परिक विश्वास की अचूक गारंटी है।'

अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता गांधी इतने उच्चतम स्तर तक रखना चाहते हैं कि उनके अनुसार- 'भाषण स्वातंर्त्य का मतलब तो यही है कि हमारे वचन कितने ही कठोर और चोट पहुंचाने वाले क्यों न हो, फिर भी उस स्वतन्त्रता पर आक्रमण न किया जाये।'

समाचार पत्रों की तरह ही गांधी सम्पादक पद को भी आजीविका के लिए नहीं बल्कि लोकसेवा के लिये मान्य करते हैं। गांधी सम्पादक को यह भी सलाह देते हैं कि विरोधी पक्ष को भी अखबार में स्थान दिया जाए। गांधी समाचार पत्र को लोकप्रिय बनाये रखने के लिये स्थानीय समाचारों को भी अखबार में रखने की सलाह देते हैं। गांधी विश्वसनीय खबरों को ही समाचार पत्र में स्थान देने के लिए जोर देते हैं और यदि खबर के कारण कतिपय पक्ष से निंदा अथवा शासन पक्ष से रोष की स्थिति भी हो तो सम्पादक को निर्भीक रहने की सलाह देते हैं। पत्रकारों की विषम स्थिति से भी गांधी अपरिचित नहीं हैं। एक जगह गांधी ने पत्रकारों की विषम स्थिति के संबंध में लिखा है कि-

'पत्रकार का जीवन कभी सुख-चैन का जीवन नहीं होता। उस पर वे जिम्मेदारियां होती है जिनका शायद जनता को समुचित खयाल भी नहीं होता। एक तरफ तो उसे अपने मालिकों को खुदा रखना पड़ता है और दूसरी ओर लोकमत का प्रतिनिधित्व करना होता है। ऐसा करने में उसे बड़ा त्याग करना पड़ सकता है। उसको अक्सर परस्पर विरोधी स्वाथों से निबटना पड़ता है और उसके सामने जो मामले आते हैं उन पर जनता के दृष्टिकोण से ही नहीं, बल्कि अपने दृष्किोण से भी विचार करना पड़ता है और जब उसके अपने ही शुद्ध अन्त:करण से मान्य विचार किसी खास मामले में लोकमत के विपरीत होते हैं तब स्थिति बड़ी नाजुक हो जाती है।'

यह स्थिति आज भी समाचार मीडिया में अनुभव की जा सकती है। गांधी के साथ अनेक घटनाएं हुईं जिनमें पत्रकारों के द्वारा गांधी के कहे को उनकी भावना के अनुरूप प्रकाशित नहीं किया गया और गांधी को इसके लिए सफाई देना पड़ी। उस समय भी गांधी पत्रकारिता के गिरते स्तर से चिंतित थे और उनके अनुसार भारत में जिसे कोई दूसरा काम नहीं मिलता और थोड़ा भी पढ़ना लिखना जानता है, वह अखबार नवीसी करने लगता है। इसे आज भी अनुभव किया जा सकता है। गांधी देशी भाषा के समाचार पत्र एवं पत्रकारिता के सदैव पक्षधर रहे क्योंकि देशी भाषा को समझने वाले भारतीयों की संख्या अंग्रेजी समझने वालों की तुलना में बहुत अधिक थी और अखबार का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचना ही रहता है। गांधी के अनुसार पत्रकार की समाज में भूमिका जनता को सही दिशा की ओर ले जाना है हालांकि गांधी कतिपय पत्रकारों द्वारा पीत पत्रकारिता के अन्तर्गत झूठी शिकायतों के सहारे पैसा वसूलने की घटनाओं से भी परिचित थे। ऐसी पत्रकारिता से इससे बचने का एक ही उपाय गांधी बताते हैं कि ऐसे असत्य लेखों की कोई चिन्ता ही न की जाए। आजादी के समय बढ़ते साम्प्रदायिक तनाव में पत्रकारों एवं समाचार पत्रों द्वारा असत्य खबरों के माध्यम से साम्प्रदायिक तनाव बढ़ाने को लेकर भी गांधी बहुत चिंतित रहे।

गांधी पाठकों से प्राप्त होने वाले पत्रों को न केवल समाचार पत्र में स्थान देते वरन पाठकों के पत्रों के आधार पर समाचार पत्र में अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करने के लिए आलेख भी लिखते थे। गांधी ने समाचार पत्र के सामाजिक क्लब बनाने का सुझाव दिया जिसमें एक समाचार पत्र से ही समाज के अनेक लोगों को समाचार पढ़ने में कोई आर्थिक बोझ नहीं हो सकता था। इसी तरह पढ़े-लिखे पाठकों को भी गांधी सामाजिक रूप से जिम्मेदार बनाते हुए यह सुझाव भी देते हैं कि वे निरक्षर लोगों को समाचार पढ़कर सुनायें और उन्हें जागरूक करें। आजादी की लड़ाई के दौरान जब कुछ अखबार साम्प्रदायिक तनाव बिगाड़ने की कोशिश कर रहे थे, उस समय गांधी पाठकों को यह भी चेतावनी देते हैं कि हिन्दू और मुसलमानों के खिलाफ जो कुछ लोग कहें उसे बिना जांचें हरगिज न माने। प्रेस की स्वतंत्रता बरकरार रखने के लिए ब्रिटिश सरकार द्वारा प्रेस का नियंत्रण किये जाने की स्थिति पर गांधी पाठकों को चलता-फिरता समाचार पत्र बनकर समाचार एक दूसरे को सुनाने की सलाह देते हैं। आजादी के बाद भी अखबार में साम्प्रदायिक सदभाव को बिगाड़ने वाली असत्य घटनाओं के प्रकाशन से चिंतित होकर गांधी पाठकों से यह अपील करते हैं कि-

'आज़ादी के जमाने में तो यह पब्लिक का फर्ज हो जाता है कि गन्दे अखबारों को न पढ़ें, उनको फेंक दें। जब उन्हें कोई लेगा नहीं तो वे अपने-आप ठीक रास्ते पर चलने लगेंगे। अगर हम ऐसा करेंगे तो अखबार अपना सच्चा धर्म का पालन करेंगे।'

## राजनीति से प्रेरित है गांधी से नफ़रत का अभियान

संयुक्त राष्ट्र ने 2 अक्टूबर 'अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस' के रूप में घोषित किया है। दुनिया ने गांधी को शांति के दूत के रूप में मान्यता दी है। अहिंसा और शांति के वैश्विक प्रतीक के रूप में गांधी के सम्मान में कुल 102 देशों ने उनकी प्रतिमाएं स्थापित की हैं। वे पिछली दो सहस्राब्दियों में जन्म लेने वाले 10 उत्कृष्ट व्यक्तित्वों में से एक हैं जिनके बारे में सबसे अधिक लिखा गया है।

हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सार्वजनिक रूप से कहा है कि, 'गांधीजी एक वैश्विक प्रतीक हैं और अहमदाबाद में उनके निवास साबरमती आश्रम को एक विश्व स्तरीय स्मारक में बदल दिया जाएगा।' 1200 करोड़ रुपये की इस महत्वाकांक्षी योजना पर काम चल रहा है। भारत का शीर्ष नेतृत्व गांधीजी को छोड़ने का जोखिम नहीं उठा सकता। यह स्पष्ट रूप से समझा जाता है कि गांधीजी भारत का वैश्विक चेहरा हैं। इसलिए उनका निरतंर उल्लेख किया जाना जारी है।

प्रधानमंत्री ने नवंबर, 2014 से सितंबर, 2025 तक विदेशी संसदों में दिए 17 भाषणों में से 6 में महात्मा गांधी का सीधे उल्लेख किया है। उन्होंने कई अन्य अवसरों पर अप्रत्यक्ष रूप से गांधीजी का उल्लेख किया है। उन्होंने बापू को अंतरराष्ट्रीय ब्रांडिंग के लिए इस्तेमाल किया है। स्थिरता और समानता के बारे में बात करते हुए उन्होंने गांधी के मूलभूत सिद्धांतों का उल्लेख किया है। मोदी के अंतरराष्ट्रीय भाषणों में अक्सर गांधी के 'वसुधैव कुटुम्बकम' के संदेश का उल्लेख होता है। उनके राजनयिक उद्देश्यों में यह संदेश उनकी अच्छी मदद कर रहा है।



डा. सुदर्शन अयंगर

**अपने जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा गांधीजी ने जाति आधारित हिंसा के खिलाफ स्पष्ट और संरचनात्मक दोनों तरह से बिताया। दलितों को संवैधानिक अधिकार दिलाने के संघर्ष का नेतृत्व करने वाले डॉ. बीआर अंबेडकर के साथ अपने तीखे मतभेदों के बावजूद लोगों के दिलो-दिमाग से अस्पृश्यता को दूर करने के अपने अभियान को गांधीजी ने जारी रखा था।**

उन्होंने देश में भी 2 अक्टूबर, 2014 को 'स्वच्छ भारत अभियान' की शुरुआत की। हाल ही में वे स्वदेशी पर मुखर रहे हैं। प्रतीकवाद अपने चरम पर है। दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-3 में चेक-इन सेक्शन में प्रवेश करते हुए कोई भी व्यक्ति एक विशाल चरखा देख सकता है। यह हस्तचालित चरखा बर्मा सागौन से बना है और इसका वजन चार टन है। द्वार 4 और 5 के बीच चरखे के नीचे स्थापित पट्टिका में गांधीजी के योगदान का स्पष्ट रूप से उल्लेख है। स्थापना के अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा था-'चरखा आईजीआई हवाई अड्डे पर यात्रियों को भारत की कालातीत विरासत तथा स्थिरता और सद्भाव के मूल्यों की याद दिलाने का काम करेगा और इसी उद्देश्य से इसे बनाया गया है।' उन्होंने देश के नागरिकों से खादी को अपनाने की अपील की है। दुनिया के किसी भी कोने से आने वाला यात्री अहमदाबाद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 'गांधीजी के पदचिह्न' नामक एक छोटी सी प्रदर्शनी को देखने का अवसर नहीं छोड़ता है।

इसके बावजूद जिस देश में वे पैदा हुए, रहे और अपना बलिदान दिया, वहां उनके खिलाफ पिछले 25 वर्षों के दौरान एक घृणा अभियान तेज हो गया है। गांधी नफरत करने लायक व्यक्ति बन गए हैं। मुसलमानों के प्रति उनके कथित पक्षपात के लिए उनसे नफरत की जाती है। अस्पृश्यता को दूर करने के लिए उनके 15 साल के अथक प्रयत्नों का मजाक उड़ाया जाता है। सरदार वल्लभ भाई पटेल और नेताजी सुभाषचंद्र बोस की अनदेखी करने के लिए उनकी निंदा की जाती है। भगत सिंह की फांसी के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराया गया है। देश के स्वतंत्रता आंदोलन में उनका योगदान हाशिए पर है। बोस द्वारा उन्हें दी गई 'राष्ट्रपिता' की उपाधि का उपहास उड़ाया जाता है। सोशल मीडिया ने हम भारतीयों के मन में गांधी की छवि को नष्ट कर दिया है।

'गांधी का गुजरात' आज एक बुरा शब्द है। जहरीली नफ़रत के साथ प्रकट और छिपी हुई हिंसा ने लोगों के दिलो-दिमाग पर कब्जा कर लिया है। कट्टरपंथी हिंदू भीड़ बेहिचक आगे बढ़ रही है और कानून के रक्षक भी उन पर विशेष रोक-टोक नहीं करते। यह जानकर दुख होता है कि कट्टरपंथियों की भीड़ नवरात्रि गरबा महोत्सव के आयोजकों से कड़ी पूछताछ करती है कि मुसलमानों को कितने पास और टिकट जारी किए गए हैं। एक तरफ गरबा नृत्य चल रहा है तो उसी समय भीड़ मुस्लिम प्रतिभागियों की जांच करती है।

इस साल की शुरुआत में राजनीतिक रैलियों, धार्मिक जुलूसों, विरोध मार्च और सांस्कृतिक समारोहों जैसे कार्यक्रमों में हुए भाषणों में अभद्र भाषा के उपयोग की संख्या बढ़ी है। 2024 में 1,165 मामले सामने आए जबकि एक साल पहले इनकी संख्या 668 थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले साल चुनाव अभियान के दौरान नफ़रत फैलाने वाले भाषण चरम पर थे।

अपने जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा गांधीजी ने जाति आधारित हिंसा के खिलाफ स्पष्ट और संरचनात्मक दोनों तरह से बिताया। दलितों को संवैधानिक अधिकार दिलाने के संघर्ष का नेतृत्व करने वाले डॉ. बीआर अंबेडकर के साथ अपने तीखे मतभेदों के बावजूद लोगों के दिलो-दिमाग से अस्पृश्यता को दूर करने के अपने अभियान को गांधीजी ने जारी रखा था। क्या अंबेडकर और गांधी दोनों के प्रयासों को हम भारतीय विफल नहीं कर रहे हैं? 2025 में भी तथाकथित उच्च और श्रेष्ठ जाति के लोगों ने दलितों का अपमान करने, निंदा करने, शोषण, बलात्कार, घायल करने और मारने का कोई मौका नहीं छोड़ा।

गांधी के प्रति नफ़रत का अभियान सुनियोजित और राजनीति से प्रेरित है। इस तरह के प्रायोजित हमले के पीछे का दिमाग धोखेबाज है। जातिगत मानसिकता पूरी तरह से खेल खेलती है। नफ़रत करने वाले लोग भारत में मुसलमानों को 'सबसे निचली जाति' बनाना चाहते हैं जिसे समाज में हलके दर्जे के काम करने के लिए मजबूर किया जाए। ये तत्व चाहते हैं कि उन्हें गरीबी और दरिद्रता में सड़ना और दबाव में आकर इस देश को छोड़ देना चाहिए। हम भारत के नागरिक क्या इस बात को समझते हैं कि हम नफ़रत, निंदा व भेदभाव कर, चोट पहुंचाकर और हत्या करके दुश्मनी का माहौल बना रहे हैं? कोई भी प्रत्यक्ष, छिपी हुई और संरचनात्मक हिंसा मजबूत भावनाओं और कड़वाहट को जन्म देती है जो हिंसा की जड़ है।

हमें समझना चाहिए कि जब किसी वर्ग को निशाना बनाया जाता है और उसका बहिष्कार किया जाता है तथा जब लोग सीधे तौर पर व राज्य धोखे से यह खेल खेलते हैं, तो पीड़ित समूह नाराज होकर बदला लेने पर उतारू हो जाता है। ऐसे समुदायों में रोटी कमाने वालों को उचित अवसर नहीं दिए जाते। वे ऐसी मुश्किल या कठिन परिस्थितियों में डाल दिए जाते हैं जहां से उनके पास निकलने का कोई विकल्प नहीं रह जाता। यह परिस्थिति नफ़रत और हिंसा के एक नए चक्र को जन्म दे सकती है जो भारत को बर्बाद कर देगी।

अहिंसा के वैश्विक प्रतीक महात्मा गांधी ने जाति आधारित हिंसा को समाप्त करने और हिंदू-मुस्लिम एकता को बढ़ावा देने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। फिर भी आधुनिक भारत में उनकी विरासत को षड्यंत्रपूर्वक रचे घृणा अभियानों के माध्यम से बदनामी का सामना करना पड़ता है। अस्पृश्यता को मिटाने और समानता को बढ़ावा देने के उनके प्रयासों के बावजूद 2025 में भी दलितों और मुसलमानों को भेदभाव, शोषण और हिंसा का सामना करना पड़ रहा है जो गांधी और डॉ. अंबेडकर दोनों के दृष्टिकोण को धोखा दे रहा है।

सामाजिक और राजनीतिक ताकतें अल्पसंख्यकों को हाशिए पर डाल देती हैं, बहिष्कार एवं प्रतिरोध के माध्यम से उन्हें 'सबसे निचली जाति' के रूप में मानती हैं जिससे दुश्मनी और संभावित प्रतिशोध का माहौल पैदा होता है। सत्य, अहिंसा और वैश्विक एकता पर जोर देने वाले गांधी के सत्याग्रह के दर्शन ने दुनिया भर के आंदोलनों को प्रेरित किया लेकिन संकीर्ण लाभ के लिए इतिहास को तोड़-मरोड़कर पेश करने वालों से भारत को खतरा है। गांधी की 156वीं जयंती पर भारत को नफ़रत को अस्वीकार करना चाहिए, अंतरधार्मिक संवाद को अपनाना चाहिए और अलगाव को दूर करने तथा शांतिपूर्ण भविष्य को सुरक्षित करने के लिए न्याय को बनाए रखना चाहिए।

**(लेखक महात्मा गांधी द्वारा 1920 में स्थापित गुजरात विद्यापीठ के पूर्व कुलपति हैं। सिंडिकेट: द बिलियन प्रेस)**

उल्टा पुल्टा


एक आदमी एक रेस्टोरेंट में वेटर से पूछता है- यहां एक्सप्रेस कितने वक्त लगता है?

वेटर ने कहा- आपकी उम्र के आधार पर सर, इंडिया एक्सप्रेस बहुत ज्यादा लगती है!

# छत्तीसगढ़ में भारी बारिश और वज्रपात का अलर्ट

**बिलासपुर**, 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़ के लिए एक बड़ी चेतावनी जारी की है। प्रदेश में अगले दो दिनों तक मौसम का मिज़ाज पूरी तरह बदलने वाला है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो सकता है।

बंगाल की खाड़ी में बना गहरा अवदाब, जिसे हम डीप डिप्रेशन कहते हैं, अब उत्तर-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ रहा है। मौसम विभाग का कहना है कि यह सिस्टम आज शाम तक ओडिशा और आंध्रप्रदेश के तटीय इलाकों को पार करेगा, लेकिन इसका सीधा असर छत्तीसगढ़ के मौसम पर भी पड़ेगा। इसके साथ ही दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी रेखा भी अब मध्य भारत से गुज़र रही है, जो बारिश की गतिविधियों को और तेज़ करेगी।अगर हम पिछले 24 घंटों की बात करें, तो छत्तीसगढ़ के सभी संभागों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई है।



सर्वाधिक बारिश पखांजूर में 6 सेंटीमीटर रिकॉर्ड की गई। इसके अलावा गीदम, छिंदगढ़, कुटरू और बलरामपुर में भी 5-5 सेंटीमीटर वर्षा हुई है।मौसम विभाग के अनुसार, कल यानी 3 अक्टूबर को प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है, लेकिन चेतावनी यह है कि एक-दो स्थानों पर भारी से अति भारी बारिश के साथ मेघगर्जन और वज्रपात (बिजली गिरना) भी हो सकता है।

अगले दो दिनों तक यह सिलसिला जारी रहेगा। यानी हल्की से मध्यम बारिश के साथ-साथ कुछ इलाकों में भारी बारिश और गरज-चमक के साथ बिजली गिरने की आशंका बनी रहेगी।

मौसम विभाग ने लोगों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है।खेतों, खुले मैदानों और पेड़ों के नीचे खड़े होने से बचें।मेघगर्जन और वज्रपात की स्थिति में सुरक्षित स्थानों पर ही शरण लें। ज़रूरत न हो तो घर से बाहर न निकलें।

# प्रभु श्री राम के मार्ग पर चलकर हम सब विकसित राष्ट्र बनाएं-अमर

## सार्वजनिक दशहरा महोत्सव में विधायक अमर ने किया रावण का दहन

## नगर पालिक निगम द्वारा पुलिस ग्राउंड में आयोजित किया गया था कार्यक्रम

## भव्य आतिशबाजी ने बिखेरी सतरंगी छटा,राम मंदिर से निकली झांकी



**बिलासपुर**, 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुलिस ग्राउंड में आयोजित सार्वजनिक दशहरा महोत्सव में मुख्य अतिथि बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल ने 70 फीट रावण का किया दहन। इससे पूर्व विधायक श्री अग्रवाल ने प्रभु श्री राम के छायाचित्र और झांकी में बने श्री राम दरबार का पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरूआत की।

इस अवसर पर विधायक अमर अग्रवाल ने उपस्थित गन समूह को दशहरा पर्व की बधाई देते हुए कहा की हमारे जीवन में प्रभु श्रीराम के रूप में जीवन का एक आदर्श सिद्धांत है,जिसके अनुरूप चलकर हम सब अपना और दूसरों का जीवन संवार सकते है। ये हमारा सौभाग्य है कि इस जीवन में हम प्रभु श्री राम को पुनः अयोध्या में पधारते देखें है। इस पुनीत अवसर पर आइए हम सब संकल्प लें कि प्रभु श्री राम के बताएं मार्ग में चलकर 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य में अपना योगदान दें।

### राम मंदिर से निकली झांकी

परपंरा अनुसार दोपहर तीन बजे तिलक नगर स्थित श्री राम मंदिर से श्री राम जानकी और लक्ष्मण की झांकी निकाली गई जो शहर के मुख्य मार्ग से पुलिस ग्राउंड तक पहुंची।

# मां सतबहनियां दाई मंदिर कुदुदण्ड चांदनी चौक में क्वांर नवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया

## जस गीत मंडली के साथ धूमधाम से ज्वारा विसर्जन महामाया तलाब सकरी में किया गया

**बिलासपुर**, 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। मां सतबहनियां महिला सेवा समिति कुदुदण्ड के महिलाओं द्वारा क्वार नवरात्रि पर्व बड़े धूम-धाम से मनाया। नवरात्रि पर्व आरंभ 22 सितम्बर को मंदिर में विराजमान जगत जननी दुर्गा मां की और मां सतबहनियां दाई की श्रृंगार कर पूजा अर्चना कर नवरात्रि पर्व आरंभ किये। पहला दिन



विधिपूर्वक पूजन कर मां दुर्गा जी और सतबहनियां की श्रृंगार कर सभी समिति के सदस्यों ने किये। मंदिर में मनोकामना ज्योति कलश पं. बद्री प्रसाद मिश्रा द्वारा प्रज्वलित करवा गया और फिर ज्वारा बोवाई सभी सदस्यों के करवाया गया।

प्रतिदिन मंदिर में सुबह शाम विधि विधान से पूजा पाठ पंडित बद्री प्रसाद मिश्रा द्वारा करवाया गया। महिला समिति द्वारा भजन कीर्तन और जसगीत का आयोजन रोज मां के दरबार में किया जाता रहा। पंचमी, सप्तमी पूर्व विशेष रहा जिसमें लोग मां के दरबार में दूर दूर से दर्शन करने पहुंचे। पूरा मोहल्ला भक्ति मय वातावरण में डूबा रहा।

दुर्गा अष्टमी पर्व पर शाम 5 बजे हवन कार्यक्रम में सभी समिति और मोहल्ले वाले भाग लिए। समिति के महिलाओं ने आज सुबह से ही तैयारी में लगे रहे। मां सतबहनियां दाई और मंदिर प्रांगण में विराजमान जगत जननी मां दुर्गा जी का श्रृंगार किया गया। उसके बाद विधि-विधान से पूजा-पाठ किया गया। मां को अठवाई और 56 भोग लगाया गया। पूजा अर्चना के हवन का कार्य किया गया। नवमीं के दिन मंदिर प्रांगण में कन्या भोज का आयोजन किया गया था, जिसमें मां दुर्गा रूप में छोटे छोटे बच्चों ने भाग लिए। उसके बाद भण्डारा का आयोजन था जिसमें समिति के सदस्यों के साथ सभी मोहल्ले के लोग भोग भण्डारा का आनंद लिए। उसके बाद शाम को मंदिर में ज्वारा विसर्जन का कार्यक्रम किया।

जस गीतों के साथ मंदिर प्रांगण में पूजा-अर्चना कर ज्वारा विसर्जन समिति और मोहल्ले वालों के सहयोग से धूमधाम से जस गीतों के साथ ज्वारा निकाला गया। मंदिर से निकलकर कुदुदण्ड चांदनी चौक, शिव मंदिर होते हुए सेफर स्कूल तक मादर के थाप पर लोगों में बहुत उत्साहित नजर आये। पूरा कुदुदण्ड भक्ति मय वातावरण में डूबे गया था।

# कलेक्टर ने क्यूआर कोड का स्कैन कर ली मनरेगा की जानकारी

**बिलासपुर**, 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। मनरेगा के कार्यों में पारदर्शिता के लिए जिले की सभी 486 ग्राम पंचायत भवनों में क्यू आर कोड चस्पा किया गया है। विशेष ग्राम सभा में शामिल होने शिवतराई पहुंचे कलेक्टर संजय अग्रवाल ने इस पहल का परीक्षण किया। उन्होंने अपनी मोबाइल से पंचायत भवन की दीवार में चस्पा किए गए क्यू आर कोड को स्कैन किया। तत्काल उनके मोबाइल पर जानकारी पहुंच गई। उन्हें पल भर में पंचायत में मनरेगा के तीन साल की रिपोर्ट मिल गई। इनमें स्वीकृत कार्य, स्वीकृत राशि, मानव श्रम दिवस, भुगतान आदि की जानकारी शामिल है। कलेक्टर ने जिला पंचायत की इस पहल को पारदर्शिता और जनभागीदारी के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल और उप संचालक शालिनी सिंह भी उपस्थित थीं।



# सिम्स में अब शाम 6 बजे के बाद संदिग्ध व्यक्तियों की 'नो एंट्री'

## अस्पताल में नई सुरक्षा व्यवस्था लागू

**बिलासपुर**, 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (सिम्स) में लगातार बढ़ती चोरी, पाकेटमारी और उठाईगिरी की घटनाओं को देखते हुए अब प्रबंधन ने सख्त कदम उठाया है। अस्पताल प्रशासन ने नया नियम लागू करते हुए तय किया है कि अब शाम 6 बजे के बाद किसी भी संदिग्ध व्यक्ति को अस्पताल में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। यह निर्णय मरीजों व उनके परिजनों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

### चोरी-पाकेटमारी की घटनाओं ने बढ़ाई चिंता

पिछले कुछ समय में सिम्स परिसर में चोरी और पाकेटमारी की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। आसपास के सक्रिय चोर गिरोह




खासकर ग्रामीण इलाकों से इलाज कराने आने वाले मरीजों व उनके परिजनों को निशाना बना रहे हैं। वाहन चोरी के साथ-साथ अस्पताल के गलियारों में उठाईगिरी आम बात बन चुकी है। सुरक्षा में ढिलाई और शाम के समय सन्नाटा रहने का फायदा उठाकर ये गिरोह चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।

### 29 वार्डों में सुरक्षा देना चुनौती

सिम्स में इस समय कुल 29 वार्ड संचालित हैं, जिनमें रोजाना सैकड़ों मरीज भर्ती रहते हैं। इतने बड़े परिसर में हर वार्ड की निगरानी करना सुरक्षा कर्मियों के लिए बड़ी चुनौती बन चुका है। सुरक्षा स्टाफ की सीमित संख्या और बढ़ते अपराधों ने प्रबंधन को सख्त कदम उठाने के लिए मजबूर कर दिया।

### शाम 6 बजे के बाद लागू होगी नई व्यवस्था

नई व्यवस्था के तहत शाम 6 बजे के बाद केवल उन्हीं लोगों को अस्पताल भवन में प्रवेश की अनुमति होगी जिनके परिजन या मरीज भर्ती हैं। संदिग्ध व्यक्तियों की अस्पताल परिसर में आवाजाही पर पूरी तरह रोक रहेगी। उम्मीद जताई जा रही है कि इस नियम के लागू होने से चोरी और अपराध की घटनाओं में काफी कमी आएगी तथा मरीजों और परिजनों की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी।

# प्रवीण झा ने महामाया मंदिर में किए दर्शन, मार्ग में श्रद्धालुओं को वितरित किया प्रसाद

**बिलासपुर**, 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। नवरात्र महापर्व के अवसर पर शहर के सुप्रसिद्ध समाजसेवी प्रवीण झा ने अपने पूरे परिवार सहित माँ महामाया के पावन दरबार में पहुँचकर विशेष पूजन-अर्चन की। मंदिर आरती और दुर्गा सप्तशती के मंत्रोच्चार के बीच झा परिवार नतमस्तक हुआ और माँ महामाया से सुख-समृद्धि एवं समाज के मंगल की कामना की। पूजन उपरांत उन्होंने मंदिर में पहुंचने वाले भक्तजनों को भोग अर्पित कर प्रसाद वितरण किया। राहगीरों और स्थानीय लोगों ने श्रद्धा से प्रसाद ग्रहण किया और माँ के जयकारों से वातावरण गूंज उठा।

इस अवसर पर प्रवीण झा ने कहा-माँ महामाया के दरबार में आकर अद्भुत शांति और ऊर्जा मिलती है। माता का आशीर्वाद सभी पर बना रहे, यही मेरी प्रार्थना है।

### *नैला और डोंगरगढ़ दर्शन*

माँ महामाया मंदिर के दर्शन उपरांत झा परिवार ने नैला स्थित दुर्गा पंडाल पहुँचकर पूजा-अर्चना की। वहाँ समिति सदस्यों और श्रद्धालुओं से भेंट कर उन्होंने नवरात्र की



शुभकामनाएँ दीं। इसके साथ ही परिवार ने डोंगरगढ़ स्थित माँ बम्लेश्वरी मंदिर में भी दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा-डोंगरगढ़ आकर हर बार आत्मिक संतोष और नई शक्ति का अनुभव होता है। माँ बम्लेश्वरी की कृपा से प्रदेशवासियों के जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहे।

### *शहर की समितियों में सहभागिता*

नवरात्र पर्व के दौरान प्रवीण झा परिवार सहित शहर की विभिन्न दुर्गा उत्सव समितियों में भी सम्मिलित हुए। बहतराई स्टेडियम, सरकंडा सार्वजनिक दुर्गा पूजा, प्रगति संघ काली बाड़ी,छत्तीसगढ़ दुर्गा उत्सव समिति, जबड़ा पारा

मध्य नगरी दुर्गोत्सव समिति, मध्य नगरी चौक,विकासशील दुर्गा उत्सव समिति, जूनी लाइन,नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति,साईं परिसर सांस्कृतिक एवं पूजा समिति, श्रीकांत वर्मा मार्ग नव प्रभात दुर्गा उत्सव समिति, हर स्थान पर उन्होंने माता के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित की, समिति पदाधिकारियों और श्रद्धालुओं से भेंट की और सामूहिक आरती में भाग लिया। पूरे आयोजन में श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में मौजूदगी रही। जगह-जगह लोगों ने झा परिवार का स्वागत किया और आशीर्वाद प्राप्त करने की भावना से उनके साथ जुड़ते गए। प्रवीण झा ने कहा नवरात्र केवल धार्मिक पर्व ही नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने और सेवा का अवसर है। माँ दुर्गा की कृपा से हम सबके जीवन में शांति और उन्नति बनी रहे।

# केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल भरनी में अधिकारियों एवं जवानों द्वारा किया गया रक्तदान

**बिलासपुर**, 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर ग्रुप केन्द्र, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस में राज कुमार, उप महानिरीक्षक ग्रुप केन्द्र, बिलासपुर के मार्गदर्शन में ग्रुप केन्द्र अस्पताल तथा छत्तीसगढ प्रांतीय अग्रवाल संगठन बिलासपुर महिला इकाई एवं पायल एक नया सवेरा वेलफेयर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वधान में व्यापक पैमाने पर बिलासा ब्लड सेंटर संस्था के लिए रक्तदान शिविर का अयोजन किया गया। जिसमें ग्रुप केन्द्र बिलासपुर के उप महानिरीक्षक राज कुमार द्वारा सर्व प्रथम रक्तदान कर अपने अन्य अधिकारियों, अधिनस्थ अधिकारियों तथा जवानों का हौसला बढ़ाया एवं सभी को संदेश देते हुए कहा कि इस रक्तदान का उद्देश्य मानवता को परिलक्षित करते हुए निस्वार्थ भाव से रक्तदान किया जा रहा है, ताकि गंभीर रूप से बीमार रोगियों या किसी दुर्घटना से घायल लोगों के लिए रक्त की कमी को पूरा किया जा सके एवं उसके जीवन को बचाया जा सके। त्योहारों के समय मे अधिकतम जवानों के अवकाश जाने के उपरान्त भी कैम्प में उपस्थित 27 लोगों ने उत्साहित होकर रक्तदान किया।

इस अवसर पर मनोज कुमार, कमाण्डेन्ट, डॉ0 अशलेशा कोहड (मुख्य चिकित्सा अधिकारी), श्रीमती पायल लाठ तथा उनके टीम के सदस्य, अवजीत प्रभात सहा कमा0 श्रीमती नीलिमा नर्जरी, उप कमा0 (मंत्रालय), श्रीमति कलावती ठाकुर, (सहायक कमाण्डेन्ट), सुशील पाण्डेय, सहायक कमा0 (मंत्रालय), पी0 नर्जरी, सहायक कमाक्त (मंत्रालय) तथा साथ में समूह केन्द्र तथा चिकित्सालय केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल बिलासपुर के अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी, जवान एवं महिला उपस्थित रहे।

# एसईसीएल मुख्यालय में विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया

**बिलासपुर**, 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। एसईसीएल इंदिरा विहार डिस्पेंसरी में प्रमुख (चिकित्सा सेवाएँ) डा. श्रुतिदेव मिश्रा के मुख्य आतिथ्य, इंदिरा विहार स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डा. अरिहंत जैन के विशिष्ट आतिथ्य, एसईसीएल मुख्यालय के सभी चिकित्सकों, पैरा मेडिकल स्टाफ, समस्त कर्मचारियों एवम स्टाफ की उपस्थिति में थिंक हेल्थ, थिंक फार्मासिस्ट थीम पर विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया ।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में मुख्य अतिथि एवम विशिष्ट अतिथि दवारा भगवान धन्वन्तरी चित्र के समीप दीप-प्रज्ज्वलन किया गया उपरान्त समस्त उपस्थितों फूलमाला, पुष्प अर्पण किये पश्चात मुख्य अतिथि एवम विशिष्ट अतिथि का आत्मीय स्वागत किया गया ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रमुख (चिकित्सा सेवाएँ) डा. श्रुतिदेव मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि हर वर्ष माह सितम्बर में विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाने का उदेश्य फार्मासिस्टों के सार्वजनिक स्वास्थ्य और चिकित्सा सुरक्षा में योगदान के लिए सम्मानित करने हेतु मनाया जाता है । इस वर्ष, 2025, विश्व फार्मासिस्ट दिवस का विषय है स्वास्थ्य के बारे में सोचें, फार्मासिस्ट के बारे में सोचें यह विषय केवल दवाएं वितरित करने से कहीं आगे बढकर, प्रमुख स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के रूप में फार्मासिस्टों की मत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालता है । यह अवसर स्वास्थ्य प्रसेवा में उनके महत्वपूर्ण योगदान-दवाओं



की सही आपूर्ति, रोगी देखभाल, स्वास्थ्य जागरूकता बढाने आदि को उजागर करता है।

विशिष्ट अतिथि डा. अरिहंत जैन ने कहा फार्मासिस्ट दिवस स्वास्थ्य सेवा में फार्मासिस्टों की महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता, उत्सव और सम्मान देता है। यह दिन फार्मेसी के क्षेत्र में अग्रिम पंक्ति में काम करने वाले, धैर्य और करुणा का परिचय देने वालों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करता है। उनकी प्रतिबद्धता, कठिन रोगियों से निपटने की क्षमता, डॉचिकित्सकों की लिखावट समझने की कुशलता और अतिरिक्त घंटे काम करने के बावजूद उनकी निरंतर मुस्कान की सराहना करते हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि दवारा सभी फार्मासिस्टों श्रीमती शैलजा दाभाडे, प्रणब दास, पंकज कुमार जायसवाल, आलोक जायसवाल, मनमोहन टेलर, नीलेश अहिरवार, श्रीमती अमीता जायसवाल को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया तथा उनके दवारा चिकित्सा क्षेत्र में किया जा रहे कार्यों की सराहना की गयी । इस अवसर पर अमृत फार्मेसी के सभी फार्मासिस्टों को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया ।

इस विश्व फार्मासिस्ट दिवस के विषय पर एसईसीएल के चीफ फार्मासिस्ट नीलेश अहिरवार एवम अमृत फार्मेसी की श्रीमती अंकिता पाण्डेय ने विस्तृत प्रकाश डाला एवम चिकित्सा क्षेत्र में फार्मासिस्टों की भागीदारी एवम महत्ता पर प्रकाश डाला । कार्यक्रम में उद्घोषणा का दायित्व श्रीमती सीना बिन्नी, श्रीमती अनुपमा क्षेत्री एवम श्रीमती विनीता मसीह दवारा निभाया गया।

# महिला पुलिस अधिकारियों ने किया शस्त्र पूजन और हर्ष फायर,नई शुरुआत

**बिलासपुर**, 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। विजयादशमी का पावन अवसर इस बार पुलिस लाइन में आत्मविश्वास, शक्ति और अदम्य साहस के नाम रहा! शस्त्र पूजन का यह आयोजन उन सदियों पुरानी रूढ़ियों को तोड़ता दिखा, जो महिलाओं को कुछ ही भूमिकाओं तक सीमित रखती हैं। वरिष्ठ महिला पुलिस अधिकारियों ने न केवल पूर्ण विधि-विधान से शस्त्रों की पूजा की, बल्कि सिविल ड्रेस में हाथों में बंदूक थामकर आकाश की ओर हर्ष फायरिंग कर नारी सशक्तिकरण की एक ऐतिहासिक मिसाल पेश की। इस अविस्मरणीय दृश्य को देखकर पुलिस लाइन तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

एएसपी अर्चना झा, एएसपी गरिमा द्विवेदी, डीएसपी रश्मीत कौर चावला और एसडीओपी नूपुर उपाध्याय जैसी अधिकारियों का यह निर्भीक प्रदर्शन हर उस युवती के लिए एक मजबूत संदेश था, जो पुलिस सेवा में आने का सपना देखती है। आज की इन तस्वीरों ने स्पष्ट कर दिया है कि महिलाएँ अब सिर्फ परिवार में नहीं, बल्कि साहस और जिम्मेदारी के हर मोर्चे पर नेतृत्व करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

सिविल ड्रेस में हाथों में शस्त्र थामे, शूट करती इन अधिकारियों की तस्वीरें न केवल किसी फिल्म के दृश्य से कम नहीं थीं, बल्कि ये हर उस युवती के लिए एक मजबूत संदेश थीं जो पुलिस सेवा में आने का सपना देखती है।

### परंपरा का निर्वहन, शक्ति का प्रदर्शन

इस ऐतिहासिक शस्त्र पूजन में जिले



की कई वरिष्ठ महिला पुलिस अधिकारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इनमें प्रमुख रूप से एएसपी अर्चना झा , एएसपी गरिमा द्विवेदी, डीएसपी हेड क्वार्टर रश्मीत कौर चावला और एसडीओपी कोटा नूपुर उपाध्याय शामिल थीं। इन सभी राज्य पुलिस सेवा की अधिकारियों ने शस्त्र पूजन के बाद हर्ष फायरिंग कर यह स्पष्ट कर दिया कि आज महिलाएँ साहस और जिम्मेदारी के हर मोर्चे पर पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी हैं।एसएसपी रजनेश सिंह और एएसपी सीएसपी सहित अन्य अधिकारियों और जवानों ने इस नज़ारे को गर्व और उत्साह से भरा हुआ बताया।

### एसएसपी रजनेश सिंह का सशक्त संदेश

एसएसपी रजनेश सिंह ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा, शस्त्र पूजन में महिला अधिकारियों की भागीदारी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि आने वाला कल नारी शक्ति का है। यह दृश्य उन सभी बेटियों के लिए प्रेरणा है, जो दृढ़ संकल्प और मेहनत से पुलिस की वर्दी पहनकर देश-प्रदेश की सेवा करना चाहती हैं। यह साबित करता है कि महिलाएँ अब चुनौती4पूर्ण और जिम्मेदारी भरे हर क्षेत्र में अदम्य साहस का परिचय दे रही हैं।

यह आयोजन उन रूढ़ियों को तोड़ता है जो महिलाओं को केवल कुछ विशेष भूमिकाओं तक सीमित रखती हैं। बिलासपुर पुलिस लाइन ने यह स्थापित कर दिया है कि पुलिस प्रशासन जैसे चुनौतीपूर्ण और जिम्मेदार क्षेत्र में भी महिलाएँ शक्ति और नेतृत्व का पर्याय हैं।

# जीएम का दौरा टला, जल्दबाजी में रेलवे ने कराए कई काम

## अमृत भारत स्टेशन में शामिल है कोरबा

**कोरबा,** 03 अक्टूबर (देशबन्धु)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक का कोरबा प्रवास तय क्या हुआ, अधिकारियों ने यहां कई कार्यों की रफ्तार बढ़ा दी और कुछ काम करा भी दिए। वरिष्ठ अधिकारियों को सबकुछ अच्छा दिखाने के लिए यह किया गया लेकिन 3 अक्टूबर को अधिकारी का दौरा टल गया। अब कहा जा रहा है कि नई तारीख में महाप्रबंधक यहां आएंगे।




एसईसीआर के जीएम तरूण प्रकाश का दौरा 3 अक्टूबर को कोरबा में तय हुआ था। इसके अंतर्गत कई पाइंट पर उन्हें निरीक्षण करना था। दौरे में क्या कुछ हो सकता है अधिकारियों को इसका अनुमान था इसलिए कई ने तो कोरबा में डेरा डाल दिया और बंद पड़े कार्यों को शुरू कराया जबकि कुछ कार्यों की रफ्तार अचानक बढ़ाई। इस कड़ी में ठेका कर्मियों को स्टेशन पर साफ-सफाई और रंग-रोगन के कार्य में लगाया गया। स्टेशन के मुख्य द्वार और दूसरी एंट्री पर विशेष रूप से साफ-सफाई, पेंटिंग और रंग-रोगन की गई। ऐसा इसलिए किया गया ताकि अधिकारी को कोई खामी नजर न आ सके। बताया गया कि सेकंड एंट्री को जोड़ने वाले फुट ओवर ब्रिज की सफाई की साथ यहां भी डेंटिंग-पेंटिंग की गई। तीनों प्लेटफार्म की दशा बदलने में भी अचानक रूचि ली गई। इधर एकाएक रेलवे जीएम का दौरा टल गया जिससे स्थानीय अधिकारियों को राहत मिली लेकिन सवाल उठ रहा है कि जब काम ही करने थे तो पहले क्यों नहीं किया। कोरबा के सीएसएम एसके पाण्डेय ने बताया कि अगले दौरे को लेकर अब तैयारी की जाएगी। याद रहे भारत सरकार ने अमृत भारत स्टेशन में कोरबा को शामिल किया है और करोड़ों की लागत से कई कार्यों को मंजूर भी किया है। इनकी गति और क्रियान्वयन को लेकर लगातार सवाल भी खड़े होते रहे है।

# वाराणसी की रामलीला ने लोगों पर छोड़ी अमिट छाप

## दशहरा उत्सव में लखन बोले-अहंकार हारता ही है






**कोरबा,** 03 अक्टूबर (देशबन्धु)। आधुनिकीकरण के बीच जब मनोरंजन के साधनों में बढ़ोत्तरी हो रही है और लोगों की रूचि इस तरफ बढ़ रही है तब भी रामलीला जैसे विषय लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींचने में सफल हो रहे है। वाराणसी की जानी-मानी रामलीला की कोरबा में प्रस्तुति कुछ ऐसी हुई कि उसने हजारों लोगों पर अमिट छाप छोड़ दी।

नगर निगम के द्वारा रामलीला का 5 दिवसीय आयोजन ओपन थिएटर में किया गया। दशहरा के दिन इसका समापन हुआ। इन पांच दिनों में लोगों को गजब की प्रस्तुति के साथ-साथ साउंड और लाइट के अद्भुत प्रयोग देखने को मिले। समापन पर उद्योग, वाणिज्य, श्रम, आबकारी व सार्वजनिक उपक्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि प्रभु श्रीराम की कथा हमें यह शिक्षा देती है कि अधर्म एवं अंहकार कितना ही शक्तिशाली क्यों न हो, वह पराजित अवश्य होता है। वे नगर निगम के रामलीला व दशहरा उत्सव में बोल रहे थे। उन्होंने इस कार्यक्रम को सराहा। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने कहा कि प्रभु श्रीराम की लीला प्रसंग का यह आयोजन करना उनका सौभाग्य है, श्रीरामलीला हमें बताती है कि बुराई पर अच्छाई की सदैव ही जीत होती है। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने कहा कि हमने गिलहरी जैसा छोटा सा प्रयास किया, किन्तु कोरबा की जनताजनार्दन ने अपने प्यार, स्नेह से हमारे इस छोटे से प्रयास को विराट स्वरूप दे दिया, यहाँ दर्शकों की अपार संख्या ने इस मैदान को छोटा कर दिया, तो वहीं बनारस के मजे हुए कलाकारों ने अपनी प्रतिभा से दर्शकां का मन मोहा। पार्षद नरेन्द्र देवांगन ने भी अपनी बात रखी। आयोजन समिति के सचिव अशोक चावलानी ने कहा कि रामलीला को लोग भूलते जा रहे थे किन्तु नगर निगम कोरबा ने यह सुंदर आयोजन कर प्रभु श्रीराम की लीला का दर्शन लोगों को कराकर उत्कृष्ट कार्य किया है। कार्यक्रम में कैलाश नाहक, डॉ.नागेन्द्र शर्मा, प्रफुल्ल तिवारी, नरेन्द्र पाटनवार, पंकज देवांगन, युगल कैवर्त, रामकुमार राठौर, लक्ष्मण श्रीवास, जोन कमिश्नर भूषण उरांव, प्रकाश चन्द्रा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी व नागरिक उपस्थित थे।

## सार-संक्षेप




### सर्वधर्म प्रार्थना सभा में याद किया महापुरूषों को

कोरबा, 03 अक्टूबर (देशबन्धु)। गुरुवार को महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, जिला कोरबा द्वारा सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। बुद्ध विहार में आयोजित सर्वधर्म प्रार्थना में महापुरूषों के छायाचित्र पर मुख्य अभ्यागत कैप्टन मुकेश अदलखा, श्रीमती लता द्वारा माल्यार्पण किया गया। शांति पाठ के साथ सर्वधर्म प्रार्थना सभा का समापन किया गया। इस दौरान सहायक राज्य आयुक्त (गाइड) पुष्पा शांडिल्य, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) गनेशी सोनकर, गाइडर रेणू श्रीवास्तव, नमिता कड़वे, शुभम ढिमोले, रोवर लीडर राजू साहू, जगन्नाथ सिंह नेताम, रोवर्स, रेंजर्स, स्काउट्स, गाइड्स तथा अन्य लोग उपस्थित रहे।

### बिजली दरें सामान्य करने ज्ञापन सौंपा



**कोरबा,** 03 अक्टूबर (देशबन्धु)। कम्युनिस्ट पार्टी ने शुक्रवार को आईटीआई चौक के पास धरना देकर बढ़ी हुई बिजली दरों पर विरोध जताया। कार्यकर्ताओं ने बिजली दरों को पहले की तरह सामान्य करने के लिए प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। कहा गया कि बढ़ोत्तरी को जनहित में वापस लिया जाना चाहिए। जिला सचिव पवन कुमार वर्मा ने कहा कि बिजली बिल वापस न होने की स्थिति में पार्टी द्वारा वृहद आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन में अनूप सिंह, सुनील सिंह, विजयलक्ष्मी चौहान, नरेंद्र मिश्रा, वकील राम, एम डी सोएब, रामू केवट, घनश्याम पटेल, मैनेजर यादव, दीनदयाल सिंह, श्री बाई, रामवती बाई आदि उपस्थित थे।

### एनटीपीसी में किया गया रावण दहन



**कोरबा,** 03 अक्टूबर (देशबन्धु)। एनटीपीसी कॉलोनी कोरबा स्थित नेताजी सुभाष स्टेडियम में शारदीय नवरात्रि का पर्व धूम धाम से मनाया गया। नवरात्रि पर पूरे नौ दिनों तक गरबा डांडिया का भव्य आयोजन किया गया। विजय दशमी पर दशहरा उत्सव का आयोजन हुआ और एनटीपीसी कोरबा के परियोजना प्रमुख विभास घटक एवं पूर्व परियोजना प्रमुख राजीव खन्ना द्वारा रावण दहन किया गया। एनटीपीसी में नौ दिन सुव्यवस्थित डांडिया के साथ दसवें दिन भारी बारिश होने के बाद भी रावण का पुतला दहन का आयोजन बहुत ही हर्षोल्लास से किया गया।

### श्रद्धा दुबे को गणित में पीएचडी



**कोरबा,** 03 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्थानीय निवासी श्रद्धा दुबे को स्टडी ऑफ होमोजीनस कॉस्मोलॉजिकल मॉडल इन (एफआरटी) थ्योरी ऑफ ग्रेविटी विषय में पीएचडी की उपाधि मिली। उन्होंने एकेएस विश्वविद्यालय सतना की गणित की विभागाध्यक्ष डॉ. सुधा अग्रवाल के मार्गदर्शन में शोध कार्य किया। वे दीपक दुबे व सरिता दुबे की पुत्री है। उनकी सफलता पर विश्वविद्यालय के चांसलर अनंत कुमार सोनी, वाइस चांसलर आरएस त्रिपाठी, सीओई डॉ. शेखर मिश्रा, बेसिक साइंस डीन डॉ. शैलेंद्र यादव ने हर्ष जताया है।

### सीएसईबी कर्मियों ने सफाई की सेवा पखवाड़ा में




**कोरबा,** 03 अक्टूबर (देशबन्धु)। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह, कोरबा पूर्व के द्वारा सेवा पर्व के अवसर पर स्वामी विवेकानंद उद्यान परिसर स्थित इंजीनियर सर मोक्षगुण्डम विश्वेसरैया की प्रतिमा एवं आस-पास की साफ सफाई कर सेवा पखवाड़ा का समापन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अभियंता संजीव कंसल, अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजेश्वरी रावत, सुनील सरना, वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ मालती जोशी के आतिथ्य में एवं मुख्य रसायनज्ञ गोवर्धन सिंदार के संचालन में हुआ। संजीव कंसल ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम में हम सभी की भागीदारी बहुत ही महत्वपूर्ण है, जिससे शरीर स्वस्थ रहेगा, एवं पर्यावरण का संरक्षण भी होगा। साथ ही युवाओं को भी प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा की हमें प्लास्टिक की थैलियों का उपयोग न करके जूट से बनी थैलियों का उपयोग करना चाहिये। ईई पी.एल. साहू द्वारा स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

# उद्योग मंत्री जर्मनी और स्विट्जरलैंड के प्रवास पर

**कोरबा,** 03 अक्टूबर (देशबन्धु)। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री लखन लाल देवांगन आगामी 10 दिनों तक जर्मनी और स्विट्जरलैंड के प्रवास पर रहेंगे। जर्मनी में होने जा रहे अनुगा 2025 में सम्मिलित होंगे।



अनुगा 2025 खाद्य प्रसंस्करण, उद्योग, तथा उससे संबंधित पैकेजिंग, कैटरिंग, रिटेल, तकनीक और ऑर्गेनिक फूड प्रोसेसिंग से जुड़ा विश्व का सबसे बड़ा आयोजन है। इस में 118 देशों के लगभग 7,900 प्रतिभागी भाग लेंगे तथा 200 से अधिक देशों के लगभग 1.5 लाख आगंतुक अवलोकन हेतु उपस्थित होंगे। इस वर्ष का पार्टनर कंट्री दक्षिण कोरिया है और आयोजन की थीम सस्टेनेबल ग्रोथ एवं इनोवेशन निर्धारित की गई है। इस परिप्रेक्ष्य में, राज्य शासन की नवीन औद्योगिक विकास नीति 2024-2030 में उल्लिखित निवेश क्षेत्रों का प्रचार-प्रसार तथा राज्य में विभिन्न क्षेत्रों में पूंजी निवेश आकर्षित करने के दृष्टिकोण से, इस आयोजन में छत्तीसगढ़ राज्य शासन की ओर से वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री लखन लाल देवांगन सम्मिलित होकर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। मंत्री श्री देवांगन शुक्रवार की देर रात नई दिल्ली से जर्मनी के लिए रवाना हुए।

## पर्यावरण जागरुकता के लिए साइकिल थान आज

**कोरबा,** 03 अक्टूबर (देशबन्धु)। निर्मल पर्यावरण व स्वच्छ शहर के लिए साइकिल थान का आयोजन 4 अक्टूबर को किया जा रहा है। साइकिल थान के अंतर्गत टीपी नगर चौक से प्रातः 6 बजे साइकिल यात्रा काफी प्वाइंट के लिए रवाना होगी तथा वहाँ से वापस होकर यात्रा साकेत भवन पहुंचेगी। आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने आज निगम कार्यालय साकेत भवन में नगर निगम, पुलिस विभाग, खेल विभाग के अधिकारियों व साइकिलिंग संघ के पदाधिकारियों की एक बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का, अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता सुरेश बरूआ, क्रीडा अधिकारी डॉ.बी.एस.राव सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# बालको में हादसा : 20 साल पुराना संयंत्र भरभराकर गिर पड़ा

**कोरबा,** 03 अक्टूबर (देशबन्धु)। बालको एल्यूमिनियम प्लांट में बड़ा हादसा हो गया। प्लांट परिसर में राख फिल्टर का करीब 20 साल पुराना संयंत्र अचानक भरभराकर गिर पड़ा। गनीमत रही कि इस घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई।



जानकारी के अनुसार ईएसपी का निर्माण सेपको कंपनी द्वारा वर्ष 2004-05 के दौरान कराया गया था। हादसे के बाद एक बार फिर सुरक्षा मानकों पर सवाल खड़े हो गए हैं। गौरतलब है कि इससे पहले भी बालको प्लांट में चिमनी गिरने की घटना सामने आ चुकी है, लेकिन प्रबंधन ने उससे सबक नहीं लिया। लगातार हो रहे हादसे श्रम विभाग की लापरवाही को उजागर करते हैं। कुछ दिन पहले ही रायपुर स्थित गोदावरी पावर प्लांट (हीरा ग्रुप) में हादसे में छह श्रमिकों की मौत हो चुकी है। स्थानीय कर्मचारियों का कहना है कि उद्योगपतियों के दबाव में श्रम विभाग केवल खानापूर्ति कर रहा है, जबकि संयंत्रों में सुरक्षा नियमों की अनदेखी लगातार श्रमिकों की जान को खतरे में डाल रही है।

## खरमोरा में नशेड़ी ने बेल्ट से पीटा दो युवकों को

**कोरबा,** 03 अक्टूबर (देशबन्धु)। खरमोरा क्षेत्र में नशेड़ियों की हरकतों से लोग परेशान हैं। यहां दो युवकों की जबरदस्त पिटाई का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने संज्ञान लिया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसे जेल भेज दिया गया है।

खबर के अनुसार 2 अक्टूबर को खरमोरा में यह घटना हुई। जहां दो युवकों को काफी चोट आई। आरोपी ने लगभग आधे घंटे तक बेल्ट से उनकी पिटाई का डाली। पीड़ित युवक अपने आप को बचाने के लिए दौड़ रहे थे और आरोपी उनका पीछा करते हुए फिर हमला कर रहा था। दोनों युवक ग्रामीण इलाके के रहने वाले थे और हाथ जोड़कर उन्हें छोड़ देने की मांग कर रहे थे लेकिन उसके बावजूद युवक पिटाई करता रहा। घटना के दौरान कुछ लोगों ने केवल वीडियो बनाया लेकिन हस्तक्षेप नहीं किया। सोशल मीडिया इंस्टाग्राम और दूसरे प्लेटफार्म पर वायरल किए जाने पर पुलिस ने संज्ञान लिया और कुछ घंटे बाद जांच पड़ताल करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

# जागरूकता रैली से दिया ओजोन परत को बचाने का सदेश

कोरबा, 03 अक्टूबर (देशबन्धु)। कोरबा पावर लिमिटेड (केपीएल), पताढ़ी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय ओजोन परत संरक्षण दिवस एवं सेवा पर्व के अवसर पर विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। संयंत्र परिसर में कोरबा पावर लिमिटेड के अधिकारियों एवं ठेका कर्मियों सहित 100 से अधिक लोगों द्वारा जागरूकता रैली निकाली और ओजोन परत संरक्षण का संदेश दिया गया।




कोरबा पावर लिमिटेड के चीफ बिजनेस ऑफिसर समीर मित्रा ने ओजोन परत के महत्व और इसके संरक्षण को सरल शब्दों में समझाया। प्रोजेक्ट हेड सी वी के प्रसाद ने जागरूकता अभियान की सराहना की और कहा कि ऐसे अभियान से जन जागरूकता बढ़ती है। ओ एंड एम प्रमुख अमोल शरद राव महाले ने पर्यावरण स्वास्थ्य एवं सुरक्षा पर जोर देते हुए धरातल पर उतरने और किए गए कार्यों का रिकॉर्ड बनाकर समीक्षा कर निरंतर सुधार करने की बात कही। केपीएल के पास के गांव सरगबुंदिया में स्कूल के 120 से अधिक विद्यार्थियों ने चित्रकला प्रतियोगिता, स्लोगन एवं निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया। इस अवसर पर केपीएल के भू-विभाग के प्रमुख विकास ठाकुर, कॉरपोरेट मामले के प्रमुख अतुल गुप्ता एवं स्कूल के शिक्षकों ने प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया तथा कपड़े के बने थैले को प्रदान कर प्लास्टिक बैग को इस्तेमाल न करने का आग्रह किया। प्रबंधन ने एक सप्ताह में कपड़े के 500 थैलों का वितरण कर कई प्रतियोगिताएं की। केपीएल के पर्यावरण विभागाध्यक्ष ईशान ताम्रकार के नेतृत्व में लोगों को जागरूक किया गया।



## कर्मयोगी अभियान पर रंजना में आयोजन

कोरबा, 03 अक्टूबर (देशबन्धु)। कटघोरा के जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत रंजना में गांधी जयंती पर ग्रामसभा की गई। ग्राम सभा सभी 20 कर्मयोगी अभियान पंचायतों में किया गया। जिसमें बाल विवाह रोकने आदि कर्मयोगी अभियान के तहत 5 वर्ष के लिए अपने ग्राम का विलेज एक्शन प्लान का सभी के समक्ष वाचन कर उसके सर्वसम्मति से अनुमोदन साथ ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आदि कर्मयोगी अभियान संबंधी संदेश को पढ़ा गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत अध्यक्ष व सरपंच श्रीमती ममता मरकाम, पंचायत सचिव हरि सिंह कंवर सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# प्रेरणा से सही दिशा मिलती है युवाओं को : दुबे




### सेवा पखवाड़ा में व्याख्यानमाला

कोरबा, 03 अक्टूबर (देशबन्धु)। राष्ट्र सेविका समिति की प्रांत सह सेवा प्रमुख मंजू दुबे ने कहा है वर्तमान में सांस्कृतिक मूल्य का संरक्षण और युवाओं का भटकाव सबसे बड़ी चुनौती है। परिस्थितियों को ठीक करने का दायित्व युवा शक्ति का ही है और उसे अपनी भूमिका को भली भांति समझने के साथ इसका निर्वहन करना होगा।

शासकीय ग्राम्य भारती विद्यापीठ कॉलेज हरदी बाजार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर संचालित सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मंजू दुबे मुख्य वक्ता के रूप में बोल रही थी। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने युवाओं के लिए कहा था की उठो, जागो और तब तक ना रुको, जब तक की लक्ष्य प्राप्त न हो जाए। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा व्यक्ति निर्माण के साथ-साथ सामाजिक जनजीवन और दूसरे मूल्य के लिए किए जा रहे कार्यों को उद्घृत करते हुए कहा कि युवाओं को जब प्रेरणा मिलती है तो वह सही दिशा में उन्मुख होते हैं और अपनी सबसे सही भूमिका को निभाते हैं। खुशी इस बात की है कि भारत सभी क्षेत्रों में लगातार उन्नति कर रहा है और वह विश्व पटल पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज किए हुए हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी ने प्रतिवेदन दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य, प्राध्यापक और विद्यार्थी शामिल हुए।

## शक्तिनगर में आनंद मेला और आर्केस्ट्रा कल

**कोरबा,** 03 अक्टूबर (देशबन्धु)। एसईसीएल गेवरा क्षेत्र के शक्तिनगर में नवरात्र और विजयदशमी के उपलक्ष में 5 अक्टूबर को सामुदायिक भवन में शाम 5 बजे से आनंद मेला का आयोजन किया जा रहा है। जबकि संध्या 7 बजे से आर्केस्ट्रा की प्रस्तुति होगी। सृष्टि महिला मंडल की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

# लायंस क्लब मानसिक स्वास्थ्य पर करेगा काम

**कोरबा,** 03 अक्टूबर (देशबन्धु)। लायंस क्लब ने 'मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण' पर काम करना तय किया है। 4 से 12 अक्टूबर तक यह काम भारत सहित विश्व के 210 देशों में एक साथ मनाया जाएगा।



लायंस क्लब के पदाधिकारियों ने आज प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि डिस्ट्रिक्ट के कुल 138 लायंस क्लबों द्वारा स्कूलों, कॉलेजों, सामाजिक संस्थानों और सार्वजनिक स्थलों में मानसिक तनाव, अवसाद और आत्महत्या जैसे विषयों पर विशेष सत्र लिए जाएंगे। आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं के उन्मूलन के लिए जागरूकता अभियान क्लब चलाएगा। बताया गया कि शैक्षणिक संस्थाओं सहित अन्य क्षेत्रों में कार्यक्रम होंगे। विद्यालयों में योग, व्यायाम, खेल, आहार, जीवनशैली प्रबंधन, संवाद सत्र, हेल्थ टॉक और वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ विजय अग्रवाल ने लोगों से कहा है कि वे अभियान को सफल बनावें। मीडिया से बातचीत के दौरान पूर्व गवर्नर एमडी माखीजा, एसके अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

# लाल मैदान में 120 फीट ऊंचा रावण का पुतला जला

**कोरबा,** 03 अक्टूबर (देशबन्धु)। सीएसईबी कालोनी दर्री के लाल मैदान में दशहरा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। यहां 35वें वर्ष में 120 फीट ऊंचा रावण का पुतला जलाया गया। टेक्नीकल प्रयासों से दशहरा उत्सव लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र बना। दशहरा देखने काफी संख्या में लोग इकट्ठे हुए थे।



मंत्री लखनलाल देवांगन ने यहां कहा कि सभी लोग अहंकार से दूर रहे क्योंकि यह किसी को नहीं छोड़ता। इससे पहले श्री देवांगन द्वारा आवासीय कॉलोनी से निकाली गई भगवान श्रीराम-लक्ष्मण की झांकी की पूजा-अर्चना की गई। लाल मैदान पर रावण का पुतला बनाने वाले कर्मचारियों एवं कारीगरों से कैबिनेट मंत्री मिले और उनका उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें बधाइंया दी। स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक एसके कटियार द्वारा कैबिनेट मंत्री का शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मान किया गया। संरक्षक मुख्य अभियंता प्रवीण श्रीवास्तव ने स्वागत उद्बोधन दिया। कार्यक्रम को निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने भी संबोधित किया। लाल मैदान पर आकर्षक आतिशबाजी एवं लेजर शो का लोगों ने भरपूर आनंद लिया। दशहरा मैदान पर हजारों की संख्या में मौजूद लोगों के बीच भगवान श्रीराम के संग अतिथियों ने रिमोट का बटन दबाकर रावण का दहन किया। इस तरह बुराई का प्रतीक रावण का अंत हुआ और लोगों ने आपस में विजयादशमी की शुभकामनाएं बांटी। आभार प्रदर्शन दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष अतिरिक्त मुख्य अभियंता एमके गुप्ता ने किया।

## सार-संक्षेप

### अब घर में चमक रही सौर रोशनी
#### बिजली उपभोक्ता से ऊर्जादाता बने सेवकराम
#### पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना और शासन की डबल सब्सिडी से घटा बिजली बिल



**कोरिया,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। सूर्य की किरणें अब सिर्फ रोशनी ही नहीं, बल्कि आमजन की जिंदगी में नई ऊर्जा और आय का साधन भी बन रही हैं।प्रधानमंत्री सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना ने बैकुण्ठपुर के निवासी श्री सेवक राम राजवाड़े की जिंदगी में बड़ा बदलाव ला दिया है। जहां कभी बढ़ते बिजली बिल उनकी चिंता बढ़ाते थे, वहीं अब वे बिजली उपभोक्ता से ऊर्जादाता बन गए हैं।

#### शून्य बिजली बिल
श्री राजवाड़े ने अपने घर की छत पर 3 केवी का सोलर प्लांट स्थापित कराया है। इस पर 78 हजार की सब्सिडी मिली है। परिणामस्वरूप, पहले जहां हर महीने हजारों रुपये का बिजली बिल चुकाना पड़ता था, वहीं अब उनका बिजली बिल लगभग शून्य हो गया है।

#### आसान प्रक्रिया, बड़ा लाभ
श्री राजवाड़े बताते हैं कि योजना की आवेदन प्रक्रिया बेहद सरल रही। एक बार आवेदन करने के बाद पूरी प्रक्रिया स्वत: पूरी हो गई और सोलर पैनल समय पर उनके घर पर स्थापित कर दिया गया। उन्हें किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। उनका कहना है कि इस योजना ने उन्हें न केवल बिजली बिल से मुक्ति दिलाई, बल्कि ऊर्जा उत्पादक बनने का अवसर भी दिया है।

#### सरकार का प्रयास और लोगों की भागीदारी
श्री राजवाड़े ने केंद्र और राज्य सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि डबल सब्सिडी ने इस योजना को आमजन तक पहुंचाने में बड़ी भूमिका निभाई है। इससे लोग जागरूक होकर सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रेरित हो रहे हैं।

#### ऊर्जा सुरक्षा में सहयोग
पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना से न केवल घरेलू खपत व बिजली बिल की समस्या का समाधान हो रहा है, बल्कि उपभोक्ता ऊर्जादाता बनकर अतिरिक्त बिजली उत्पादन कर राज्य की ऊर्जा सुरक्षा को भी मजबूत कर रहे हैं।

### आदि कर्मयोगी अभियान के तहत जिले के 315 ग्रामों का विजन-2030 विशेष ग्राम सभाओं में हुआ पारित
#### आदिवासी बाहुल्य ग्राम पंचायतों में हुई ऐतिहासिक पहल-ग्रामीणों की आकांक्षाओं से तय होगा विकास का रोडमैप

**रायगढ़,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय की महत्वाकांक्षी योजना %आदि कर्मयोगी अभियान% के तहत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर रायगढ़ जिले के सभी 315 आदिवासी बाहुल्य ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में आयोजित इन ग्राम सभाओं के दौरान प्रत्येक ग्राम पंचायत ने अपनी ग्राम कार्ययोजना एवं ग्राम विजन 2030 को पारित किया। यह विजन दस्तावेज आने वाले वर्षों के लिए ग्रामों के समग्र एवं सतत विकास का खाका प्रस्तुत करेगा।

आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त श्री श्रीकांत दुबे ने बताया कि सभी ग्राम सभाओं द्वारा पारित ग्राम कार्ययोजनाओं को संकलित कर जिला स्तर पर समग्र कार्ययोजना तैयार की जाएगी। इसके उपरांत यह योजना 12 अक्टूबर 2025 तक राज्य सरकार को प्रेषित की जाएगी। उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत चयनित ग्रामों में आदि सेवा केंद्रों की स्थापना की जा रही है, जिन्हें एकल खिड़की प्रणाली के तहत संचालित किया जाएगा। इन केंद्रों से ग्रामीणों को विभिन्न शासकीय सेवाएं एवं योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे प्रशासनिक सेवाएं जनजातीय अंचलों के अंतिम छोर तक पहुंच सकें। बता दें कि आदि कर्मयोगी अभियान% का शुभारंभ 10 जुलाई 2025 को किया गया था। इसका उद्देश्य जनजातीय क्षेत्रों में शासन की सेवाओं, योजनाओं और ढांचागत सुविधाओं की सहज उपलब्धता सुनिश्चित करना है। जिले में अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विभिन्न मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षित किया गया है, जो ग्राम स्तर पर विकास कार्यों के समन्वय में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इसके साथ ही, 20 आदिवासी युवाओं का कैडर भी तैयार किया गया है, जो ग्राम कार्ययोजना निर्माण में समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए विकास के लिए ठोस दिशा प्रदान कर रहे हैं।

अभियान के अंतर्गत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक %आदि सेवा पर्व% मनाया गया। इस दौरान 315 ग्रामों में सेवा शिविरों का आयोजन किया गया, जिनमें ग्रामीणों को आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पीएम किसान कार्ड, पीएम जनधन खाता सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। जनजागरण और भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से शिविरों में नुक्कड़ नाटक, ट्रांजैक्ट वॉक एवं सामुदायिक संवाद कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीणों की आकांक्षाओं एवं प्राथमिकताओं को सीधे विकास योजना का हिस्सा बनाया गया। विशेष ग्राम सभाओं में ग्रामीणों ने अपने गांव के विकास हेतु शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल, कृषि, स्वरोजगार, पोषण एवं आजीविका से जुड़ी मांगों को प्राथमिकता देते हुए साझा ग्राम विजन 2030 तैयार किया।

### राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 8 अक्टूबर तक मनाया जाएगा कुष्ठ जागरूकता सप्ताह

रायगढ़, 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में 8 अक्टूबर तक कुष्ठ जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अनिल कुमार जगत ने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य समाज में कुष्ठ रोग से संबंधित भ्रांतियों को दूर करना, रोग की शीघ्र पहचान और पूर्ण उपचार के लिए लोगों को प्रेरित करना है।

जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ.टी.जी.कुलवेदी ने बताया कि कुष्ठ रोग पूरी तरह से उपचार योग्य है। यदि रोग के लक्षणों की शीघ्र पहचान कर उपचार प्रारंभ किया जाए, तो रोगी पूर्ण रूप से स्वस्थ हो सकता है। राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित कर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कुष्ठ उन्मूलन की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में डॉ. सुमित मंडल, डी.पी.एम. सुश्री रंजना पैंकरा, डॉ.सोनाली मेश्राम, हरदेव सिंह राजपूत सहित विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दशहरा का पर्व है असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है-देवेन्द्र तिवारी

**कोरिया,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय स्थित रामानुज मिनी स्टेडियम बैकुंठपुर मे बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व विजयादशमी पर्व पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। सर्व प्रथम भव्य आतिशबाजी के साथ अतिथियों एवं उपस्थित जन समुदाय ने प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण के आरती किया। इसके बाद रावण, कुंभकर्ण और मेघनाथ के पुतलों का दहन किया गया। रावण का विशालकाय पुतला जैसे ही अग्नि की लपटों में घिरा, मैदान मे जय श्रीराम के नारों और तालियों की गूंज से भर उठा। उपस्थित जनसमूह में उत्साह और भक्ति का अद्भुत समन्वय देखने को मिला।

इस अवसर पर इस अवसर पर मुख्य रूप से भैयालाल राजवाड़े विधायक रेणुका सिंह,भाजपा जिला अध्यक्ष एवं कोरिया सर्व विकास समिति संरक्षक देवेन्द्र तिवारी, पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष नविता शिवहरे, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष वंदना राजवाड़े,जिला पंचायत सदस्य शिवकुमारी सोनपाकर, जनपद अध्यक्ष आशा देवी सोनपाकर, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, मंडल अध्यक्ष अनिल खटिक, सनातन गौरव मंच संयोजक मनोज



साहू के गरिमामयी उपस्थित कार्यक्रम संपन्न हुआ।

विधायक भईयालाल राजवाड़े ने संबोधित करते हुए कहा कि, आज के ही दिन प्रभु श्रीराम ने श्रीलंका पति रावण का वध करके उसके अत्याचार से संसार को भय मुक्त बनाया था, उन्होंने कहा बुराई पर अच्छाई का हमेशा जीत होती है आप सभी अच्छे मार्ग पर चले।

भरतपुर-सोनहत विधायक रेणुका सिंह ने कहा, रावण एक शक्तिशाली व ज्ञानी थे, परन्तु उसके अंदर अंहकार, घमंड इतना था कि कभी किसी का सुनता नही था। उन्होंने ने कहा कि, बुराई रूपी रावण का अंत श्रीराम भगवान ने किया। हमेशा असत्य पर सत्य की जीत सुनिश्चित है।

भाजपा जिला अध्यक्ष एवं कोरिया सर्व विकास समिति संरक्षक देवेन्द्र तिवारी ने कहा कि, विजयादशमी का महापर्व आज पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है, दशहरा का पर्व असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है, जब मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने परम ज्ञानी रावण का वध किया था, उन्होंने इस त्योहार को बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक बताया और समाज में सत्य, धर्म, न्याय और सद्भाव को बढ़ावा देने का आह्वान किया, उन्होंने कहा हम सभी को सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए।

जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा ने कहा कि, विजयादशमी त्यौहार हम सबके लिए प्रेरणा है, सभी को बुराई को त्यागकर अच्छाई के मार्ग पर चलना चाहिए। इस कार्यक्रम मे हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम को कोरिया सर्व विकास समिति के संयोजक विवेक गुप्ता,तीरथ राजवाड़े, हितेश प्रताप सिंह, सतेन्द्र राजवाड़े, रोशन राजवाड़े, रितेश राजवाड़े, शिवम जायसवाल, प्रगेश गुप्ता, राहुल खस, रिचेश सिंह, कान्हा, त्रिशेष दास, सार्वजनिक विजयादशमी उत्सव समिति के राहुल मिश्रा, चंचल राजवाड़े, राधे वेलफेयर सोसाईटी के अभय बड़ेरिया, रूचि बड़ेरिया, मंजू जिवनानी ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

# अधर्म पर धर्म की विजय- प्रभु श्रीराम ने किया रावण का दहन
### हजारों लोगों की भीड़ के बीच संपन्न हुआ खरसिया का ऐतिहासिक दशहरा महोत्सव

**खरसिया,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। आज़ादी के पूर्व से ही चले आ रहे खरसिया नगर के ऐतिहासिक विजयादशमी महापर्व विराट दशहरा मेला

हजारों लोगों की उपस्थिति में भगवान श्रीराम की भक्ति आस्था और बुराई पर अच्छाई की जीत अधर्म पर सत्य की विजय भव्य आतिशबाजी एवं प्रभु श्रीराम के हाथों रावण के विशाल पुतले के दहन के साथ उमंग और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य देवेंद्र प्रताप सिंह ने उपस्थित हजारों लोगों को संबोधित करते हुए दशहरे की शुभ कामनाएं दी और राज परिवार के खरसिया नगर से ऐतिहासिक संबंधों के विषय में भी जानकारी दी और प्रभु श्री राम के प्रति हिंदुओं की आस्था के प्रतीक भगवान श्रीराम के परिवार द्वारा खरसिया में मंदिर निर्माण की जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष कमल गर्ग ने कहा कि विजयादशमी का पावन पर्व हमें यह शाश्वत संदेश देता है कि सत्य की सदैव विजय होती है। अधर्म कितना भी प्रबल क्यों न हो, धर्म का प्रकाश अंतत: अंधकार को पराजित करता है खरसिया के ऐतिहासिक टाउन हॉल मैदान में आयोजित भव्य दशहरा उत्सव में शामिल होकर श्रद्धालुजनों के साथ इस विजय पर्व



का साक्षी बना और मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के आदर्शों को नमन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।इस सफल आयोजन में सहयोग देने वाली सभी सामाजिक संस्थाओं, पुलिस प्रशासन, अनुविभागीय अधिकारी, सभी कोटवार भाई एवं क्षेत्र भर से पधारे अतिथियों का हृदय से धन्यवाद एवं आभार।आप सभी को विजयादशमी की हार्दिक शुभकामनाएं। संयोजक बजरंग अग्रवाल एलआर महेश साहू, संरक्षक। गोपाल शर्मा, गिरधर गुप्ता ने भी आयोजन समिति की सराहना करते हुए क्षेत्र वासियों की मंगल कामना की वही अध्यक्ष रूपेश सराफ ने आज के इस गौरवपूर्ण आयोजन के लिए सभी को धन्यवाद दिया अंत में समिति के सचिव उमाशंकर ने सभी सम्मानित अतिथियों सहयोगी संस्थाओं एवं विजयादशमी महोत्सव समिति के सभी सदस्यों का आभार जताकर धन्यवाद ज्ञापित किया।

# विजयादशमी पर झगराखाण्ड थाना में हुआ पारंपरिक शस्त्र पूजन

**एमसीबी,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के झगराखाण्ड थाना में विजयादशमी के पावन अवसर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी परंपरागत शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह ने विधिविधान से पूजा-अर्चना कर शस्त्रों का पूजन किया। इस दौरान थाना प्रभारी दीपेश सैनी सहित पूरे थाना स्टाफ ने सम्मिलित होकर परंपरा को आगे बढ़ाया।

विजयादशमी पर शस्त्र पूजन की परंपरा सनातन काल से जुड़ी हुई है। मान्यता है कि यह पर्व असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। इसी दिन भगवान श्रीराम ने रावण का वध कर धर्म की स्थापना की थी वहीं दूसरी ओर इसे शक्ति उपासना और पराक्रम का भी पर्व माना जाता है। शस्त्र पूजन कर पुलिस



बल यह संकल्प लेता है कि वे समाज की रक्षा और न्याय की स्थापना के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

थाना परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में पूजा-पाठ के बाद शांति और समृद्धि की कामना की गई। अंत में पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिसकर्मियों को विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं और कर्तव्यनिष्ठा और सेवा भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

# भक्तों ने अश्रुपूर्ण नेत्रों के साथ मां दुर्गा की प्रतिमा का किया विसर्जन
### माँ दुर्गा के विभिन्न पांडालों में कन्या पूजन भोज और भंडारे के साथ नवरात्र का हुआ समापन

**खरसिया,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। धार्मिक नगरी खरसिया की पुण्य धरा पर दो दर्जन से अधिक विशाल एवं भव्य पंडालों में विराजित माँ अंबे भवानी दुर्गा जी की प्रतिमाओं का आज भक्तगणों ने श्रद्धा भक्ति आस्था और नम आंखों के साथ विधि विधान से विसर्जन किया इसके पूर्व सभी पंडालों में कन्या पूजन और भोज का आयोजन किया गया जिसमें बालिकाओं का पूजन कर उन्हें विभिन्न उपहार भी प्रदान किए गए। विगत दस दिनों से खरसिया नगर की धन्य धरा मां दुर्गा अंबे भवानी मैया की भक्ति में सराबोर रही। प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ ही अधर्म पर धर्म की जीत का प्रतीक नवरात्र व



विजयदशमी का त्योहार में मां भवानी शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गया। खरसिया नगर के संपूर्ण हिन्दू समुदाय के मां आदिशक्ति के जयकारे और शंखनाद के साथ पूरे आस्था और भक्तिमय वातावरण में मां दुर्गा की विदाई की गई। भक्तों ने आंसू भरी आंखों से मां को विदाई दी और सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान महिला श्रद्धालुओं पारंपरिक रूप से मां दुर्गे अंबे भवानी की पूजा की कन्या भोज के साथ अपने नवरात्र उपवास का उद्यापन किया।

# मनेंद्रगढ़ में 55 फीट का अहंकार हुआ राख
### दशहरा उत्सव में उमड़ा जनसैलाब
### हाई स्कूल मैदान में 38वें रावण दहन का भव्य आयोजन; गंगा-जमुनी तहजीब की दिखी मिसाल, आतिशबाजी और राम दरबार की झाँकी ने बांधा समां

**मनेंद्रगढ़,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। असत्य पर सत्य की विजय का महापर्व विजयादशमी, मनेंद्रगढ़ में इस बार सौहार्द और भव्यता के नए आयाम स्थापित कर गया। शहर के हाई स्कूल मैदान में युवा मंच मनेंद्रगढ़ द्वारा आयोजित 38वें वार्षिक रावण दहन उत्सव को देखने के लिए भारी संख्या में जनसैलाब उमड़ पड़ा। इस ऐतिहासिक आयोजन में परंपरा, राजनीति और संस्कृति का अद्भुत मेल देखने को मिला, जिसकी मुख्य विशेषता युवा मंच के मुस्लिम सदस्यों द्वारा हिंदू भाइयों के साथ मिलकर दिया गया गंगा-जमुनी तहजीब का शानदार संदेश रहा।

#### मंच पर राजनीतिक दलों का समागम
इस जिला स्तरीय कार्यक्रम के मंच पर राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता को पीछे छोड़कर सभी दलों के प्रमुख नेता उपस्थित रहे, जिसने आयोजन को गरिमा प्रदान की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष चंपादेवी पावले थीं, वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक गुलाब कमरो मौजूद रहे। अन्य सम्मानित अतिथियों में पूर्व विधायक विनय जायसवाल, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिमा सरजू यादव, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पटवा, विधायक प्रतिनिधि सरजू यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष आशीष सिंह, एसडीएम लिंगराज सिदार, एसडीओपी एलेक्स टोप्पो, कांग्रेस नेत्री पूनम सिंह, अर्चना कक्कड़ और राजकुमार केशरवानी (पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष) तथा अनिल प्रजापति (नेता प्रतिपक्ष) जैसे गणमान्य लोग मौजूद थे।



#### राम दरबार और भव्य आतिशबाजी का आकर्षण
रावण दहन से पूर्व आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में राम दरबार की मनमोहक झाँकी ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। कलाकारों ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम और उनके अनुज लक्ष्मण के जीवन प्रसंगों को जीवंत किया। रावण के 55 फीट ऊंचे पुतले का दहन होने के बाद, बिरसिंहपुर पाली से आए हुए आतिशबाजों द्वारा भव्य आतिशबाजी की गई, जिसने मनेंद्रगढ़ के आसमान को रंगीन रोशनी से भर दिया। कार्यक्रम का संचालन राजधानी रायपुर से आईं एंकर पूर्णिमा वर्मा द्वारा किया गया, जिन्होंने अपनी प्रभावी आवाज़ से दर्शकों को बांधे रखा।

#### युवा मंच की गंगा-जमुनी तहजीब
इस उत्सव को सफल बनाने में युवा मंच के सदस्यों का अथक परिश्रम शामिल रहा। खास बात यह रही कि समिति के दो मुस्लिम सदस्य एहसानुल हक और जहीर खान ने अपने हिंदू भाइयों के साथ मिलकर कंधे से कंधा मिलाकर पूरे आयोजन को सफल बनाया। उनके इस योगदान ने मनेंद्रगढ़ में धार्मिक सौहार्द और एकता की शानदार मिसाल पेश की, जो दशहरा के मूल संदेश—बुराई पर अच्छाई की विजय और सद्भाव—को और भी मजबूती प्रदान करता है। युवा मंच के अन्य सदस्यों विकास श्रीवास्तव, कमल केजरीवाल, पंकज कांत दुबे, रविकांत सिंह, संदीप पुरी, रितेश सिंघल और विष्णु प्रसाद कोरी ने इस 38वें वार्षिक आयोजन को एक बार फिर सफलतापूर्वक संपन्न कराया।

# बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व दशहरा मना धूमधाम से
### राम के तीर से रावण का हुआ अंत।
### बतौर अतिथि दशहरा, रावण दहन कार्यक्रम में शामिल हुए स्वास्थ्य मंत्री

**चिरमिरी,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक दशहरा, चिरमिरी में बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। विदित हो कि विजय दशमी के इस पर्व में शहर के विभिन्न पंडालों में विराजमान मां जगदंबिका के विसर्जन का कार्यक्रम भी चला, इससे पहले दुर्गा पंडालों में माता की विधिवत पूजा अर्चना की गई, इसके बाद बैंड बाजा और डीजे की धुन पर शहरभर में घुमाया गया।

इस दौरान हजारों की संख्या में जुटे माता के भक्तों में महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग सभी शामिल हुए, हालांकि बेमौसम बरसात ने विसर्जन और विजयदशमी के आयोजन में खलल डालने की भरपूर कोशिश की, बाबजूद इसके आयोजन उल्लासपूर्वक संपन्न हुआ वही चिरमिरी के छोटा बाजार और डोमन हिल में रावण दहन का कार्यक्रम भारी भीड़ के बीच समाप्त हुआ। उक्त दोनों कार्यक्रम में स्थानीय विधायक व प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री बतौर अतिथि श्याम बिहारी जायसवाल शामिल हुए और डोमन हिल के अमरकुंज खेल मैदान से स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए पहले सभी को विजय दशमी, दशहरा पर्व की बधाई दी। और कहा कि मैं रावण दहन समिति के लगन मेहनत पर गौरवान्वित हु जिन्होंने बेमौसम बरसात के बाद भी विशाल रावण को तैयार किया और आज असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक रावण पर राम की विजय का त्यौहार रावण दहन के रूप में हम सब देख पा रहे है। श्री जायसवाल ने डोमन हिल के हर घर से दशहरा उत्सव के लिए दिए योगदान को भी सराहा। आगे उन्होंने कहा



कि जिस प्रकार राम और रावण की सेना लड़ाई लड़े थे उसी तर्ज पर भारत - पाक युद्ध भी हमे देखने को मिला। श्री जायसवाल ने नारी के सम्मान की महत्ता को एक श्लोक के माध्यम से बताते हुए कहा कि जहां नारी का सम्मान होता है वहां देव का वास होता है, घर में धन धान्य की बढ़ोत्तरी होती है और घर खुशहाल होता है लेकिन जहां नारी का अपमान होता है उसका हस्र इस रावण की तरह होता है। रावण की यही गलती रावण के सोने की लंका को जलाकर खाक कर दिया और मृत्यु की गोद में सोना पड़ा, इसलिए आप सभी सत्य की राह पर चले।

रावण दहन कार्यक्रम में महापौर राम नरेश राय, पूर्व महापौर डमरू बेहरा, सभापति संतोष सिंह, जिला महामंत्री द्वारिका प्रसाद जायसवाल, मंडल अध्यक्ष पुरुषोत्तम सोनकर सहित मंडल महामंत्री रीत जैन, त्रिपाठी जी और भाजपा के कई बड़े पदाधिकारी, महिला मोर्चा और हजारों की संख्या में जनसमुदाय उपस्थित थे।

# रजत जयंती वर्ष पर कौशल सप्ताह का आयोजन 6 से 10 अक्टूबर तक

युवाओं के लिए आयोजित होंगी विभिन्न गतिविधियां

रायगढ़ं, 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती वर्ष मनाया जा रहा है। इस अवसर पर जिला कौशल विकास विकास प्राधिकरण रायगढ़ द्वारा 6 से 10 अक्टूबर 2025 तक कौशल सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस सप्ताह के दौरान जिले में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को कौशल प्रशिक्षण, रोजगार, स्वरोजगार और उद्यमिता से जोडने की पहल की जाएगी।

जिला कौशल विकास प्राधिकरण रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार कौशल सप्ताह के अंतर्गत 6 अक्टूबर को अपरान्ह 3 बजे से शाम 5 बजे तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र रायगढ़ में प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनान्तर्गत प्रशिक्षित युवाओं को प्रमाण-पत्र का वितरण किया जाएगा। इसी तरह 7 अक्टूबर को रोजगार मेला, उद्यमिता एवं लोन के संबंध में कार्यशाला तथा उद्योगों के विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान का आयोजन होगा। जिसमें प्रात 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र रायगढ़ में कौशल विकास योजनान्तर्गत प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत स्वरोजगार हेतु उपलब्ध ऋण सुविधा से युवाओं को अवगत कराया जाएगा एवं उनसे आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। साथ ही युवाओं को कौशल प्रशिक्षण हेतु प्रोत्साहित करने विभिन्न सेक्टर के विषय विशेषज्ञों का व्याख्यान होगा। 8 अक्टूबर को कौशल उत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिसके तहत प्रात 10 बजे से शाम 5 बजे तक समस्त वीटीपी केन्द्र में कौशल विकास योजनान्तर्गत प्रशिक्षित/प्रशिक्षणरत युवाओं को अपने कौशल का प्रदर्शन/सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति एवं अन्य गतिविधियों का आयोजन होगा।


## सार-संक्षेप



### मैया विदा की रुत आई-भक्तों ने अश्रुपूर्ण नेत्रों के साथ मां दुर्गा की प्रतिमा का किया विसर्जन

**खरसिया,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। धार्मिक नगरी खरसिया की पुण्य धरा पर दो दर्जन से अधिक विशाल एवं भव्य पंडालों में विराजित माँ अंबे भवानी दुर्गा जी की प्रतिमाओं का आज भक्तगणों ने श्रद्धा भक्ति आस्था और नम आंखों के साथ विधि विधान से विसर्जन किया इसके पूर्व सभी पंडालों में कन्या पूजन और भोज का आयोजन किया गया जिसमें बालिकाओं का पूजन कर उन्हें विभिन्न उपहार भी प्रदान किए गए। विगत दस दिनों से खरसिया नगर की धन्य धरा मां दुर्गा अंबे भवानी मैया की भक्ति में सराबोर रही। प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ ही अधर्म पर धर्म की जीत का प्रतीक नवरात्र व विजयदशमी का त्योहार में मां भवानी शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गया। खरसिया नगर के संपूर्ण हिन्दू समुदाय के मां आदिशक्ति के जयकारे और शंखनाद के साथ पूरे आस्था और भक्तिमय वातावरण में मां दुर्गा की विदाई की गई। भक्तों ने आंसू भरी आंखों से मां को विदाई दी और सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान महिला श्रद्धालुओं पारंपरिक रूप से मां दुर्गे अंबे भवानी की पूजा की कन्या भोज के साथ अपने नवरात्र उपवास का उद्यापन किया।

### आंगनबाड़ी भवन निर्माण में धांधली,जिला पंचायत सी ई ओ बर्मन ने तकनीकी सहायक एकता गर्ग को दिया नोटिस



**सारंगढ़,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्राम पंचायतों में विकाश कार्य के नाम पर कई निर्माण कार्य हो रहे है पर विकाश कार्य में अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा सही निर्माण कार्य ना कर भ्रष्टाचार करके निर्माण मद में गबन किया जा रहा है । कलेक्टर डॉक्टर संजय कन्नौजे द्वारा सभी निर्माण कार्यों पर सतत निगरानी हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया जा रहा है । इसी क्रम में आज ग्राम मचगोढ़ा में जिला पंचायत सीईओ इंद्रजीत बर्मन के द्वारा निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया गया जिसमे प्रथम दृष्टया आंगनबाड़ी का निर्माण कार्य गुणवत्ताविहीन पाए गया। जिसके कारण तकनीकी सहायक एकता गर्ग को सी ई ओ बर्मन द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया एवम् आंगनबाड़ी केन्द्र में लगे हुए खिड़की दरवाजे को निकालकर निर्धारित मापदंड के आधार पर नया खिड़की दरवाजा लगाने एवम गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य करने हेतु सरपंच सचिव को निर्देशित किया गया ।निरीक्षण में जनपद सीईओ राधेश्याम नायक , एपीओ संजू पटेल एपीओ मनरेगा शशिकांत गुप्ता, पी ओ युवराज पटेल, बीसी कमलेश खूंटे उपस्थित थे।

### पुलिस लाईन में दशहरा पर्व पर शस्त्रों की पूजा विधि-विधान से संपन्न



**जांजगीर,** 03 अक्टूम्बर (देशबन्धु)। दशहरा पर्व के अवसर पर आज जांजगीर पुलिस लाइन में पारंपरिक रूप से शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने विधि-विधान से शस्त्रों की पूजा कर जिले में सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। पुलिस अधीक्षक श्री पाण्डेय ने समस्त जिलेवासियों को दशहरा पर्व की शुभकामनाएं देते हुए विजयादशमी के पावन पर्व को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाने का संदेश दिया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले के सभी थानों एवं पुलिस चौकियों में थाना प्रभारियों द्वारा पारंपरिक रूप से शस्त्र पूजन किया गया। पुलिस लाइन में आयोजित इस कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जांजगीर उमेश कुमार कश्यप, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) उदयन बेहार,एसडीओपी चांपा यदुमनि सिदार, एसडीओपी अकलतरा प्रदीप सोरी,सीएसपी जांजगीर सुश्री योगिता बाली खापर्डे, रक्षित निरीक्षक प्रदीप कुमार जोशी, थाना प्रभारी जांजगीर निरीक्षक मणिकांत पांडेय, थाना प्रभारी शिवरीनारायण निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी, एवं पुलिस कार्यालय से (एएसआई) कृष्णा साहू सहित पुलिस लाइन के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों को दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दी गईं और समाज में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने का संकल्प लिया गया।

### शिवरीनारायण मठ में श्रद्धा भक्ति पूर्वक मनाया गया गद्दी महोत्सव



**शिवरीनारायण,** 03 अक्टूम्बर (देशबन्धु)। आश्विन शुक्ल दशमी को शिवरीनारायण मठ में गद्दी महोत्सव परंपरागत श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज शाम 5 बजे मठ पहुंचे। बाजे-गाजे के साथ स्वागत उपरांत मंदिर में दर्शन पूजन किया गया। शाम 6 बजे मठ से भव्य शोभायात्रा जनकपुरी (जोगी डीपा) के लिए रवाना हुई, जो पुरानी हटरी, मध्य नगरी चौक, हनुमान मंदिर व मेला ग्राउंड से होती हुई जनकपुरी पहुंची। मार्ग में मठ कर्मचारियों द्वारा शौर्य प्रदर्शन किया गया, जो आकर्षण का केंद्र रहा। जनकपुरी में वैदिक विधि से शमी पूजन किया गया। श्रद्धालुओं ने वृक्ष की परिक्रमा कर शमी पत्र का आदान-प्रदान किया। वहीं, श्री हनुमान जी का विधिवत पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया। मठ लौटने पर हवन कार्यक्रम हुआ। तत्पश्चात राजेश्री महन्त जी गद्दी पर विराजित हुए। भक्तों ने दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद उन्होंने भगवान शिवरीनारायण के दरबार में पूजा अर्चना कर लोक कल्याण की कामना की। देर रात्रि तक नगर के नागरिक मठ पहुंचकर महाराज श्री से भेंट करते रहे। कार्यक्रम की सफलता में मठ के मुख्तियार सुखराम दास, त्यागी जी महाराज, टुकराम वर्मा सहित सभी कर्मचारी एवं पुलिस प्रशासन का सहयोग सराहनीय रहा। इस अवसर पर अनेक संत महात्मा व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे, जिनमें वीरेंद्र तिवारी, हेमंत दुबे, निरंजन अग्रवाल, कमलेश सिंह, पूर्णेद्र तिवारी,सुबोध शुक्ला, संतोष अग्रवाल, निर्मल दास वैष्णव सहित अन्य शामिल रहे।

# अकलतरा के सीईओ को कारण बताओ नोटिस

### मनरेगा के अंतर्गत जल संरक्षण और कृषि कार्यों को प्राथमिकता, मानव दिवस लक्ष्य पूरा करने के निर्देश

### कलेक्टर ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास की ली बैठक

**जांजगीर,** 03 अक्टूम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक में कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। इस दौरान उन्होंने महात्मा गांधी नरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि महात्मा गांधी नरेगा, पीएम आवास योजना से जुड़े कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा करते हुए धीमी प्रगति पर कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने जनपद पंचायत अकलतरा के सीईओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने उन रोजगार सहायकों को भी कारण बताओ नोटिस जारी करने को कहा, जिन्होंने योजना के कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं दिखाई है। कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि आवास निर्माण कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और समय सीमा में गुणवत्ताके साथ कार्य पूर्ण करने कहा ।इस दौरान जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे उपस्थित रहे। कलेक्टर ने कहा कि मनरेगा के अंतर्गत हर ग्राम पंचायत में स्वीकृत कार्य तुरंत शुरू किए जाएं और निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप मानव दिवस सृजन सुनिश्चित किया जाए। विशेष रूप से जल संरक्षण और कृषि आधारित कार्यों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पीएम आवास योजना के पुराने कार्यों को तत्काल प्रारंभ कर पूरा किया जाए, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने मनरेगा भुगतान व्यवस्था में पारदर्शिता लाने हेतु आधार आधारित भुगतान अनिवार्य करने और ईएमबी (इलेक्ट्रॉनिक मेजरमेंट बुक) के माध्यम से कार्य संचालन करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी योजनाओं की रूपरेखा युक्तधारा पोर्टल से ही तैयार करने को कहा। बैठक में उन्होंने दो माह के भीतर सभी आंगनबाड़ी कार्यों को पूर्ण करने और सामाजिक अंकेक्षण (सोशल ऑडिट) में रिकवरी अभियान चलाकर प्राथमिकता के साथ



निराकरण करने के निर्देश भी दिए। श्रमिकों की उपस्थिति एनएमएमएस ऐप के माध्यम से ही दर्ज की जाएगी। कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि योजनाओं को समय पर और पारदर्शिता के साथ पूरा करना सभी अधिकारियों की जिम्मेदारी है अन्यथा लापरवाही करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर श्री महोबे ने पीएम आवास योजना की समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि स्वीकृत आवास को निर्धारित समय सीमा में हर हाल में पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि अभियान चलाकर अधूरे आवासों को शीघ्र पूरा कराया जाए। पात्र-अपात्र के निराकरण की प्रक्रिया को गंभीरता से लिया जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाए। उन्होंने कहा कि आवास स्वीकृत होने के बाद निर्धारित समय पर कार्य पूर्ण किया जाना चाहिए। साथ ही आगामी 1 नवम्बर को राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारी समय पर पूर्ण की जाए। कलेक्टर ने चेतावनी दी कि यदि आवास समय पर पूर्ण नहीं किए गए तो संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नोटिस जारी किए जाएंगे। कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे ने स्वच्छ भारत मिशन और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के कार्यों को तेज गति से आगे बढ़ाया जाए। ग्राम पंचायत स्तर पर स्वच्छता गतिविधियों को नियमित रूप से संचालित करने और आमजन को अधिक से अधिक जोड़ने पर जोर दिया। कलेक्टर ने कहा कि योजनाओं में कार्य गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ पूरे होने चाहिए। लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। बैठक में उप संचालक पंचायत अभिमन्यु साहू, सर्व सीईओ जनपद पंचायत, बीसी पीएमएवाई-जी, पीओ मनरेगा, बीसी स्वच्छ भारत मिशन, एनआरएलएम, एसडीओ आरईएस,सब इंजीनियर, तकनीकी सहायक उपस्थित रहें।

## हाफ बिजली बिल योजना बहाल करो, कांग्रेस का बिजली कार्यालय का घेराव



### बारिश में भीगते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन, जनता पर बिजली दरों के बोझ के खिलाफ दिया गया ज्ञापन

**जांजगीर,** 03 अक्टूम्बर (देशबन्धु)। बढ़ती बिजली दरों और हाफ बिजली बिल योजना की बहाली की मांग को लेकर जांजगीर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को ज़ोरदार प्रदर्शन किया। बारिश में भीगते हुए कांग्रेसजन हाथों में तख्तियां और नारों के साथ हांकी मैदान से बिजली कार्यालय तक पैदल मार्च करते हुए पहुंचे। वहाँ कार्यालय का घेराव कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि प्रदेश में भाजपा सरकार ने पौने दो वर्षों में प्रति यूनिट 80 पैसे तक की बढ़ोतरी कर आम जनता पर आर्थिक बोझ डाल दिया है। कांग्रेस सरकार द्वारा लागू की गई 'हाफ बिजली बिल योजना' के बंद होने से गरीब, मध्यमवर्ग और किसान परेशान हैं। पूर्ववर्ती सरकार ने जहां 65 लाख से अधिक घरेलू उपभोक्ताओं को 3240 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी थी, वहीं किसानों को 5 एचपी तक निशुल्क और बीपीएल परिवारों को 40 यूनिट मुफ्त बिजली दी गई थी। परंतु वर्तमान सरकार में भारी भरकम बिलों से उपभोक्ता त्रस्त हैं। इस आंदोलन का नेतृत्व जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप और जिला कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष रमेश पैगवार ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेसजन एवं नागरिक उपस्थित रहे। प्रदर्शन के अंत में बिजली विभाग के सहायक यंत्री को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान प्रमुख रूप से उपस्थित नेताओं में विधायक ब्यास कश्यप, रमेश पैगवार, दिनेश शर्मा, गिरधारी यादव, रफीक सिद्दीकी, शिशिर द्विवेदी, लोकेश राठौर, देव कुमार पांडे, अजीत सिंह राणा, भगवान दास गढ़वाल, राजेश अग्रवाल, संतोष पप्पू शर्मा, और अन्य सैकड़ों कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## एक पहल से बचाई दो जिंदगी

### दुर्घटना में घायल आठ माह की गर्भवती महिला को पहुंचाया अस्पताल

**जांजगीर,** 03 अक्टूम्बर (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय जांजगीर के चांपा रोड स्थित अटल चौक के पास बुधवार को हुए एक सड़क हादसे में घायल आठ माह की गर्भवती महिला को वरिष्ठ पत्रकार गोपाल शर्मा ने तत्परता दिखाते हुए अस्पताल पहुंचाया और मानवता की मिसाल पेश की। उनकी इस पहल से एक नहीं, बल्कि दो जिंदगियां बचाई जा सकीं।



दुर्घटना दो बाइकों की आपस में भिड़ंत से हुई थी, जिसमें बाइक सवार आठ माह की गर्भवती महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। नवरात्रि पर्व के चलते मार्ग व्यस्त होने के बावजूद लोग तमाशबीन बने रहे। अफसोस की बात यह है कि मदद करने के बजाय लोग फोटो खींचने और वीडियो बनाने में मशगूल थे। इसी दौरान मार्केट जा रहे वरिष्ठ पत्रकार गोपाल शर्मा वहां पहुंचे। उन्होंने बिना समय गंवाए घायल महिला को तत्काल अपनी गाड़ी से अस्पताल पहुंचाया। शर्मा की इस नेक पहल से न केवल महिला की जान बच गई, बल्कि उनके गर्भ में पल रहा आठ माह का बच्चा भी सुरक्षित है।




## संघ शताब्दी वर्ष पर विजयादशमी उत्सव और शस्त्र पूजन सम्पन्न

जांजगीर, 03 अक्टूम्बर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में गुरुवार को विजयादशमी उत्सव एवं शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन विष्णु मंदिर बस्ती में धूमधाम से किया गया। सुबह 8 बजे प्रारंभ हुए इस आयोजन में करीब डेढ़ सौ स्वयंसेवकों ने पूर्ण अनुशासन और उत्साह के साथ सहभागिता निभाई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अमित देवांगन ने की तथा विभाग प्रचारक योगेश्वर साहू मुख्य वक्ता रहे। उत्सव में शस्त्र पूजन के पश्चात पथ संचलन, उद्बोधन और प्रार्थना सम्पन्न हुई। आयोजन की जानकारी नगर कार्यवाह डॉ. नील सागर यादव ने दी। मुख्य वक्ता योगेश्वर साहू ने संबोधन में कहा कि भारत भूमि को माता के रूप में पूजने वाला केवल हिंदू समाज है, इसलिए हिंदुत्व ही इस देश की मूल आत्मा है। यदि मूल को सशक्त किया जाए तो राष्ट्र स्वयं सशक्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि संघ का मुख्य लक्ष्य व्यक्ति निर्माण है, क्योंकि संस्कारित और सशक्त व्यक्ति से ही मजबूत समाज और राष्ट्र का निर्माण संभव है। इस अवसर पर सह प्रांत प्रचार प्रमुख मन्मथनाथ शर्मा, जिला कार्यवाह अमित गौरहा, जिला कुटुंब प्रबोधन प्रमुख गंगाराम कटकवार, जिला सामाजिक समरसता प्रमुख रामचंद्र उपाध्याय, जिला सेवा प्रमुख मुकेश चंद्रा, जिला महाविद्यालयीन प्रमुख रुद्र प्रताप सिंह, जिला सह पर्यावरण प्रमुख मिथलेश कश्यप, नगर संघचालक डॉ. संदीप तिवारी, वरिष्ठ स्वयंसेवक रज्जू गुप्ता और हरगोविंद खत्री सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक, गणमान्य नागरिक एवं मातृशक्ति उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन बस्ती प्रमुख विनोद गोपाल ने किया।

## कांग्रेस जनों ने मनाई गांधी-शास्त्री जयंती, प्रार्थना सभा व विचार गोष्ठी का आयोजन

**जांजगीर**, 03 अक्टूम्बर (देशबन्धु)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 156वीं एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की 121वीं जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा गांधी प्रतिमा स्थल पर प्रार्थना सभा और विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन कार्यकारी जिलाध्यक्ष रमेश पैगवार के नेतृत्व में हुआ।



कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी की प्रतिमा और शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर वक्ताओं ने दोनों महापुरुषों के जीवन, सिद्धांतों, त्याग, बलिदान और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर विचार व्यक्त किए। विचार गोष्ठी में प्रमुख रूप से विधायक व्यास कश्यप, प्रदेश कांग्रेस सचिव गिरधारी यादव, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता देवेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष विवेक सिसोदिया, महामंत्री शिशिर द्विवेदी एवं पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष भगवानदास गढ़वाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रफीक सिद्दीकी ने किया तथा आभार प्रदर्शन सेवादल के जिला अध्यक्ष देव कुमार पांडे ने किया। इस अवसर पर डॉ. परस शर्मा, राघवेंद्र सिंह, अजीत सिंह राणा, ऋषिकेश उपाध्याय, परमेश्वर निर्मले, सुखराम गरेवाल, रामविलास राठौर, मुस्कान परवीन, पार्षद जगदीश्वरी सूर्यवंशी, श्रीमती वर्षा सिंह, श्रीमती हेमलता राठौर, सलीम सिद्दीकी, राइस किंग खुटे, संतोष बबई गढ़वाल, चंद्र कुमार ओग्रे, अशोक सोनवानी, विजय गढ़वाल, मो. शरीफ कुरैशी, रवि सूर्यवंशी, सफीक खान, अतीक कुरैशी, देवी राठौर, व्यास नारायण, महेत्तर लाल कश्यप, चोलाराम कश्यप, नरसिम्हा यादव सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## अधर्म पर धर्म की विजय-प्रभु श्रीराम ने किया रावण का दहन

### हजारों लोगों की भीड़ के बीच संपन्न हुआ खरसिया का ऐतिहासिक दशहरा महोत्सव

**खरसिया,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। आज़ादी के पूर्व से ही चले आ रहे खरसिया नगर के ऐतिहासिक विजयादशमी महापर्व विराट दशहरा मेला हजारों लोगों की उपस्थिति में भगवान श्रीराम की भक्ति आस्था और बुराई पर अच्छाई की जीत अधर्म पर सत्य की विजय भव्य आतिशबाजी एवं प्रभु श्रीराम के हाथों रावण के विशाल पुतले के दहन के साथ उमंग और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य देवेंद्र प्रताप सिंह ने उपस्थित हजारों लोगों को संबोधित करते हुए दशहरे की शुभ कामनाएं दी और राज परिवार के खरसिया नगर से ऐतिहासिक संबंधों के विषय में भी जानकारी दी और प्रभु श्री राम के प्रति हिंदुओं की आस्था के प्रतीक भगवान श्रीराम के परिवार द्वारा खरसिया में मंदिर निर्माण की जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष कमल गर्ग ने कहा कि विजयादशमी का पावन पर्व हमें यह शाश्वत संदेश देता है कि सत्य की सदैव विजय होती है। अधर्म कितना भी प्रबल क्यों न हो, धर्म का प्रकाश अंततः अंधकार को पराजित करता है खरसिया के ऐतिहासिक टाउन हॉल मैदान में आयोजित भव्य दशहरा उत्सव में शामिल होकर श्रद्धालुजनों के साथ इस विजय पर्व का साक्षी बना और मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के आदर्शों को नमन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ ।इस सफल आयोजन में सहयोग देने वाली सभी सामाजिक संस्थाओं, पुलिस प्रशासन, अनुविभागीय अधिकारी, सभी कोटवार भाई एवं क्षेत्र भर से पधारे अतिथियों का हृदय से धन्यवाद एवं आभार ।आप सभी को विजयादशमी की हार्दिक शुभकामनाएं। संयोजक बजरंग अग्रवाल एलआर



महेश साहू, संरक्षक। गोपाल शर्मा, गिरधर गुप्ता ने भी आयोजन समिति की सराहना करते हुए क्षेत्र वासियों की मंगल कामना की वही अध्यक्ष रूपेश सराफ ने आज के इस गौरवपूर्ण आयोजन के लिए सभी को धन्यवाद दिया अंत में समिति के सचिव उमाशंकर ने सभी सम्मानित अतिथियों सहयोगी संस्थाओं एवं विजयादशमी महोत्सव समिति के सभी सदस्यों का आभार जताकर धन्यवाद ज्ञापित किया और कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के सभी सहयोगी सदस्यों पदाधिकारियों का हृदय से धन्यवाद दिया।

## असत्य पर सत्य की हुई जीत, बुराई रूपी रावण का हुआ पुतला दहन

### विजयादशमी पर अंचल में जगह-जगह अहंकार के प्रतीक रावण के पुतले का किया गया दहन

**जांजगीर,** 03 अक्टूम्बर (देशबन्धु)। असत्य पर सत्य की जीत का पर्व विजयादशमी धूमधाम से मनाया गया। विजयादशमी पर अंचल में जगह-जगह असत्य व अहंकार के प्रतीक रावण का पुतला दहन किया गया।

दशहरा का मुख्य कार्यक्रम जिला मुख्यालय के हाईस्कूल मैदान में हुआ। पुरानी बस्ती से भगवान राम की झांकी करमा पार्टी के साथ शाम सात बजे निकली। रामजी की सवारी नगर भ्रमण करते हाईस्कूल मैदान पहुंची, जहां 35 फीट के रावण का दहन कर असत्य पर सत्य की जीत का जश्न मनाया गया। रावण दहन के पूर्व आकर्षक रंग बिरंगी व मनमोहक आतिशबाजी का नजारा रहा। हाईस्कूल मैदान में दशहरा का मुख्य कार्यक्रम होने से यहां बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। मैदान के बाहर खिलौने व खाने-पीने के सामान की दुकानें लगी थीं। दुकानों में लोगों ने जमकर खरीददारी की, जिससे मेले जैसा माहौल लग रहा था। बच्चों ने भी अपने-अपने स्तर पर छोटे आकार के रावण पुतले का दहन किया।



मोहल्लों में भी बच्चों की टोलियों ने मेहनत कर रावण का पुतला बनाया था। शाम होते ही जगह-जगह बच्चों को रावण दहन करते देखा गया। नगर में मुख्य रूप से तीन स्थानों में बड़े स्तर पर रावण पुतला का दहन किया जाता है। हाईस्कूल मैदान में नगर पालिका द्वारा आयोजित विजयादशमी उत्सव रावण का पुतला जलाकर दशहरा उत्सव मनाया गया। भाठापारा में एक दिन बाद शुक्रवार तीन अक्टूबर को रावण का पुतला जलाया जाएगा। नगर में मुख्य रूप से तीन स्थानों में बड़े स्तर पर रावण पुतला का दहन किया जाता है। हाईस्कूल मैदान में नपा द्वारा, टीसीएल कालेज में मैदान में क्षत्रिय समाज के द्वारा दशहरा उत्सव मनाया गया। वहीं भाठापारा में एक दिन बाद रावण का पुतला जलाया गया।

### पुलिस की रही चाक चौबंद व्यवस्था

हाईस्कूल मैदान में दशहरा उत्सव को लेकर पुलिस ने चाक-चौबंद व्यवस्था की थी। यहां बडी संख्या में पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी। हाईस्कूल मैदान में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस चौकन्नी रही। ताकी ज्यादा भीड़ और कार्यक्रम में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

### सोनपत्ती देकर लिया आर्शीवाद

दशहरा के दिन सोनपत्ती का भी विशेष महत्व है। रावण दहन के बाद बडे बुजुर्गों को सोनपत्ती देकर आर्शीवाद लेने का रिवाज है। मान्यता है कि रावण का वध करने के बाद अयोध्या पहुंचने पर भगवान राम ने माता कौशिल्या को सोनपत्ती भेंट किया था।

### रावण का कद घटा

रावण का कद घटा 45 के बजाय बनाए 35 फीट के पुतले नगर पालिका के द्वारा जिला मुख्यालय के हाईस्कूल मैंदान में बनवाए गए रावण के पुतले की साइज चर्चा का विषय रही। इस बार नगर पालिका के द्वारा रावण का कद छोटा कर दिया गया और 45 फीट की जगह 35 फीट के रावण के पुतले का दहन किया गया।

### बारिश नाम कराई किरकिरी

इस बार भी रावण के पुतला दहन कार्यक्रम में अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली थी, मगर ठीक पुतला दहन के दौरान अचानक हुई तेज बारिश ने लोगों का मजा किरकिरा कर दिया। ज्यादातर लोग छाए की तलाश में गुमटी व ठेलों में शरण ली, बावजूद भी तेज बारिश से भीगने से नहीं बच सके। ऐसे में दशहरा उत्सव का आनंद लेने पहुंचे लोगों का मजा किरकिरा हुआ।

# देश विदेश

## इजरायल ने ग्लोबल सुमुद फ्लोटिला के आखिरी जहाज को भी रोका

**यरूशलम,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। इजरायल ने गाजा पट्टी की ओर जा रहे 'ग्लोबल सुमुद फ्लोटिला' के आखिरी समुद्री जहाज को भी रोक लिया है। अल जजीरा ने बताया कि पोलैंड का मैरिनेट जहाज सुमुद फ्लोटिला का आखिरी जहाज था, जिसे शुक्रवार सुबह इजरायली नौसेना ने गाजा से 43 समुद्री मील दूर रोक लिया। उल्लेखनीय है कि ग्लोबल सुमुद फ्लोटिला 44 जहाजों का काफिला है, जो लगभग 40 देशों के 500 से अधिक नागरिक अधिकार कार्यकर्ताओं को लेकर गाजा पट्टी की ओर बढ़ रहा था। इनका उद्देश्य इजरायल द्वारा गाजा की नाकेबंदी को तोड़ना था और गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाना था।


रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिका को घेरा, कहा

# बाहरी दबाव से नहीं झुकेंगे पीएम मोदी

**मास्को,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिका के साथ जारी टैरिफ विवाद के बीच रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारत को लेकर बड़ा बयान दिया है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मास्को के साथ तेल व्यापार जारी रखने के भारत के फैसले का पुरजोर समर्थन किया। इसके साथ ही उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा की और रूस से तेल आयात रोकने के लिए दबाव बनाने के प्रयास के लिए अमेरिका को जमकर फटकार लगाई।

सोची के वल्दाई डिस्कशन क्लब में रूस के राष्ट्रपति ने पीएम मोदी को एक 'संतुलित और बुद्धिमान नेता' बताया। उन्होंने भारत द्वारा रूसी कच्चे तेल की खरीद के पीछे किसी भी राजनीतिक मंशा को खारिज करते हुए कहा कि यह पूरी तरह से आर्थिक कारणों से प्रेरित है।

व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि इसमें कोई राजनीतिक पहलू नहीं है। अगर भारत हमारी ऊर्जा आपूर्ति से इनकार करता है, तो उसे कुछ नुकसान होगा।



■ पुतिन ने मास्को के साथ तेल व्यापार जारी रखने के भारत के फैसले का किया समर्थन

अनुमान अलग-अलग हैं। कुछ का कहना है कि यह लगभग 9-10 अरब डॉलर का हो सकता है, लेकिन अगर वह इनकार नहीं करता है, तो प्रतिबंध लगाए जाएंगे और नुकसान उतना ही होगा, तो फिर इनकार क्यों किया जाए, जबकि इससे घरेलू राजनीतिक लागत भी आएगी।

रूसी राष्ट्रपति ने अमेरिका की ओर से टैरिफ के जरिए बनाए जा रहे बाहरी दबाव के आगे न झुकने की भारत की क्षमता पर भरोसा जताया। पुतिन ने कहा कि यकीन मानिए भारत जैसे देश के लोग, राजनीतिक नेतृत्व द्वारा लिए गए फैसलों पर कड़ी नजर रखेंगे और किसी के सामने किसी भी तरह का अपमान नहीं होने देंगे और फिर मैं प्रधानमंत्री मोदी को भी जानता हूं। वह खुद इस तरह का कोई कदम कभी नहीं उठाएंगे।

बता दें, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की ओर से यह टिप्पणी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा संयुक्त राष्ट्र महासभा में दिए गए भाषण के तुरंत बाद आई है। यूएनजीए में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत और चीन पर रूस से तेल खरीद जारी रखकर यूक्रेन युद्ध के प्रमुख वित्तीय समर्थक होने का आरोप लगाया था।

यही वजह है कि अमेरिका ने अगस्त में भारतीय वस्तुओं पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगा दिया, जिससे कुल शुल्क प्रभावी रूप से 50 प्रतिशत हो गया।

### दिसम्बर की शुरुआत में भारत आएंगे पुतिन

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दिसंबर की शुरुआत में शिखर वार्ता के लिए भारत आएंगे। श्री पुतिन के इस दौरे में कुछ महत्वपूर्ण समझौतों के होने की उम्मीद है। उनका भारत का यह दौरा करीब चार साल बाद हो रहा है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने बताया कि श्री पुतिन की भारत यात्रा की तैयारियां जोर- शोर से चल रही है। उन्होंने कहा कि वह भारत में होंगे। सचमुच, हम तैयारी कर रहे हैं। यह नये साल से पहले होगा। श्री पेस्कोव ने भारत के साथ रूस के रिश्ते पर कहा कि भारत के रूस के साथ विशेष संबंध हैं और रूस इन्हें बहुत महत्व देता है। उल्लेखनीय है कि भारत और रूस के बीच दिसंबर में होने वाली यह 23वीं द्विपक्षीय शिखर वार्ता होगी। इससे पहले रूस के राष्ट्रपति 2021 में 21 वीं द्विपक्षीय शिखर वार्ता के लिए भारत आए थे।

■ जोर- शोर से चल रही है पुतिन की भारत यात्रा की तैयारियां

## अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों की जांच करे यूनुस सरकार : भारत

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत ने शुक्रवार को बांग्लादेश के गृह सलाहकार जाहंगीर आलम चौधरी के हालिया बयान पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार को अपने अंदर झांकना चाहिए और देश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रहे हमलों की गंभीरता से जांच करनी चाहिए।



विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम इन झूठे और बेबुनियाद आरोपों को सख्ती से खारिज करते हैं। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार कानून-व्यवस्था बनाए रखने में नाकाम रही है और अक्सर अपनी नाकामियों से ध्यान भटकाने के लिए दूसरों पर आरोप लगाती है। उसे चाहिए कि वह आत्ममंथन करे और चिटगांव हिल ट्रैक्ट्स में अल्पसंख्यक समुदायों के खिलाफ स्थानीय चरमपंथियों द्वारा की जा रही हिंसा, आगजनी और भूमि कब्जे की गंभीर जांच करे।

यह प्रतिक्रिया चौधरी के उस बयान पर आई जिसमें उन्होंने खगड़ाछड़ी जिले में फैली अशांति के लिए नई दिल्ली को जिम्मेदार ठहराया था। चिटगांव हिल ट्रैक्ट्स में आदिवासी लोगों के खिलाफ हुई हालिया हिंसा को लेकर वैश्विक समुदाय में चिंता बढ़ गई है। मानवाधिकार संगठनों ने अंतरिम सरकार से सख्त कार्रवाई की मांग की है, क्योंकि 28 सितंबर को एक मर्मा समुदाय की स्कूली छात्रा से गैंगरेप की घटना के बाद भड़की हिंसा में कई लोगों की मौत और घायल होने की खबरें आई हैं। इस दौरान सुरक्षा बलों पर व्यापक आगजनी, लूटपाट और अंधाधुंध गोलीबारी के आरोप लगे हैं। इस बीच, जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र के बाहर इंटरनेशनल फोरम फॉर सेक्युलर बांग्लादेश ने दो दिवसीय पोस्टर प्रदर्शनी आयोजित की।

## सुडोकू 7053


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | 6 | 2 | | 3 |
| | 8 | | 3 | 7 | 5 | | | 1 |
| | 1 | | 8 | | | | 5 | 7 |
| 1 | 5 | 4 | | | | | | 6 |
| 6 | | | 5 | | 9 | | | 8 |
| 2 | | | | | | 4 | 7 | 5 |
| 5 | 6 | | | | 8 | | 3 | |
| 7 | | | 4 | 5 | 3 | | 6 | |
| 8 | | 3 | 9 | | 7 | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 7053




**बायें से दायें:-**

१. सरस्वती
४. दोष या खराबी को दूर करना
६. सेना, फौज
७. किसी पत्र-पत्रिका का पिछला अंक
८. बचपन का मित्र
१०. बालटी जैसा पात्र जिसमें फूल आदि के पौधे लगाये जाते हैं
११. लाना, ले जाना करना, ग्रंथ-लेख आदि लिखना, रचना वितरण
१३. घटाना, छोटा रूप. फेंकना, भेजना, हरण
१४.अनिच्छा, घृणा विरचि, रुचि केप्रतिकूल
१५. बूढ़ा आदमी
१७. उसी अर्थ में
१९ कुतूहल, अचंभा, हास्य, विनोद हँसी, मजाक
२१. झगड़ालू
२२. चलते चलते सहसा रुक जाना
२४. यश बढ़ाने वाला

**ऊपर से नीचे:-**

१. बहादुर महिला
२. किसी पदार्थ का विशेष कर द्रव पदार्थ का भाप बनना
३. नीला आकाश
४. देवकन्या, अप्सरा
५. धनी, अमीर (उर्दू)
९. खाने की वस्तु
११. मशहूर
१२. यूनान का निवासी
१३. एकत्र या जमा किया गया
१४. किन्तु, परंतु
१५. व्यवसाय पर लगने वाला कर
१६. तालाब, सरोवर
१८. देखने वाला, प्रेक्षक
१९. कुरु का वंशज, कुरु नरेश
२०. मुश्किल
२३. स्वामी, पति

### वर्ग पहेली-7052



यूसुफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : शनिवार 4 अक्टूबर , 2025 आश्विन शुक्ल पक्ष 12**

### राशिफल

मेष - आप का दिन मित्रों और सामाजिक कामों के पीछे भागदौड़ में बीतेगा। धन का खर्च भी करना पड़ेगा। आपके नए मित्र बन सकते हैं, जो भविष्य में आपके लिए लाभदायी रहेंगे। सरकारी कामों में सफलता प्राप्त होगी।

वृषभ - आज का दिन आपके लिए शुभ फलदायी है। विशेषकर व्यवसाय करने वालों के लिए आज का दिन बहुत लाभदायी रहेगा। व्यवसाय में पदोन्नति का भी योग है। कार्यालय में उच्च अधिकारी का सहयोग प्राप्त होगा।

मिथुन - आज आपको थोड़ी प्रतिकूलताओं का सामना करना पड़ेगा। तबीयत में थोड़ी कमजोरी रहेगी। इस कारण कोई भी काम करने का उत्साह मंद रहेगा। संतान के विषय में समस्या होगी।

कर्क - आज के दिन आप पर नकारात्मक वृत्ति हावी रहेगी। परिणामस्वरूप मानसिक हताशा से घिरे रहेंगे। क्रोध की अधिकता रहेगी। स्वास्थ्य संबंधी शिकायत रहेगी।

सिंह - आज के दिन आप मनोरंजन तथा घूमने-फिरने में समय व्यतीत करेंगे। फिर भी सांसारिक मामलों में आपका व्यवहार थोड़ा उदासीन रहेगा। जीवनसाथी का स्वास्थ्य खराब होने की संभावना है।

कन्या - परिवार में आनंद और उत्साह का वातावरण रहने से आपका मन भी प्रसन्न रहेगा। स्वास्थ्य बना रहेगा। बीमार व्यक्ति की तबीयत में सुधार होने से राहत का अनुभव होगा। काम में सफलता और यश मिलेगा।

तुला - आज आप अपनी कल्पना शक्ति और सृजनशक्ति को उत्तम रूप से काम में लगा सकेंगे। बौद्धिक प्रवृत्तियों और चर्चा में भाग लेना आपको पसंद आएगा। संतान की तरफ से शुभ समाचार मिलेगा। उनकी प्रगति होगी।

वृश्चिक - आपको आज का दिन शांतिपूर्वक व्यतीत करने की सलाह दी जाती है। शारीरिक स्वास्थ्य खराब होने की संभावना है। साथ ही मानसिक रूप से भी अस्वस्थता महसूस होगी। मां के स्वास्थ्य के संबंध में चिंता रहेगी।

धनु - आज आप गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के रंग में रहेंगे। इस विषय में गहरे उतरने का प्रयास करेंगे। नए काम शुरू करने का प्रयास करेंगे। स्वास्थ्य बना रहेगा। आपका मन भी प्रसन्न रहेगा। छोटी यात्रा की संभावना है।

मकर - न बोलने में नौ गुण, इस कहावत की सार्थकता को समझकर आप यदि वाणी पर संयम रखेंगे, तो अनर्थ से बच सकते हैं। पारिवारिक सदस्यों के साथ मनमुटाव न हो, उसके लिए यह आवश्यक है।

कुंभ - शारीरिक, मानसिक और आर्थिक सभी तरह से आज का दिन आपके लिए अच्छा साबित होगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ सुरुचिपूर्ण भोजन का रसास्वादन करेंगे।

मीन - अल्पकालिक लाभ लेने की लालच छोड़ने और पूंजी निवेश में ध्यान रखने की सलाह दी जाती है। आज आपके मन की एकाग्रता कम रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य खराब होगा। संतान की समस्या उलझन में डालेगी।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

## इबोला से निपटने में आड़े आ रही धन की कमी : डब्ल्यूएचओ




### कांगो सरकार ने की 4 सितम्बर को इबोला प्रकोप की घोषणा

**किंशासा,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य की राजधानी किंशासा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि डीआरसी के कसाई प्रांत में इबोला के प्रकोप में कमी के शुरुआती संकेत दिख रहे हैं।

हालांकि, वित्तीय कमी और रसद संबंधी चुनौतियां इबोला के प्रभाव को कम करने के प्रयासों में बाधा बन रही हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, कांगो सरकार ने 4 सितंबर को इबोला प्रकोप की घोषणा की। 1976 में वायरस की पहली बार पहचान के बाद से देश 16वीं बार इबोला की चपेट में आया है। बुधवार तक कुल 64 मामले सामने आए थे, जिनमें 42 मरीजों की मौत हो गई, जबकि 12 मरीजों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अफ्रीका क्षेत्रीय कार्यालय के कार्यवाहक क्षेत्रीय आपातकालीन निदेशक पैट्रिक अबोक ने एक वर्चुअल प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि लगभग 30 दिनों की लगातार कोशिशों के बाद नए मामलों की संख्या में गिरावट शुरू देखने को मिल रही है। यह इस बात का एक मजबूत संकेत है कि हमारे प्रयासों का असर दिखने लगा है।

अब तक 8,000 से अधिक लोगों को टीका लगाया जा चुका है जो इबोला के पुष्ट मामलों के संपर्क में आए हैं। डब्ल्यूएचओ के अफ्रीका क्षेत्रीय कार्यालय ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि एक नए अभियान का उद्देश्य बुलापे के 19 इलाकों में 18,000 खुराकें पहुंचाना है, ताकि जोखिमग्रस्त आबादी की सुरक्षा की जा सके और वायरस के प्रसार को रोका जाए।

पिछले तीन हफ्तों में दर्ज मामलों में गिरावट देखी गई है, लेकिन नियंत्रण उपायों को बनाए रखना और उनका विस्तार करना अभी महत्वपूर्ण बना हुआ है। डब्ल्यूएचओ के इबोला प्रबंधक मोरी कीता ने इबोला से निपटने में मजबूत सामुदायिक भागीदारी पर खुशी जताई।

## दुखद : गाजा में 42 हजार लोग हुए दिव्यांग

**जिनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा है कि इज़रायली सैन्य अभियान के कारण गाजा पट्टी में लगभग 42,000 लोग दिव्यांग हो गए हैं। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि गाजा पट्टी में चल रहे संघर्ष के कारण लगभग 42,000 लोग जीवन बदलने वाली चोटों का शिकार हुए हैं। अक्टूबर 2023 से अब तक कुल 167,376 घायल हुए लोगों में से इनकी संख्या करीब एक चौथाई है। कुल 5,000 से ज़्यादा लोगों के अंग बदले गए हैं।

डब्ल्यूएचओ के अनुसार बड़े पैमाने पर लोग हाथ और पैर की चोटें (22,000 से ज़्यादा), रीढ़ की हड्डी की चोटों (2,000 से ज़्यादा), मस्तिष्क की चोटों (1,300 से ज़्यादा), और गंभीर जलन (3,300 से ज़्यादा) से पीड़ित हुए हैं। इस कारण से विशेष शल्य चिकित्सा और पुनर्वास सेवाओं की आवश्यकता और बढ़ गई है। बयान में आगे कहा गया है, स्वास्थ्य संबंधी ज़रूरतें बढ़ रही हैं, स्वास्थ्य व्यवस्था ढहने के कगार पर है। गाजा के 36 अस्पतालों में से केवल 14 ही आंशिक रूप से काम कर रहे हैं, जबकि संघर्ष-पूर्व पुनर्वास सेवाएं एक-तिहाई से भी कम क्षमता से काम कर रही हैं, और कई तो बंद होने के कगार पर हैं। आपातकालीन चिकित्सा विशेषज्ञों और स्वास्थ्य सहयोगियों के प्रयासों के बावजूद कोई भी पूरी तरह से काम नहीं कर रहा है।

## सिंगापुर के प्रधानमंत्री से मिले पीयूष गोयल

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग से मुलाकात की और दोनों देशों के बीच साझेदारी को बढ़ने के लिए एआई से लेकर इंडस्ट्रियल पार्क विकसित करने पर बातचीत की।



**एआई से लेकर इंडस्ट्रियल पार्क विकसित करने पर हुई बातचीत**

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि इस बैठक में हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने, साथ ही भविष्य में विकास की गति को बढ़ाने पर चर्चा की गई है। वोंग ने जवाब देते हुए कहा कि इंडस्ट्रियल पार्क विकसित करने से लेकर एआई जैसी उभरती तकनीक तक हमारी आर्थिक साझेदारी को गहरा करने पर अच्छी चर्चा हुई।

केंद्रीय मंत्री गोयल ने सिंगापुर एयरलाइंस इंजीनियरिंग कंपनी (एसआईएईसी) के सीईओ चिन याउ सेंग से भी मुलाकात की और विमानन रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल (एमआरओ) क्षेत्र में भारत-सिंगापुर सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की। केंद्रीय मंत्री ने एक अलग पोस्ट में सोशल मीडिया पर बताया कि इस बैठक में भारत के बढ़ते एयरोस्पेस इकोसिस्टम को बढ़ावा देने और वैश्विक संपर्क बढ़ाने के लिए इनोवेशन, स्किल डेवलपमेंट और इन्वेस्टमेंट में साझेदारी के नए रास्ते तलाशे गए।

केंद्रीय मंत्री ने कैपिटलैंड इन्वेस्टमेंट के ग्रुप सीईओ ली ची कून और वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक मनोहर खियातानी से भी मुलाकात की। चर्चा भारत में सतत शहरी विकास और बुनियादी ढांचे के विस्तार (विशेष रूप से लॉजिस्टिक्स, वेयरहाउसिंग और डेटा सेंटरों के क्षेत्र में) को आगे बढ़ाने पर केंद्रित थी।

उन्होंने पोस्ट किया कि रणनीतिक सहयोग के माध्यम से भारत की विकास गाथा को आगे बढ़ाने के नए अवसरों की भी खोज की गई।

## कनाडा में खसरे के बढ़े मामले, अल्बर्टा में समय से पहले जन्मे बच्चे की मौत



**ओटावा,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। अल्बर्टा में खसरे से संक्रमित प्रीमैच्योर बच्चे की मौत हो गई। यह प्रांत में खसरे से पहली मौत है, लेकिन पूरे कनाडा में इस साल यह दूसरी मौत है, जो खसरे के कारण हुई है। इस पर स्वास्थ्य मंत्री एड्रियाना लाग्रेंज ने गहरा दु:ख व्यक्त किया।

एड्रियाना लाग्रेंज ने कहा कि खसरा पांच साल से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और कमजोर रोग-प्रतिरोधक प्रणाली वाले लोगों के लिए बेहद खतरनाक साबित हो सकता है।

मंत्री ने खासकर उन लोगों से अपील की है जो बच्चे की योजना बना रहे हैं कि वे गर्भावस्था से पहले खसरे की दो खुराक की वैक्सीन लगवा लें, क्योंकि गर्भावस्था के दौरान टीकाकरण की सलाह नहीं दी जाती है।

### सुडोकू 7052 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 5 | 1 | 9 | 6 | 2 | 8 | 3 |
| 9 | 8 | 2 | 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 8 | 2 | 4 | 9 | 5 | 7 |
| 1 | 5 | 4 | 7 | 8 | 2 | 3 | 9 | 6 |
| 6 | 3 | 7 | 5 | 4 | 9 | 1 | 2 | 8 |
| 2 | 9 | 8 | 6 | 3 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 2 | 1 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 7 | 2 | 1 | 4 | 5 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 8 | 4 | 3 | 9 | 6 | 7 | 5 | 1 | 2 |

## आज का इतिहास

1535 -अंग्रेजी भाषा में पहली संपूर्ण बाइबल, जिसे माइल्स कोवरडेल ने तैयार किया था, छपकर तैयार हुई।

1552-इटली, पोलैंड, पुर्तगाल और स्पेन ने पोप ग्रेगरी के आदेश पर ग्रेगोरियन कैलेंडर अपनाया।

1824- मैक्सिको रिपब्लिक बना।

1830- नीदरलैंड से अलग होकर बेल्जियम नया देश बना।

1943: अमेरिका ने सोलोमन द्वीप पर कब्जा किया।

1954 -मर्लिन मुनरो ने दुनिया के बेहतरीन बेसबाल खिलाड़ी जो डीमैगियो के साथ शादी के करीब नौ महीने बाद मानसिक यातना के आधार पर तलाक लेने का इरादा जाहिर किया।

1957 -सोवियत संघ ने पहला उपग्रह स्पूतनिक एक, अंतरिक्ष में रवाना किया। यहीं से अंतरिक्ष युग की शुरुआत हुई और तत्कालीन सोवियत संघ और अमेरिका के बीच एक नयी स्पर्धा शुरू हुई।

1963- क्यूबा और हैती में चक्रवाती तूफान फ्लोरा से छह हजार लोगों की मौत।

1965-बीबीसी ने एशियाई आप्रवासियों के लिए पहली सेवा शुरू करने की अपनी योजना का ऐलान किया।

1969 -चीन ने अपनी मुख्यभूमि के पश्चिमी क्षेत्र में हाइड्रोजन बम का परीक्षण करने का ऐलान किया। इसके साथ ही देश ने अपना पहला भूमिगत परमाणु परीक्षण पूरा किया।

1977 -विदेश मंत्री के रूप में अटल बिहारी वाजपेयी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा को हिंदी में संबोधित किया। इससे पहले इस विश्व मंच पर किसी ने हिंदी में भाषण नहीं दिया था।

1977 -भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को राजनीतिक भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार करने के 16 घंटे बाद रिहा किया गया।

**अपील** *संयुक्त राष्ट्र ने महात्मा गांधी के संदेशों में शक्ति व प्रेरणा तलाशने का किया आह्वान, कहा*

# कठिन समय में काम करने की ताकत देता है गांधी का संदेश

**संयुक्त राष्ट्र,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने महात्मा गांधी के संदेशों में शक्ति और प्रेरणा तलाशने का आह्वान किया है, ताकि एक न्यायपूर्ण, टिकाऊ और शांतिपूर्ण विश्व के निर्माण की दिशा में काम किया जा सके। 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर, दुनिया भर में अलग-अलग स्थानों पर महात्मा गांधी और उनके आदर्शों को श्रद्धापूर्वक याद किया गया। संयुक्त राष्ट्र के अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के साथ गांधी जयंती के अवसर पर अपने संदेश में महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा, फ्रगांधीजी समझते थे कि अहिंसा कमजोरों का हथियार नहीं है वरन यह साहसी लोगों की ताकत है। जिसमें बिना घृणा के अन्याय का विरोध करने, क्रूरता के बिना उत्पीड़न का सामना करने और प्रभुत्व के बजाय सम्मान के माध्यम से शांति स्थापित करने की शक्ति है। उन्होंने कहा कि आज की दुनिया में, हिंसा संवाद का स्थान ले रही है और शांति की नींव दबाव में है। इस खतरनाक और विभाजित समय में, आइए हम उनके नेतृत्व का अनुसरण करने, दुखों को समाप्त करने, कूटनीति को आगे बढ़ाने, विभाजनों को दूर करने और सभी के लिए एक न्यायपूर्ण, स्थायी और शांतिपूर्ण दुनिया बनाने की शक्ति प्राप्त करें।

■ दुनिया भर में महात्मा गांधी और उनके आदर्शों को श्रद्धापूर्वक याद किया गया



बता दें, महासभा ने 2007 में हर साल गांधी जयंती पर अहिंसा के सिद्धांत की सार्वभौमिक प्रासंगिकता को बढ़ावा देने के लिए अहिंसा दिवस की स्थापना की थी। इस मौके पर भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने कहा कि शांति की लालसा सदियों से और विभिन्न सभ्यताओं में आह्वान और अभिवादन के माध्यम से व्यक्त की जाती रही है।

### गेट्स फाउंडेशन ने मनाई गांधी जयंती

**नई दिल्ली।** अमेरिका के सिएटल में भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने गेट्स फाउंडेशन के साथ साझेदारी में गांधी जयंती मनाया। इस मौके पर भारतीय संस्कृति, कला और व्यंजनों की प्रदर्शनी के लिए एक खास समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गेट्स फाउंडेशन के अध्यक्ष और बोर्ड सदस्य बिल गेट्स के साथ-साथ वाशिंगटन राज्य और सिएटल शहर की सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में बिल गेट्स ने कहा कि यह बहुत ही सुखद है कि हम महात्मा गांधी की जयंती पर एक साथ आ रहे हैं।



## दुनिया को जानें

### एफ-1 सिंगापुर ग्रां प्री को 'हीट हैजर्ड' किया गया घोषित

**सिंगापुर,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। सिंगापुर ग्रां प्री 2025 को फॉर्मूला-1 की संस्था ने पहली बार 'हीट हैजर्ड' यानी अत्यधिक गर्मी वाला रेस घोषित किया है। वजह है यहां का बढ़ता तापमान और तेज नमी, जो ड्राइवरों की शारीरिक क्षमता को चुनौती दे सकती है।

मौसम विभाग के अनुसार तापमान 31 डिग्री तक जा सकता है और नमी भी बहुत ज्यादा होगी। इसी कारण से एफआईए ने नियम बनाया है कि टीमों को अपने ड्राइवरों के लिए कूलिंग वेस्ट (ठंडी रखने वाली जैकेट) उपलब्ध करानी होगी। हालांकि इसका उपयोग करना ड्राइवर की इच्छा पर है। यह नियम इसलिए बनाया गया है ताकि जो ड्राइवर यह वेस्ट पहनें और जो न पहनें, उनके बीच कार के वजन की वजह से कोई अतिरिक्त नुकसान या एडवांटेज न हो। यह पहली बार है जब एफआईए ने नए हीट-हैजर्ड प्रावधान को लागू किया है, जिसे 2023 कतर ग्रां प्री के बाद लागू किया गया था, जब कई ड्राइवरों की तबीयत बिगड़ गई थी। उस समय एस्टेबन ओकॉन ने तो रेस के दौरान हेलमेट में उल्टी तक कर दी थी और लोगन सार्जेंट को बीच में ही रेस छोड़नी पड़ी थी।

# खेल जगत

## 'ऑपरेशन सिंदूर' की तुलना क्रिकेट मैच से नहीं होनी चाहिए : सचिन सावंत

**मुंबई।** एशिया कप के बाद महिला विश्व कप में रविवार को भारत और पाकिस्तान का मुकाबला कोलंबो में होने वाला है। कांग्रेस प्रवक्ता सचिन सावंत ने कहा कि भारत-पाकिस्तान बातचीत और क्रिकेट जैसे आयोजनों से पाकिस्तान कमजोर नहीं हो रहा है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा दिखावे का राष्ट्रवाद कर रही है। भाजपा का कोई भी कदम पाकिस्तान को कमजोर नहीं कर रहा है। पाकिस्तान सऊदी अरब से समझौते, यूनाइटेड नेशंस की आतंकवाद विरोधी समिति की अध्यक्षता और आईएमएफ लोन के जरिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फायदे में है। उसकी आर्मी और नेताओं के अमेरिका से रिश्ते मजबूत हो रहे हैं। भारत-पाकिस्तान मैच हो रहे हैं। भाजपा सिर्फ ढकोसला कर रही है कि खून और पानी एक-साथ नहीं बह सकते, आतंक और क्रिकेट साथ-साथ नहीं चल सकते। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा क्रिकेट मैच की तुलना ऑपरेशन सिंदूर से करना बेहद असंवेदनशील है। इस ऑपरेशन में आतंकियों से मुकाबले में कई सैनिक शहीद हुए थे और यह देश की सुरक्षा और बलिदान का प्रतीक था।



# केएल राहुल, जुरेल व जडेजा के शतकों से भारत ने विशाल बढ़त ले कसा शिकंजा

## वेस्टइंडीज के 162 रन के जवाब में भारत ने बनाए 5 विकेट पर 448 रन

■ 286 रन की बड़ी बढ़त लेकर मैच पर पूरी शिकंजा कस लिया

■ सतेन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। सलामी बल्लेबाज केएल राहुल, अपना छठा टेस्ट मैच खेल रहे विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरैल और उपकप्तान रवींद्र जडेजा के बेहतरीन शतकों की बदौलत भारत ने वेस्ट इंडीज के खिलाफ अहमदाबाद में दो टेस्ट मैच की क्रिकेट सीरीज के पहले टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को अपनी पहली पारी में पांच विकेट पर 448 बना 286रन की बड़ी बढ़त लेकर मैच पर पूरी शिकंजा कस लिया। तब रवींद्र जडेजा 176 खेल कर पांच छक्कों और छह चौकों की मदद से 105 तथा वाशिंगटन सुंदर 13 गेंद खेल कर 9 रन बनाकर क्रीज पर थे। वेस्ट इंडीज के कप्तान ऑफ स्पिनर रॉस्टन चेज (2/90) उसके सबसे कामयाब गेंदबाज रहे। वेस्ट इंडीज अपनी पहली पारी में 162 रन बनाकर आउट हो गई



अहमदाबाद टेस्ट

थी। भारत ने लंच से कप्तान शुभमन गिल (51) और लंच के बाद सलामी बल्लेबाज केएल राहुल (100) और खेल के आखिरी सत्र में ध्रुव जुरेल का विकेट खोया। भारत ने पहले दिन के पहली पारी के दो विकेट पर 121 रन के स्कोर में दूसरे दिन तीन विकेट और खोए और 327 रन और जोड़े। ध्रुव जुरेल (125 रन, 210 गेंद, 3 छक्के, 15 चौके) ने चोट से उबरने में जुटे ऋषभ पंत की जगह मौजूदा सीरीज में उपकप्तानी की जिम्मेदारी संभाल रहे रवींद्र जडेजा के साथ पांचवें विकेट की 206रन की बड़ी भागीदारी कर भारत को पहली पारी में विशाल बढ़त दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

## पंत भारतीय क्रिकेट टीम के 'योद्धा'

**नई दिल्ली।** भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत सही मायनों में महेंद्र सिंह धोनी के उत्तराधिकारी साबित हुए हैं। शानदार विकेटकीपिंग, आक्रामक बल्लेबाजी अंदाज और तेजी से रन बनाने की क्षमता के लिए पहचाने जाने वाले पंत ने कई महत्वपूर्ण मैचों में टीम इंडिया को जीत दिलाई है। ऋषभ पंत एक भयानक हादसे से भी गुजरे, लेकिन हर परिस्थिति में लड़ने की क्षमता उन्हें एक %योद्धा% बनाती है। 30 दिसंबर 2022... दिल्ली-देहरादून राजमार्ग पर ऋषभ पंत की तेज रफ्तार कार एक डिवाइडर से टकराकर पलट गई। पंत इस कार के अंदर ही थे। इसी बीच रजत कुमार और निशु कुमार नामक दो युवकों ने विंडस्क्रीन तोड़कर भारत के इस खिलाड़ी की जान बचाई। घटना इतनी भयावह थी कि हादसे के बाद कार में भीषण आग लग गई।

## धोनी और फारुख इंजीनियर के क्लब में शामिल हुए जुरेल

**अहमदाबाद।** वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे पहले टेस्ट के दूसरे दिन भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने शतक लगाया। जुरेल का यह पहला शतक है। इस शतक के साथ ही जुरेल ने भारतीय टीम के दो पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाजों एमएस धोनी और फारुख इंजीनियर की बराबरी की। ध्रुव जुरेल ने 190 गेंद पर अपने टेस्ट करियर का पहला शतक पूरा किया। जुरेल 210 गेंद पर 15 चौके और 3 छक्के की मदद से 125 रन बनाकर आउट हुए। जुरेल वेस्टइंडीज के खिलाफ भारतीय धरती पर शतक लगाने वाले तीसरे विकेटकीपर बल्लेबाज बने। जुरेल से पहले धोनी और फारुख इंजीनियर यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। पूर्व भारतीय कप्तान धोनी ने 2011 में कोलकाता टेस्ट के दौरान 144 रन बनाए थे, जबकि पूर्व विकेटकीपर इंजीनियर ने 1967 में चेन्नई टेस्ट के दौरान विंडीज के खिलाफ 109 रन बनाए थे। जुरेल टेस्ट क्रिकेट में शतक बनाने वाले 12वें भारतीय विकेटकीपर बन गए हैं और विंडीज के खिलाफ अपना पहला टेस्ट शतक बनाने वाले पांचवें विकेटकीपर हैं। ध्रुव जुरेल के अलावा रवींद्र जडेजा ने भी अपने टेस्ट करियर का छठा शतक लगाया। जडेजा 176 गेंद पर 104 रन बनाकर नाबाद हैं। जडेजा और जुरेल के बीच पांचवें विकेट के लिए 206 रन की अहम साझेदारी हुई। जडेजा और जुरेल से पहले सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने भी अपने करियर का 11वां शतक लगाया।

# बारिश से धुला ऑस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड के बीच दूसरा टी-20 मैच

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड-ऑस्ट्रेलिया के बीच शुक्रवार को माउंट माउंगानुई में दूसरा टी20 मुकाबला खेला जाना था, लेकिन यह मैच बारिश के चलते बेनतीजा रहा। दोनों देशों के बीच तीन मुकाबलों की इस सीरीज में फिलहाल ऑस्ट्रेलिया ने 1-0 से लीड बना रखी है। बे ओवल के मैदान पर बारिश के चलते मैच में 11-11 ओवरों की कटौती की गई। इस तरह दोनों ही टीमों के पास 9-9 ओवर बल्लेबाजी का मौका था।

न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। इस टीम में कप्तान माइकल ब्रेसवेल के साथ टिम सेफर्ट (विकेटकीपर), डेवोन कॉन्वे, टिम रॉबिन्सन, मार्क चैपमैन, डेरिल मिशेल, जेम्स नीशम, मैट हेनरी, बेन सियर्स, ईश सोढ़ी और जैकब डफी को प्लेइंग इलेवन में शामिल किया गया।



■ सीरीज में फिलहाल ऑस्ट्रेलिया ने 1-0 से लीड बना रखी है

दूसरी ओर, मिचेल मार्श की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया की प्लेइंग इलेवन में ट्रेविस हेड, मैथ्यू शॉर्ट, टिम डेविड, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), मार्कस स्टोइनिस, मिचेल ओवन, जेवियर बार्टलेट, सीन एबॉट, एडम जांपा और जोश हेजलवुड को स्थान दिया गया।

ऑस्ट्रेलियाई टीम बल्लेबाजी के लिए उतरी और दूसरे ओवर की दूसरी गेंद पर ही उसे ट्रेविस हेड के रूप में बड़ा झटका लगा। इस वक्त तक टीम के खाते में सिर्फ 6 ही रन जुड़े थे। हेड 3 गेंदों में 5 रन बनाकर पवेलियन लौटे। उनकी इस पारी में 1 चौका शामिल था। इसके बाद मैथ्यू शॉर्ट कप्तान मिचेल मार्श का साथ देने मैदान पर उतरे, लेकिन अभी टीम के खाते में यह जोड़ी 10 ही रन जोड़ सकी थी कि बारिश ने एक बार फिर दखल दे दी। इस वक्त तक मिचेल मार्श 8 गेंदों में 1 छक्के के साथ 9 रन बना चुके थे, जबकि मैथ्यू शॉर्ट ने 2 गेंदों में इतने ही रन अपने खाते में जोड़ लिए थे। कुछ देर इंतजार के बाद मैच को रद्द करने का फैसला लिया गया।

ऑस्ट्रेलियाई टीम सीरीज के पहले मैच को 6 विकेट से अपने नाम कर चुकी है। ऐसे में न्यूजीलैंड की टीम अंतिम मुकाबले को हर हाल में जीतकर सीरीज 1-1 से बराबरी पर खत्म करना चाहेगी। तीसरा मुकाबला 4 अक्टूबर को इसी मैदान पर खेला जाना है।

## रेस्ट ऑफ इंडिया सिर्फ 214 रन पर ऑलआउट

ईरानी कप

**नागपुर,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। विदर्भ ने रेस्ट ऑफ इंडिया को ईरानी कप मुकाबले की पहली पारी में महज 214 रन पर समेट दिया है। इसी के साथ विदर्भ के पास पहली पारी के आधार पर 128 रन की बढ़त शेष है। शुक्रवार को नागपुर में मुकाबले के तीसरे दिन का खेल जारी है। विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेले जा रहे मुकाबले में टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनते हुए विदर्भ ने पहली पारी में 342 रन बनाए। यह टीम 80 के स्कोर तक अपने 3 विकेट गंवा चुकी थी। यहां से सलामी बल्लेबाज अथर्व तायडे ने यश राठौड़ के साथ चौथे विकेट के लिए 184 रन जोड़ते हुए टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया।यश राठौड़ ने 153 गेंदों में 1 छक्के और 6 चौकों की मदद से 91 रन बनाए, जबकि अथर्व ने 283 गेंदों में 143 रन जुटाए। उनकी इस पारी में 1 छक्का और 15 चौके शामिल थे। विपक्षी खेमे से आकाश दीप और मानव सुथर ने 3-3 विकेट हासिल किए, जबकि सारांश जैन ने 2 विकेट चटकाए। इसके जवाब में रेस्ट ऑफ इंडिया पहली पारी में महज 69.5 ओवर ही खेल सकी।

# भारत ए महिला हॉकी टीम चीन दौरे पर पांच मैच खेलेंगी

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेसियां)। अनुभवी डिफेंडर मनीषा चौहान की अगुवाई में भारत ए महिला हॉकी टीम चीन दौरे पर 13 से 21 अक्टूबर तक लियाओनिंग के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला खेलेगी। ये सभी मैच डालियान के लियाओनिंग स्पोर्ट्स सेंटर में खेले जायेंगे और यह भारतीय महिला हॉकी प्रतिभाओं की अगली पीढ़ी के लिए बहुमूल्य अंतरराष्ट्रीय अनुभव और प्रतिस्पर्धी मैचों का अनुभव प्राप्त करने का एक महत्वपूर्ण कदम है।

भारतीय महिला हॉकी का यह कार्यक्रम उभरते हुए एथलीटों को अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों में अपनी क्षमता का परीक्षण करने और रैंक में आगे बढ़ने से पहले नई चुनौतियों के अनुकूल होने का एक मंच प्रदान करता है। भारतीय महिला हॉकी टीम के विश्लेषणात्मक कोच डेव स्मोलेनर्स ने इस अवसर के बारे में कहा कि हमने अपार संभावनाओं वाली एक मजबूत, युवा टीम तैयार की है। चीन में होने वाली यह श्रृंखला



खिलाड़ियों को अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करने, नए वातावरण में सीखने और मूल्यवान अंतरराष्ट्रीय अनुभव प्राप्त करने के लिए एक उत्कृष्ट मंच प्रदान करती है। मुझे विश्वास है कि अपने दृढ़ संकल्प और टीम वर्क के साथ, यह टीम इस शानदार अवसर का भरपूर लाभ उठाएगी।

उन्होंने कहा कि भारतीय महिला हॉकी के विकास के लिए यह महत्वपूर्ण है कि खिलाड़ियों को लगातार चुनौती दी जाए और उन्हें अपने सहज क्षेत्र से बाहर प्रतिस्पर्धा करने के अवसर दिए जाए। चीन में इस श्रृंखला से मिले सबक उनके समग्र विकास और उच्च दबाव वाली परिस्थितियों में उनके आत्मविश्वास में बहुत योगदान देंगे।

## फीफा ने विश्वकप 2026 की आधिकारिक मैच बॉल का किया अनावरण

**मास्को,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ (फीफा) ने विश्वकप 2026 के लिए 'अगले साल के मेजबान देशों की एकता और जुनून' दर्शाने वाले मैच बॉल का आधिकारिक अनावरण किया। इस अवसर फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने कहा कि फीफा विश्व कप 2026 के लिए आधिकारिक मैच बॉल आ गई है और यह बेहद खूबसूरत है। मुझे ट्रायोंडा को प्रस्तुत करते हुए खुशी और गर्व हो रहा है। एडिडास ने एक और प्रतिष्ठित फीफा विश्व कप बॉल बनाई है, जिसका डिजाइन अगले साल के मेजबान देशों कनाडा, मेक्सिको और अमेरिका की एकता और जुनून को दर्शाता है। इन्फेंटिनो ने कहा कि आगामी टूर्नामेंट 'अब तक का सबसे शानदार फीफा विश्व कप' होगा। इस बॉल के डिजाइन में लाल, हरे और नीले रंग का इस्तेमाल किया गया है, जो तीनों मेजबान देशों को सम्मान देता है। इस पर प्रत्येक मेजबान देश के प्रतीक चिन्ह अंकित हैं। कनाडा के लिए मेपल का पत्ता, मेक्सिको के लिए चील और अमेरिका के लिए तारा। ट्रायोंडा नाम का स्पेनिश में अर्थ 'तीन लहरें' है।

# इंग्लैंड की महिला टीम ने दक्षिण अफ्रीका को 10 विकेट से हराया

महिला विश्वकप

**गुवाहाटी,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। लिंसी स्मिथ (तीन विकेट) तथा सोफी एकल्सटन, नेट साइवर-ब्रंट और शार्लेट डीन (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद एमी जोंस (नाबाद 40) और टैमी बोमॉन्ट (नाबाद 21) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने शुक्रवार को महिला विश्वकप के चौथे मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 215 गेंदे शेष रहते 10 विकेट से हरा दिया। इंग्लैंड के लिए एमी जोंस और टैमी बोमॉन्ट की सलामी जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बिना कोई विकेट खोए 14.1 ओवर में 73 रन बनकर मुकाबला 10 विकेट से अपने नाम किया। एमी जोंस ने 50 गेंदों में छह चौके लगाते हुए नाबाद 40 रनों की पारी खेली। टैमी बोमॉन्ट ने 35 गेंदों में तीन चौकों की मदद से नाबाद 21



■ एमी जोंस और टैमी बोमॉन्ट की सलामी जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन किया

रन बनाये। उन्होंने 15वें ओवर की पहली गेंद पर चौका लगाकर अपनी टीम को जीत दिलाई। सात रन देकर चार विकेट लेने वाली लिंसी स्मिथ को 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया। इससे पहले आज यहां इंग्लैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे जूझती नजर आयी। दक्षिण अफ्रीका ने नियमित अंतराल पर अपने विकेट गंवाये और वह अच्छा स्कोर भी नहीं कर सके। दक्षिण अफ्रीका के लिए सिनालो जाफ्टा ने 36 गेंदों में तीन चौकों की मदद से सर्वाधिक 22 रन बनाये। शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। इंग्लैंड ने सधी हुई गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम को 20.4 ओवर में 69 रन के स्कोर पर ढ़ेर कर दिया। इंग्लैंड के लिए लिंसी स्मिथ ने चार ओवर में सात रन देकर तीन विकेट विकेट लिये। तथा सोफी एकल्सटन, नेट साइवर-ब्रंट और शार्लेट डीन को दो-दो विकेट मिले। लॉरेन बेल ने एक बल्लेबाज को आउट किया। यह महिला विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका दूसरा सबसे कम स्कोर है।

## सार संक्षेप

### शंघाई मास्टर्स : बेन शेल्टन की हार

**नई दिल्ली।** बेन शेल्टन को शंघाई मास्टर्स के दूसरे दौर में पूर्व विश्व नंबर 7 डेविड गॉफिन से 2-6, 4-6 से शिकस्त झेलनी पड़ी। शुक्रवार को शेल्टन एटीपी टूर फाइनल में अपनी उम्मीदों को मजबूत करने का मौका गंवा बैठे। शेल्टन को अगस्त में यूएस ओपन के तीसरे दौर में बाएं कंधे की चोट के कारण मुकाबले से हटना पड़ा था। इसके बाद वह पहली बार प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। थोड़ी धीमी गति से खेलते हुए बेन शेल्टन ने 22 अनफोर्स्ड एरर किए, जबकि गॉफिन ने 11 अनफोर्स्ड एरर किए। गॉफिन ने इसी साल की शुरुआत में मियामी में हुए एटीपी मास्टर्स 1` इवेंट में कार्लोस अल्काराज को शिकस्त दी थी। डेविड गॉफिन ने शेल्टन के खिलाफ खेले गए मुकाबले में तीनों ब्रेक प्वाइंट बचाते हुए छठी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी के खिलाफ एटीपी हेड-टू-हेड सीरीज में 2` की बढ़त बना ली। 34 वर्षीय गॉफिन दो बार शंघाई के क्वार्टरफाइनल में स्थान बना चुके हैं। अब रविवार को वह तीसरे दौर में गेब्रियल डायलो को चुनौती देंगे।

### पुणेरी ने दूसरी बार टाई ब्रेकर में बेंगलुरु बुल्स को हराया

**चेन्नई।** पुणेरी पलटन ने प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के 12वें सीजन में दूसरी बार टाई ब्रेकर में बेंगलुरु बुल्स को हरा दिया है। गुरुवार को यहां एसडीएटी मल्टी परपज इनडोर स्टेडियम में खेले गए सीजन के 59वें मैच में पुणेरी पलटन और बेंगलुरु बुल्स के बीच खेला गया सीजन का 59वां मैच में निर्धारित समय तक 29-29 से टाई रहा। इसके बाद पुणेरी पलटन ने टाई ब्रेकर में बेंगलुरु बुल्स को 6-4 से हरा दिया।
पुणेरी पलटन की 11 मैचों में यह आठवीं जीत है और टीम अह 16 अंक लेकर अंकतालिका में पहले नंबर पर पहुंच गई है। वहीं, बेंगलुरु बुल्स को 11 मैचों में छठी हार मिली है। इस सीजन में बेंगलुरु को तीसरी बार टाई ब्रेकर में मात खानी पड़ी है।
पुणेरी के लिए आदित्य ने सात और गुरदीप, कप्तान पंकज मोहिते और गौरव खत्री ने चार-चार अंक लिए। वहीं, बेंगलुरु के लिए आशीष मलिक और अलीरेजा मीरजैन ने छह-छह अंक अपने नाम किए।पुणेरी पलटन ने इस मुकाबले में बेहतरीन शुरुआत की और शुरुआती मिनटों में उसने खुद को बुल्स से आगे रखा। पुणेरी ने इसके बाद आठवें मिनट में ही बुल्स को ऑलआउट करके स्कोर को 1`-5 तक पहुंचा दिया।

### यू मुंबा ने लगाया जीत का 'छक्का', गुजरात जायंट्स को रौंदा

**चेन्नई।** बिहार के लाल संदीप कुमार के लगातार चौथे सुपर-1` की बदौलत यू मुंबा ने यहां एसडीएटी मल्टी परपज इनडोर स्टेडियम में खेले गए प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के 12वें सीजन के 6वें मैच में गुजरात जायंट्स को 4-25 से करारी शिकस्त दे दी।यू मुंबा 11 मैचों में छह जीत के बाद अब 12 अंक लेकर चौथे नंबर पर पहुंच गई है। वहीं, गुजरात जायंट्स को 1` मैचों में आठवीं हार मिली है और अब वो 12वें नंबर पर खिसक गई है।

# मनीष, कीर्तिवासन, वैष्णवी और आकांक्षा फाइनल में

फेनेस्टा ओपन राष्ट्रीय टेनिस चैम्पियनशिप

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। 30वीं फेनेस्टा ओपन राष्ट्रीय टेनिस चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जीत दर्ज करते हुए मनीष सुरेशकुमार और कीर्तिवासन सुरेश पुरुष एकल तथा वैष्णवी अदकर और आकांक्षा नितुरे ने महिला एकल वर्ग के फाइनल मुकाबले में जगह बना ली हैं।

आज यहां डीएलटीए कॉम्प्लेक्स में खेले गये सेमीफाइन में तमिलनाडु के मनीष सुरेशकुमार ने धीमी शुरुआत से उबरते हुए चौथी वरीयता प्राप्त पश्चिम बंगाल के इशाक इकबाल को 1-6, 6-1, 6-1 से हराया। इकबाल ने शुरुआती रैलियों पर नियंत्रण बनाए रखा और दो बार सर्विस तोड़कर पहला सेट अपने नाम कर लिया। मनीष ने बेसलाइन एक्सचेंज पर नियंत्रण रखते हुए जल्दी से तालमेल बिठाया। दूसरे सेट में शुरुआत में ही सर्विस तोड़ने के बाद, गति पूरी तरह से उनके पक्ष में हो गई और उन्होंने लगभग समान दो सेटों के साथ 6-1 से मैच अपने नाम कर लिया। दूसरे मैच में कीर्तिवासन सुरेश ने चार घंटे दस मिनट तक चले मैराथन मुकाबले में मैडविन कामथ को 7-6(3), 3-6, 6-4 से हराया। पहला सेट टाई-ब्रेकर तक गया, जहां कीर्तिवासन की कोर्ट के पीछे से लगातार की गई बढ़त निर्णायक साबित हुई। कामथ ने दूसरे सेट में भी जोरदार वापसी की, शुरुआत में ही सर्विस ब्रेक की और फिर मजबूती से पकड़ बनाकर मुकाबला बराबरी पर ला दिया।

# मीराबाई चानू ने में जीता रजत पदक

■ चानू ने स्नैच में 84 किग्रा उठाकर मजबूत शुरुआत की

**फोर्ड (नॉर्वे),** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय महिला भारोत्तलक मीराबाई चानू ने गुरुवार को आयोजित वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025 में महिलाओं की 48 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता।

आज यहां वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में चानू ने कुल 199 किग्रा (84 किग्रा स्नैच प्लस 115 किग्रा क्लीन एंड जर्क) वजन उठाकर ओवऑल रैंकिंग में दूसरा स्थान हासिल किया। चानू ने स्नैच में 84 किग्रा उठाकर मजबूत शुरुआत की। हालांकि, वह 87 किग्रा के दोनों प्रयासों में असफल रहीं। इसके बावजूद 84 किग्रा का प्रयास उन्हें स्नैच में कांस्य पदक दिलाने के लिए पर्याप्त रहा। क्लीन एंड जर्क में उन्होंने 109 किग्रा से शुरुआत की, फिर 112 किग्रा उठाया और अंत में 115 किग्रा सफलतापूर्वक पूरा किया।



वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंम्पियनशिप

इस प्रयास ने उन्हें क्लीन एंड जर्क और कुल मिलाकर रजत पदक दिलाया। उन्होंने 2022 के बाद यह पदक जीता हैं। पेरिस 2024 ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने के बाद यह उनकी दूसरी बड़ी प्रतियोगिता थी। मौजूदा विश्व चैंपियन दक्षिण कोरिया की री सॉन्ग-गुम ने 213 किग्रा (91 किग्रा प्लस 122 किग्रा) के साथ स्वर्ण पदक जीता। क्लीन एंड जर्क में 122 किग्रा नया विश्व रिकॉर्ड है। थाईलैंड की थान्याथॉन सुकचारोएन ने 198 किग्रा (88 किग्रा प्लस 110 किग्रा) उठाकर कांस्य पदक हासिल किया। चानू का वर्ल्ड चैंपियनशिप इतिहास शानदार रहा है। उन्होंने 2017 में एनाहाइम में 48 किग्रा वर्ग में 194 किग्रा (85 किग्रा स्नैच प्लस 109 किग्रा क्लीन एंड जर्क) उठाकर स्वर्ण जीता था। वह कर्णम मल्लेश्वरी के 1994 और 1995 में लगातार दो खिताबों के बाद भारत की पहली विश्व चैंपियन बनीं। 2022 की बोगोटा चैंपियनशिप में उन्होंने 49 किग्रा वर्ग में 200 किग्रा (87 किग्रा स्नैच प्लस 113 किग्रा क्लीन एंड जर्क) उठाकर रजत पदक हासिल किया था। 2023 में उन्होंने 49 किग्रा वर्ग में वजन मापा लेकिन चोट से बचाव के लिए प्रतियोगिता में लिफ्ट नहीं किया। यह भारत का वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में 18वां पदक है। अब तक भारत के खाते में कुल तीन स्वर्ण, 10 रजत और पांच कांस्य पदक आए हैं, जो सभी महिला खिलाड़ियों के नाम हैं। पिछले महीने, मीराबाई चानू ने अहमदाबाद में आयोजित कॉमनवेल्थ वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025 में स्वर्ण पदक जीतकर शानदार वापसी की थी।

## अमित पंघल और मंजू रानी अगले दौर में

**चेन्नई,** 3 अक्टूबर (एजेसियां)। एशियाई और राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता अमित पंघल (सेवा) ने गुरुवार को वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में पंजाब के स्पर्श कुमार पर 5-0 की शानदार जीत के साथ बीएफआई कप 2025 के एलीट पुरुष वर्ग के अगले दौर में प्रवेश किया। इस बीच, एलीट महिला वर्ग में पूर्व विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता मंजू रानी (रेलवे), साथ ही युवा विश्व चैंपियन अंकुशिता बोरो (असम) और अरुंधति चौधरी (सेवा) ने भी शानदार जीत दर्ज की। पुरुष वर्ग में, अमित की जीत ने सर्विसेज के लिए एक और शानदार प्रदर्शन का सूत्रपात किया। टीम के साथी एस विश्वनाथ (50 किग्रा) और प्रीत मलिक (65 किग्रा)-जो दोनों थाईलैंड में एशियाई अंडर-22 चैंपियनशिप की टीम का हिस्सा थे-ने 5-0 से शानदार जीत दर्ज करके बढ़त हासिल की। रेलवे के रवि कुमार (75 किग्रा) और तमिलनाडु के सी लुकास (50 किग्रा) ने दिन के मुख्य आकर्षणों में इजाफा किया।

# एरेल ने 10 बार की चैम्पियन अनुभवी चीनी स्टार को हराया

■ दोनों एथलीटों के बीच प्रतिस्पर्धा बहुत जोरदार थी

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिका की किशोरी एरेल मिडलटन ने शुक्रवार को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में जारी इंडियन ऑयल नई दिल्ली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में महिलाओं की शॉटपुट एफ64 स्पर्धा में अनुभवी चीनी स्टार याओ जुआन को हराकर स्वर्ण पदक जीता। आज यहां दोनों एथलीटों के बीच प्रतिस्पर्धा बहुत जोरदार थी और एरेल मिडलटन ने बिना समय गंवाए चुनौती पेश की। 12.38 मीटर के प्रयास से उन्होंने शुरुआती राउंड के बाद पोल पोजिशन बरकरार रखी। चीनी



इंडियन ऑयल नई दिल्ली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2025

दिग्गज ने सर्कल में अपनी दूसरी बार 12.42 मीटर थ्रो के साथ जवाब दिया और 12.82 मीटर के प्रयास के साथ बढ़त बढ़ा दी। 17 वर्षीय लंबी कद-काठी वाली एरेल मिडलटन हार मानने को तैयार नहीं थीं और उन्होंने अपनी चौथी बार 12.95 मीटर थ्रो करके स्वयं को पूरी तरह से तैयार कर लिया। उन्होंने 12.93 मीटर से अधिक की एक और बड़ी थ्रो फेंकी जिससे पता चला कि उनका पिछला प्रयास कोई क्षणिक सफलता नहीं थी। लगभग 25 साल पहले प्रतिस्पर्धा शुरू करने वाली और छह पैरालंपिक खेलों के स्वर्ण और 10 विश्व चैंपियनशिप खिताबों के साथ दबाव से निपटने में माहिर 44 वर्षीय याओ हुआन ने अपने अंतिम प्रयास में अपना सब कुछ झोंक देने से पहले दो प्रयास फाउल किए। इसका परिणाम सुबह का उनका दूसरा सर्वश्रेष्ठ थ्रो, 12.52 मीटर, रहा, जिससे अमेरिकी खिलाड़ी को स्वर्ण पदक मिला। एरेल मिडलटन की जीत ने अमेरिका को अधिक रजत पदकों के साथ तालिका में भारत से आगे निकलने में मदद की। वह चार स्वर्ण, छह रजत और छह कांस्य पदकों के साथ सातवें स्थान पर पहुंच गया, जबकि भारत के चार स्वर्ण, पांच रजत और दो कांस्य पदक हैं और वह आठवें स्थान पर खिसक गया है। भारत की पांचवें स्वर्ण पदक की उम्मीदें सिमरन पर टिकी हैं, जिन्होंने सेमीफ़ाइनल में 12.08 सेकंड के अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ महिलाओं की 100 मीटर टी12 फाइनल में आसानी से प्रवेश किया। उमर सैफी को अपना मार्गदर्शक बनाकर दौड़ते हुए, उन्होंने अपनी ऊर्जा को सही दिशा में निर्देशित किया और स्पेन की नागोर फोल्गाडो गार्सिया की कड़ी चुनौती को हराकर शुक्रवार शाम के फाइनल में जगह बनाई।

## भारत में बदलेगा 'ई-स्पोर्ट्स' इंडस्ट्री का सूरतेहाल, राष्ट्रीय स्तर पर मिलने जा रही मान्यता

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। इस माह ड्राफ्ट रूल्स जारी होने के साथ 'ई-स्पोर्ट्स' को आधिकारिक तौर पर राष्ट्रीय खेल के रूप में मान्यता मिलने जा रही है। यह मसौदा भारतीय ई-गेमिंग के परिदृश्य को हमेशा के लिए बदल सकता है। ई-स्पोर्ट्स को 'द प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग रूल्स 2025' के अंतर्गत लाकर अब विशेष रूप से युवा मामले और खेल मंत्रालय के तहत विनियमित किया जाएगा। यह व्यवस्था ई-स्पोर्ट्स को जुए के साथ होने वाले भ्रम और नियामक अव्यवस्था से बाहर निकालकरएक स्पष्ट पहचान देगी। इसके साथ ही, एक ऑनलाइन गेमिंग अथॉरिटी ईस्पोर्ट्स टाइटल्स को रजिस्टर करेगी। यह अथॉरिटी नियमों का पालन सुनिश्चित करेगी और शिकायतों का निपटारा करेगी। देखा जाए तो, अब ई-स्पोर्ट्स को वही प्रशासनिक ढांचा मिला है, जो क्रिकेट या हॉकी में देखने को मिलता है।अब ई-स्पोर्ट्स को कौशल-आधारित, प्रतिस्पर्धी गतिविधि के रूप में माना जाएगा, जो किसी फैंटेसी या किस्मत पर आधारित गेम से अलग है। यानी जुए से जुड़े टाइटल्स बाहर रहेंगे। वहीं, मान्यता प्राप्त ई-स्पोर्ट्स टाइटल्स को सरकारी संरक्षण, वित्तीय पोषण अवसर और आधिकारिक खेल आयोजनों के रूप में आयोजित किए जाने का अधिकार मिलेगा।

# अर्थ जगत

**अमेरिकी शुल्क की घोषणा से एमएसएमई पर बढ़ा खतरा**

**नई दिल्ली।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) पर 50 प्रतिशत अमेरिकी शुल्क की घोषणा से खतरा मंडराने लगा है। देश के कुल निर्यात में 45 प्रतिशत से अधिक योगदान करने वाले इस क्षेत्र के सामने बड़ी आफत आ खड़ी हुई है। एमएसएमई उद्योग संगठनों ने अमेरिकी कदम का बड़ा असर होने की चिंता जताई है और सरकार से तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है। इंडिया एसएमई फोरम के अध्यक्ष ने कहा कि शुल्क बढ़ने से सालाना 30 अरब डॉलर से अधिक का कारोबार खटाई में पड़ने की आशंका है।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टाटा स्टील | 3.40 प्रतिशत |
| पावर ग्रिड | 3.15 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 2.16 प्रतिशत |
| कोटक महिंद्रा बैंक | 1.84 प्रतिशत |
| एलएंडटी | 1.69 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टेक महिंद्रा | 1.11 प्रतिशत |
| मारूति सुजुकी | 1.06 प्रतिशत |
| अल्ट्राटेक सीमेंट | 0.85 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 0.53 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 0.51 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 1,10,260 |
| बिटुर | 88,730 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,29,600 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.85 | 90.26 |
| पौंड स्टर्लिंग | 105.22 | 122.04 |
| यूरो | 88.88 | 103.09 |
| चीन युआन | 8.4 | 13.63 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5700-5800 |
| दाल चना | 7906.25 |
| मसूर काली | 8172.79 |
| उड़द दाल | 10501.61 |
| मूंग दाल | 10155.41 |
| अरहर दाल | 10574.97 |

## पीपीपी परियोजनाओं की ओर बढ़ रहा निजी क्षेत्र का आकर्षण : सीतारमण

- वित्त मंत्री ने कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन का किया उद्घाटन
- कार्यक्रम में देश-विदेश के अर्थशास्त्री, विशेषज्ञ, नीति निर्माता व वैश्विक संगठनों के प्रतिनिधि ले रहे भाग



**इस समय पुरानी विश्व व्यवस्था के पैर की जमीन इतनी तेजी से खिसक रही है कि आगे क्या होगा, इसका सही अनुमान लगाना कठिन है : निर्मला सीतारमण, वित्त मंत्री**

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि पिछले पांच वर्षों से सरकार विकास परियोजनाओं के लिए पूंजीगत व्यय में लगातार बढोतरी कर रही है और अब निजी-सरकारी भागीदारी (पीपीपी) परियोजनाओं में निजी क्षेत्र का आकर्षण भी दिख रहा है।

श्रीमती सीतारमण यहां चौथे कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन (केईसी) का उद्घाटन भाषण देने के बाद एक सवाल का जवाब दे रही थीं। वित्त मंत्रालय के सहयोग से इंस्टिट्यूट ऑफ इकोनामिक ग्रोथ (आईईजी) द्वारा आयोजित 'गहन वैश्विक अनिश्चिताओं के दौर में समृद्धि' विषय पर तीन दिवसीय इस सम्मेलन में देश विदेश के अर्थशास्त्री, विशेषज्ञ, नीति निर्माता और वैश्विक संगठनों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। श्रीमती सीतारमण ने कहा कि इस समय पुरानी विश्व व्यवस्था के पैर की जमीन इतनी तेजी से खिसक रही है कि आगे क्या होगा, इसका सही अुमान लगाना कठिन है। पर उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था अपने बूते खड़ी है इसलिए इस दौर में भी इसका प्रदर्शन मजबूत है। उन्होंने सम्मेलन से ऐसे सुझाओं ओर सिफारिशों की उम्मीद की जिसमें ऐसी बहु ध्रुवीय व्यवस्था को मजबूत किया जा सके जो गलाकाट होड़ की जगह सहयोग को बढ़ाने वाली हो तथा भारत जैसा विकासशील देश नई विश्व व्यवस्था के आयाम तय करने में अपनी भूमिका भी निभा सकें।

उन्होंने अपने संबोधन के बाद एक सवाल के जबाब में कहा कि भारत सकल घरेलू उत्पाद ( जीडीपी ) का कितना प्रतिशत पूंजी निवेश पर खर्च करने का लक्ष्य रखता, इसके लिए वह कोई अंक प्रस्तुत करना ठीक नहीं मानती पर पिछले पांच साल से सरकारी पूंजीगत निवेश में लगातार वृद्धि हो रही है। सरकारी पूंजीगत निवेश में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है।

### घरेलू कारकों के चलते तेजी से बढ़ रही भारत की अर्थव्यवस्था : वित्त मंत्री

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि मौजूदा समय में वैश्विक परिस्थितियां अस्थिर बनी हुई हैं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कारोबार करने के नियमों को फिर से लिखा जा रहा है, लेकिन भारत मजबूत घरेलू अर्थव्यवस्था के चलते तेजी से वृद्धि कर रहा है। साथ ही, इससे देश के पास वैश्विक झटकों से निपटने की मजबूत क्षमता विकसित हो गई है। राजधानी में कौटिल्य इकोनॉमिक कॉन्क्लेव 2025 में बोलते हुए कहा कि हम एक ऐसे परिवर्तनशील वैश्विक परिदृश्य में हैं जो जीरो-सम एप्रोच जैसा है। भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत है और निरंतर विकसित हो रही है। उन्होंने कहा कि 2047 तक विकसित भारत बनने का मतलब यह नहीं है कि हम एक बंद अर्थव्यवस्था बन चाहते हैं। हमें विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए 8 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि दर हासिल करनी होगी। वित्त मंत्री ने कहा, आज के दौर में हम निष्क्रिय दर्शक बनकर नहीं रह सकते। हमें सक्रिय भागीदार बनना होगा। राष्ट्रों को नई मौद्रिक संरचना के बीच चुनाव करने होंगे। कोई भी राष्ट्र व्यवस्थागत बदलावों से खुद को अलग नहीं रख सकता, हमें उनसे जुड़ने के लिए तैयार रहना होगा। टैरिफ, प्रतिबंध और अलगाव की रणनीतियां आपूर्ति श्रृंखलाओं को नया रूप दे रही हैं। अंतरराष्ट्रीय संस्थानों को आज की वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करने की आवश्यकता है।

## आरबीआई की नई गाइडलाइंस आज से लागू



- बैंकों को एक दिन में ही क्लियर करना होगा चेक

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक की नई गाइडलाइंस के मुताबिक, 4 अक्टूबर से सभी बैंकों को एक दिन की अवधि में ही चेक क्लियर करना होगा। इससे चेक के जरिए भुगतान करना तीव्र और आसान हो जाएगा। मौजूदा समय में चेक को क्लियर होने में एक से दो दिन का समय लगता है।

एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक समेत कई बैंकों ने 4 अक्टूबर से एक ही दिन में चेक क्लियर होने की जानकारी अपने ग्राहकों को दी है। नई व्यवस्था के तहत 4 अक्टूबर से जमा किए गए चेक उसी दिन कुछ ही घंटों में क्लियर हो जाएंगे। दोनों बैंकों ने ग्राहकों से चेक बाउंस होने से बचने के लिए पर्याप्त बैलेंस रखने और देरी या अस्वीकृति से बचने के लिए सभी चेक विवरण सही-सही भरने का आग्रह किया है।

आरबीआई की ओर से दी गई जानकारी में बताया गया कि नए सिस्टम को दो चरणों में लागू किया जाएगा। पहला फेस 4 अक्टूबर, 2025 से 3 जनवरी, 2026 तक के लिए लागू होगा, जबकि दूसरा फेस 3 जनवरी के बाद से लागू होगा।

आरबीआई ने नए सिस्टम के काम करने के बारे में विस्तार के जानकारी देते हुए कहा कि इसमें एक सिंगल प्रेजेंटेशन सेशन होगा, जिसमें चेक को सुबह 10 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक पेश करना होगा। इसके तहत चेक प्राप्त करने वाली बैंक को चेक को स्कैन करके क्लिरिंग हाउस को भेजना होगा। इसके बाद क्लिरिंग हाउस की उस चेक की इमेज को राशि अदा करने वाले बैंक के पास भेजेगा।

## चावल मजबूत, गेहूं नरम, खाद्य तेल-दालों में घट-बढ़, चीनी के भाव टूटे



**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। घरेलू थोक जिंस बाजारों में शुक्रवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए जबकि गेहूं की कीमतों में मंदी रही। खाद्य तेलों और दालों के दाम में उतार-चढ़ाव देखा गया। चीनी का भाव भी टूट गया। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसंबर वायदा चार रिंगिट की बढ़त के साथ 4,442 रिंगिट प्रति टन रह गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.04 प्रतिशत की गिरावट के साथ 50.42 डॉलर के भाव बोला गया।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 49 रुपए बढ़कर 3,841.46 रुपए प्रति क्विंटल हो गई। गेहूं के भाव तीन रुपये घटकर 2,864.91 रुपए प्रति क्विंटल रहे। आटे की कीमत भी 36 रुपए गिर गई और यह 3,310.96 रुपए प्रति क्विंटल बिका। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। सरसों तेल की औसत कीमत 19 रुपए बढ़ गई। सूरजमुखी तेल 62 रुपए और मूंगफली तेल 120 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। वहीं, सोया तेल की कीमत 45 रुपए और पाम ऑयल की 79 रुपए प्रति क्विंटल घट गई। वनस्पति के दाम 21 रुपए प्रति क्विंटल टूटे।

## सरकार ने शुरू किए 55 कपास खरीद केंद्र



- 11 राज्यों के किसानों को मिलेगा लाभ

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। सरकार ने देश के 11 राज्यों में अब तक के सबसे अधिक 550 कपास खरीद केंद्रों को शुरू किया है। इन्हें भारत के कापस उत्पादन क्षेत्रों में स्थापित किया गया है, जिससे किसानों को पैदावार को बेचने में मुश्किल का सामना न करना पड़े।

क्षेत्रीय फसल की तैयारी के साथ खरीद को संरेखित करने के लिए, उत्तरी क्षेत्र (पंजाब, हरियाणा, राजस्थान) में 1 अक्टूबर से, मध्य क्षेत्र (गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, ओडिशा) में 15 अक्टूबर से और दक्षिणी क्षेत्र (तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु) में 21 अक्टूबर से कपास खरीद अभियान शुरू किया जाएगा। खरीफ कपास सीजन 2025-26 से पहले मजबूत तैयारी सुनिश्चित करने के लिए कपड़ा मंत्रालय की सचिव नीलम शमी राव ने सभी कपास उत्पादक राज्यों के प्रमुख अधिकारियों, भारतीय कपास निगम लिमिटेड (सीसीआई) और कपड़ा मंत्रालय के अधिकारियों के साथ समीक्षा की।

मंत्रालय ने कहा कि उनका हस्तक्षेप पारदर्शी, कुशल और किसान-केंद्रित खरीद तंत्र के प्रति मंत्रालय की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

लाखों किसानों के लिए कपास को एक महत्वपूर्ण क्षेत्र मानते हुए, मंत्रालय परेशानी मुक्त खरीद, समय पर भुगतान और डिजिटल समावेशन सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय रणनीति तैयार कर रहा है। कपास-किसान ऐप किसानों के स्व-पंजीकरण, 7-दिवसीय रोलिंग स्लॉट बुकिंग और रीयल-टाइम भुगतान ट्रैकिंग की सुविधा प्रदान करता है। सभी राज्यों को किसान पंजीकरण और उपयोग को अधिकतम करने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाने की सलाह दी गई। मंत्रालय के अनुसार किसानों को एमएसपी का लाभ उठाने के लिए 31 अक्टूबर तक ऐप पर पंजीकरण पूरा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। राज्य प्लेटफार्मों (आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, मध्य प्रदेश और हरियाणा) पर मौजूदा उपयोगकर्ताओं को मोबाइल ऐप पर अपने रिकॉर्ड सत्यापित करने की सलाह दी जाती है।

### सार संक्षेप

### ब्लैक बॉक्स ने की विंड रिवर के साथ साझेदारी की घोषणा

**मुंबई।** डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर सॉल्यूशन की प्रमुख कंपनी ब्लैक बॉक्स ने शुक्रवार को विंड रिवर के साथ एक ग्लोबल रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की। विंड रिवर की पहचान इंटेलिजेंट एज सॉफ्टवेयर में एक ग्लोबल लीडर के रूप में होती है। इस साझेदारी का उद्देश्य दुनिया भर के सभी उद्योगों को नेक्स्ट-जेनरेशन एज और क्लाउड सॉल्यूशन प्रदान करना है। इस ग्लोबल पार्टनरशिप के तहत, ब्लैक बॉक्स को भारत और मिडल-ईस्ट में विंड रिवर सॉल्यूशन देने का अधिकार मिला है। इस साझेदारी के साथ इन संभावित बाजारों में ब्लैक बॉक्स की लीडरशिप मजबूत होगी और कंपनी के लिए विकास के नए अवसर भी पेश होंगे। इसके अलावा, ब्लैक बॉक्स ने दुनिया भर के कई क्षेत्रों में एंड-यूजर कस्टमर से जुड़ने के लिए विंड रिवर के साथ एक अलग समझौता किया है, जिससे इस सहयोग की पहुंच और प्रभाव बढ़ेगा। इस साझेदारी से अगले पांच वर्षों में दुनिया भर से लगभग 135 करोड़ रुपए का राजस्व मिलने की उम्मीद है।

### विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 7.236 अरब डॉलर पर


**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 26 सितंबर को समाप्त सप्ताह में 2.334 अरब डॉलर घटकर 7.236 अरब डॉलर रह गया। हालांकि स्वर्ण भंडार लगातार पांचवें सप्ताह बढ़कर रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। यह लगातार दूसरा सप्ताह है, जब विदेशी मुद्रा के देश के भंडार में गिरावट दर्ज की गई है। इससे पहले, 19 सितंबर को समाप्त सप्ताह में 39.6 करोड़ डॉलर घटकर 72.57 अरब डॉलर रह गया था। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 26 सितंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.393 अरब डॉलर घटकर 581.757 अरब डॉलर पर आ गयी। इसी दौरान, स्वर्ण भंडार 2.238 अरब डॉलर बढ़कर 95.17 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो इसका अब तक का उच्चतम स्तर है। स्वर्ण भंडार लगातार पांचवें सप्ताह बढ़ा है।

### विकसित भारत के लिए आर्थिक वृद्धि तेज करनी होगी : सिंह

**नई दिल्ली।** आर्थिक विशेषज्ञ एवं पूर्व आईएएस एन.के. सिंह ने शुक्रवार को कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनने के लिए साल दर साल आठ प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि हासिल करनी होगी और पूंजीगत व्यय में और वृद्धि करनी होगी। श्री सिंह यहां चौथे कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन में बोल रहे थे जिसका उद्घाटन वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने किया। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में आर्थिक वृद्धि दर मजबूत नीतिगत आर्थिक सुधारों से सुधरी है। इसके साथ ही जनसंख्या वद्धि दर कम होने के मिले जुले लाभ से प्रतिव्यक्ति आय दो गुनी हो गई है। श्री सिंह 15वें वित्त आयोग के अध्यक्ष थे। उन्होंने विकसित भारत 247 का लक्ष्य हासिल करने के लिए पूंजीगत व्यय का स्तर बढ़ाने, मौद्रिक और राजकोषीय नीति के बीच तालमेल बिठाए रखने एवं अन्य उपायों पर जोर दिया।

## लिवाली की बदौलत शेयर बाजार गुलजार

- सेंसेक्स 0.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ 81,207.17 अंक पर
- निफ्टी 0.23 प्रतिशत ऊपर 24,894.25 अंक पर रहा
- ऑटो, रियलिटी व स्वास्थ्य को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में रहा लिवाली का जोर




**मुंबई,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 223.86 अंक (0.28 प्रतिशत) की बढ़त के साथ 81,207.17 अंक पर बंद हुआ।

लगभग पूरे दिन गिरावट के बाद अंतिम एक घंटे में लिवाली तेज होने से प्रमुख सूचकांकों में तेजी रही। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 57.95 अंक यानी 0.23 प्रतिशत ऊपर 24,894.25 अंक पर रहा।

पिछले कारोबारी दिवस पर एक अक्टूबर को सेंसेक्स 716 अंक उछल गया था। ऑटो, रियलिटी और स्वास्थ्य को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में लिवाली का जोर रहा। धातु और सार्वजनिक बैंकों के समूहों में सबसे अधिक तेजी रही। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, तेल एवं गैस, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, निजी बैंक और एफएमसीजी समूहों की कंपनियों में भी निवेशकों ने पैसा लगाया।


सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 15 के शेयर हरे निशान में और शेष 15 के लाल निशान में रहे। टाटा स्टील में सबसे अधिक 3.40 प्रतिशत की तेजी रही। पावर ग्रिड का शेयर 3.15 प्रतिशत, एक्सिस बैंक का 2.16 प्रतिशत, कोटक महिंद्रा बैंक का 1.84 प्रतिशत और एलएंडटी का 1.69 प्रतिशत चढ़ा। बीईएल का शेयर 1.49 फीसदी, भारती एयरटेल का 1.48 और टाइटन का 1.37 प्रतिशत की बढ़त में रहा। एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, भारतीय स्टेट बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और इंफोसिस के शेयर भी हरे निशान में रहे।

टेक महिंद्रा में सबसे अधिक 1.11 प्रतिशत और मारुति सुजुकी में 1.06 प्रतिशत की तेजी रही। अल्ट्राटेक सीमेंट, सनफार्मा और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में भी गिरावट रही। टीसीएस, रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईटीसी के शेयरों के शेयर भी टूट गए।

एनएसई में जिन 3,185 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 2,142 के शेयर बढ़त में और 960 के गिरावट में रहे जबकि 83 कंपनियों के शेयर दिनभर के उतार-चढ़ाव के बाद अपरिवर्त बंद हुए। मझौली और छोटी कंपनियों में अधिक तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.72 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 0.69 प्रतिशत चढ़ गया।

एशिया में शुरुआती कारोबार में हांगकांग का हैंगसेंग 0.54 प्रतिशत लुढ़क गया। जापान के निक्केई में 1.85 फीसदी और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.52 प्रतिशत की तेजी रही। यूरोपीय बाजारों में शुरुआदी कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.16 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.69 प्रतिशत चढ़ा।

## केंद्र ने टेक्सटाइल के लिए पीएलआई आवेदन का समय बढ़ाया



- अब अंतिम तिथि 31 दिसम्बर हुई

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। केंद्र ने उद्योग जगत के हितधारकों की उत्साहजनक प्रतिक्रिया को देखते हुए शुक्रवार को वस्त्र उद्योग के लिए पीएलआई योजना के तहत नए आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को इस वर्ष दिसंबर के अंत तक बढ़ाने का फैसला लिया है।

वस्त्र मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, आवेदन पोर्टल अब 31 दिसंबर, 2025 तक खुला रहेगा, जिससे संभावित निवेशकों को इस योजना में भाग लेने और लाभ उठाने का एक और अवसर मिलेगा।

यह समय सीमा बढ़ाने का निर्णय अगस्त 2025 में शुरू हुए लेटेस्ट इनविटेशन राउंड में मैन-मेड फाइबर (एमएमएफ) परिधान, एमएमएफ फैब्रिक और टेक्निकल टेक्सटाइल जैसे क्षेत्रों से बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त होने के बाद लिया गया है। इच्छुक आवेदक अपने प्रस्ताव आधिकारिक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से जमा कर सकते हैं।

बयान में कहा गया है कि एप्लीकेशन विंडो को फिर से ओपन करना पीएलआई योजना के तहत उद्योग की निरंतर निवेश क्षमता का सीधा प्रमाण है, जो घरेलू कपड़ा विनिर्माण में बढ़ती बाजार मांग और विश्वास को दर्शाता है।

एमएमएफ परिधान, एमएमएफ फैब्रिक और देश में टेक्निकल टेक्सटाइल उत्पादों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कपड़ा क्षेत्र को आकार और क्षमता प्रदान करने और प्रतिस्पर्धी बनाने के उद्देश्य से सितंबर 2021 में 10,683 करोड़ रुपए के आवंटन के साथ कपड़ा उद्योग के लिए पीएलआई योजना को मंजूरी दी गई थी। वित्त वर्ष 2024-25 में एमएमएफ निर्यात लगभग 525 करोड़ रुपए तक बढ़ गया।

## राष्ट्रीय राजमार्गों पर क्यूआर कोड वाले साइन बोर्ड लगाएगी सरकार



- यात्रियों को प्रोजेक्ट से संबंधित विशेष जानकारी व इमरजेंसी हेल्पलाइन नंबर मिल सकेंगे

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। राष्ट्रीय राजमार्ग उपयोगकर्ताओं को आवागमन में आसानी हो इसके लिए नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) राष्ट्रीय राजमार्गों के अलग-अलग हिस्सों में क्विक रिस्पॉन्स (क्यूआर) कोड के साथ प्रोजेक्ट जानकारी वाले साइन बोर्ड लगाएगी। यह जानकारी सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान में दी गई।

सरकार के इस कदम के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर यात्रा करने वाले यात्रियों को प्रोजेक्ट से संबंधित विशेष जानकारी और इमरजेंसी हेल्पलाइन नंबर मिल सकेंगे।

मंत्रालय के बयान के अनुसार, वर्टिकल क्यूआर कोड साइन बोर्ड पर प्रोजेक्ट से संबंधित जानकारी होगी, जिसमें राष्ट्रीय राजमार्ग का नंबर, हाईवे का चेनेज, प्रोजेक्ट की लंबाई, निर्माण और रखरखाव का समय, हाईवे पेट्रोलिंग, टोल मैनेजर, प्रोजेक्ट मैनेजर, रेजिडेंट इंजीनियर, इमरजेंसी हेल्पलाइन 1033, एनएचएआई फील्ड ऑफिस का कॉन्टैक्ट नंबर और आस-पास की सुविधाओं जैसे अस्पताल, पेट्रोल पंप, शौचालय, पुलिस स्टेशन, रेस्टोरेंट, टोल प्लाजा की दूरी, ट्रक के लिए पार्किंग, पंचर ठीक करने की दुकान और वाहन आदि की जानकारी होगी। इसके अलावा बेहतर विजिबिलिटी के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग उपयोगकर्ताओं की सुविधा के लिए क्यूआर कोड साइन बोर्ड को सड़क किनारे लगाए जाएंगे।

### एनसीएच को जीएसटी से जुड़ी 3,981 शिकायतें हुई प्राप्त

## दूध की कीमतों को लेकर अभी भी ग्राहक गलतफहमी के शिकार





- ताजा दूध पहले से ही जीएसटी के दायरे में नहीं आता

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। केंद्र सरकार के अनुसार, राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) को रिटेलर्स और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म द्वारा जीएसटी 2.0 लागू करने से जुड़ी शिकायतें मिल रही हैं, जिनमें से अधिकांश शिकायतें दूध की कीमतों से जुड़ी हैं। इसके बाद इलेक्ट्रॉनिक्स सामान, एलपीजी और पेट्रोल की कीमतों को लेकर शिकायतें प्राप्त की गई हैं।

उपभोक्ताओं की शिकायतें थीं कि उन्हें जीएसटी रेट कट के बाद भी ताजा दूध पुरानी कीमतों पर मिल रहा है। जबकि कीमतें कम होनी चाहिए थीं। इस पर सेंट्रल कंज्यूमर प्रोटेक्शन अथॉरिटी (सीसीपीए) ने उपभोक्ताओं की गलत धारणाओं को दूर करते हुए स्पष्ट किया कि ताजा दूध पहले से ही जीएसटी के दायरे में नहीं आता। जबकि, हाल के जीएसटी दर सुधार में अल्ट्रा-हाई टेम्परेचर (यूएचटी) दूध को भी जीएसटी से छूट दी गई है।

ई-कॉमर्स वेबसाइटों से खरीदे गए इलेक्ट्रॉनिक सामान से जुड़ी शिकायतों की भी भरमार थी। उपभोक्ताओं ने शिकायत की कि ऑनलाइन खरीदे गए लैपटॉप, रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन और अन्य कंज्यूमर ड्यूरेबल पर अभी भी सुधार से पहले की जीएसटी दरें लागू हैं और उन्हें टैक्स में कटौती का कोई लाभ नहीं मिल रहा है। इस पर सीसीपीए ने साफ किया कि जीएसटी सुधार के तहत टीवी, मॉनिटर, डिशवॉशिंग मशीन, एसी पर रेट 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। लैपटॉप, रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन जैसे सामान पर पहले से ही 18 प्रतिशत की दर से जीएसटी लगता है। एक अन्य शिकायत घरेलू एलपीजी सिलेंडर से जुड़ी थी। उपभोक्ताओं ने बताया कि सुधार के बाद एलपीजी के रेट्स कम नहीं हुए। इस पर सीसीपीए ने बताया कि घरेलू एलपीजी पर 5 प्रतिशत की जीएसटी दर लागू है, जिसे लेकर कोई बदलाव नहीं किया गया है।




प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक– राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन– 52158/91 फोन– 07752 422771